CV चौथी वाणी

BIHHIN/2021/85413

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# चौथी वाणी

एक अखबार, पूरा हिन्दुस्तान — पटना (बिहार) से प्रकाशित

वर्ष : 05 | अंक : 100 | शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 02 | ई मेल : chauthivanii@gmail.com | www.chauthivani.com



बिली जीन किंग कप: इंडोनेशिया से हारा भारत, कोरिया की जीत का सिलसिला जारी

## दिल्ली पहुंचे सीएम नीतीश, बोले-अब यहीं काम करूंगा

### आज राज्यसभा सदस्य की लेंगे शपथ

**चौथी वाणी/नई दिल्ली/पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरूवार को पटना से दिल्ली पहुंचे। नीतीश के साथ जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा मौजूद थे। इस दौरान नीतीश कुमार लंबे समय बाद मीडिया के सामने आए। राज्यसभा जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मैं शपथ लूंगा और अब यहीं रहूंगा। बहुत समय तक यहां (दिल्ली) काम किया है, अब फिर से यहीं काम करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि 20 सालों तक बिहार में बहुत काम किया है, आगे भी काम जारी रहेगा। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट संकेत दिए कि वे दिल्ली में सक्रिय रहेंगे, लेकिन पटना आना-जाना भी जारी रहेगा। जब उनसे बेटे निशांत कुमार को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इस बारे में हमारे पार्टी के नेता तय करेंगे। वहीं डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, दिल्ली में शुक्रवार को शपथ लेने के बाद नीतीश शनिवार को पटना वापस आएंगे। दिल्ली में वह पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करने वाले हैं। नीतीश कुमार बिहार में नई सरकार पर बात करेंगे।

**डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी गए दिल्ली**



## भाजपा कार्यालय के बाहर लगे सम्राट सरकार के पोस्टर फाड़े

**चौथी वाणी/पटना।** भाजपा कार्यालय के बाहर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को सीएम बनाने की मांग वाला पोस्टर लगा था। पोस्टर लगने के मात्र 1 घंटे बाद ही उसे फाड़ दिया गया। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें भाजपा कार्यालय में तैनात गार्ड एक पोस्टर को फाड़ कर हटा रहा है, जिसमें सम्राट चौधरी की तस्वीर लगी थी। इस पोस्टर में लिखा था कि वाल्मीकि समाज की यही पुकार, बिहार में हो सम्राट की सरकार। इस पोस्टर के पीछे पीएम मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पोस्टर लगा है। इस मामले में भाजपा प्रवक्ता दानिश इकबाल ने बताया कि भाजपा के किसी कार्यकर्ता ने ये पोस्टर नहीं लगाया था। हमें ये भी नहीं पता की पोस्टर में क्या था। इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। कौन क्या मांग कर रहा है, इससे फर्क नहीं पड़ता है। मुझे नहीं पता किन लोगों ने फाड़ा है किन लोगों ने लगाया है। दूसरी ओर प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि पोस्टर भाजपा कार्यालय के कर्मचारियों से फड़वाया गया है। भाजपा में कितनी अंतर कलह है ये सामने आ गई है। पोस्टर का फाड़ा जाना ये संकेत है कि हमको पिछड़ा वर्ग का नेतृत्व नहीं चाहिए। भाजपा ने सम्राट चौधरी को बता दिया कि आप डिप्टी सीएम हो या गृह मंत्री हो, पिछड़ा वर्ग की राजनीत करते हो, इसलिए आपको स्वीकार नहीं करते।

## बेतिया राज जमीन को अपने नियंत्रण में लेगी सरकार : विजय

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार सरकार अब बेतिया राज की संपत्तियों को लेकर सख्त कदम उठाने जा रही है। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि अब इन संपत्तियों का पूरा प्रबंधन कानूनी और पारदर्शी तरीके से होगा, ताकि अवैध कब्जों पर रोक लगे और सही लोगों को राहत मिल सके। सरकार ने बेतिया राज संपत्ति नियमावली 2026 का ड्राफ्ट तैयार किया है। यह 2024 में बने कानून को लागू करने के लिए लाया गया है। इसका मकसद है कि बेतिया राज की जितनी भी चल-अचल संपत्तियां हैं, चाहे बिहार में हों या राज्य के बाहर उन्हें सरकार अपने नियंत्रण में लेकर उनका सही इस्तेमाल कर सके। इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार सबसे पहले सभी संपत्तियों की सूची सार्वजनिक करेगी। इसके बाद लोगों को 60 दिनों का समय दिया जाएगा कि अगर उन्हें कोई आपत्ति है तो दर्ज करें। जिला स्तर पर इसके लिए विशेष अधिकारी नियुक्त होंगे, जिन्हें कोर्ट जैसी शक्तियां दी जाएंगी। ये अधिकारी अधिकतम 90 दिनों के अंदर मामलों का निपटारा करेंगे। अगर तय समय में कोई आपत्ति नहीं आती है या खारिज हो जाती है, तो जिला प्रशासन (समाहर्ता) सीधे जमीन का कब्जा ले लेगा। इसके बाद संपत्तियों को अलग-अलग श्रेणियों में बांटा जाएगा जैसे ऐतिहासिक संपत्ति, सरकारी उपयोग वाली जमीन, वैध पट्टाधारकों की जमीन और बिना कागज वाले कब्जे।

**पुराने कब्जाधारियों को राहत :** सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए 1 जनवरी 1986 को कट-ऑफ डेट तय किया है। जो लोग इस तारीख से पहले से जमीन या मकान पर कब्जे में हैं और उनके पास वैध दस्तावेज हैं, उन्हें राहत दी जाएगी। ऐसे लोगों को तय रकम देकर जमीन को अपने नाम यानी फुल मालिकाना हक में बदलने का मौका मिलेगा। यह लंबे समय से रह रहे लोगों के लिए बड़ी राहत है।

**बेतिया राज संपत्ति नियमावली 2026 का ड्राफ्ट तैयार**



### 1986 के बाद कब्जा करने वालों पर सख्ती

जो लोग 1 जनवरी 1986 के बाद जमीन पर कब्जा किए हैं, उनके खिलाफ सरकार सख्त रुख अपनाएगी। ऐसे भवनों को कब्जे में लिया जा सकता है और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अगर किसी के पास वैध कागज या लंबे समय का प्रमाण नहीं मिला, तो उसे अवैध कब्जाधारी मानते हुए हटाया जाएगा। सरकार का कहना है कि इस नियमावली के लागू होने से संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन होगा और उनका उपयोग विकास कार्यों में किया जा सकेगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और अवैध कब्जों पर भी लगाम लगेगी।

**कहां-कहां है बेतिया राज की जमीन :** बेतिया राज की जमीन बिहार के कई जिलों में फैली हुई है। सबसे ज्यादा जमीन पश्चिम चंपारण में है। इसके अलावा पूर्वी चंपारण, सारण, गोपालगंज, सिवान और पटना में भी इसकी संपत्तियां मौजूद हैं। कुल मिलाकर करीब 24,477 एकड़ जमीन इस दायरे में आती है, जो राज्य के लिए एक बड़ी संपत्ति मानी जाती है।

## युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के चौथे चरण में हो रही देरी को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती के चौथे चरण की प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी से लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन सरकार के 17 महीनों के कार्यकाल के दौरान उन्होंने विशेष पहल करते हुए शिक्षा विभाग को अपने दल के जिम्मे लिया था। उस दौरान युद्ध स्तर पर काम करते हुए शिक्षक भर्ती के पहले और दूसरे चरण के अंतर्गत निर्धारित समय सीमा के भीतर बिना किसी प्रश्न पत्र लीक और पूर्ण पारदर्शिता के साथ 2 लाख 20 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देकर उनकी सेवा प्रारंभ कराई गई। उन्होंने यह भी कहा कि तीसरे चरण की प्रक्रिया भी शुरू कराई गई थी, लेकिन सरकार बदलने के बाद जनवरी 2024 में प्रश्न पत्र लीक होने के कारण उसे रद्द करना पड़ा।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने चुनावी वर्ष में युवाओं से वादा किया था कि जल्द ही चौथे चरण की परीक्षा आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से यह घोषणा भी की गई थी कि विद्यालयों में रिक्त पदों की गणना कर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक न तो रिक्तियों की घोषणा हुई है और न ही परीक्षा की तिथि तय की गई है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग के कैलेंडर के अनुसार यह परीक्षा अगस्त 2024 तक आयोजित हो जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जानबूझकर परीक्षा में देरी की और बाद में इसे अक्टूबर 2025 तक टालने की बात कही, ताकि चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण परीक्षा फिर से टल जाए। उनके अनुसार, यही हुआ और अब तक अभ्यर्थी केवल इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने 17 महीनों में 5 लाख युवाओं को रोजगार दिलाया और 3 लाख 50 हजार से अधिक नौकरियों की प्रक्रिया शुरू कराई थी। उन्होंने अपील की कि कुर्सी की अदला-बदली में भाजपा-जदयू सरकार बिहार के लाखों युवाओं के हक-अधिकार, मांगों, आकांक्षाओं, उम्मीदों और सपनों का कत्ल ना करे।



**टीआरई-4 में देरी पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाया सवाल**

**पूर्व उपमुख्यमंत्री ने गिनाई अपने कार्यकाल की उपलब्धियां**

## बिहार के डेयरी विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी : मंत्री



**चौथी वाणी/पटना।** बिहार के डेयरी क्षेत्र को वैश्विक पहचान दिलाने और किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। बिहार डेयरी ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट के तहत डेयरी निदेशालय और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के बीच प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन पार्टनरशिप की औपचारिक शुरूआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मत्स्य, डेयरी एवं पशु संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि डेयरी निदेशालय और सीआईआई के बीच यह रणनीतिक साझेदारी बिहार के डेयरी विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसका मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री के सात निश्चय के तहत बिहार डेयरी परिवर्तन पहल को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि टिकाऊ डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देना और बाजार आधारित विकास सुनिश्चित करना है ताकि किसानों की आय में वास्तविक बढ़ोतरी हो सके। मंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाला दिन बिहार का होगा। हम ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं, जिससे बिहार में बने दूध के उत्पाद दुनिया भर के बाजारों में अपनी जगह बनाएंगे। साथ ही दूध उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित कर बिहार को डेयरी क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। वहीं विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने बताया कि राज्य के 24,248 गांवों में डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाई जाएगी और 8,053 पंचायतों में सुधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बिहार का डेयरी नेटवर्क मुख्य रूप से पूर्वोत्तर भारत और झारखंड तक सीमित है। इसे विस्तारित कर पूर्वी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बाजारों तक पहुंचाया जाएगा।

**डेयरी निदेशालय और सीआईआई के बीच रणनीतिक साझेदारी**

## संक्षिप्त खबरें

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हथियार डीलर संजय भंडारी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय की जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में भगोड़ा घोषित करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 21 अगस्त, 2025 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने संजय भंडारी की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि ट्रायल कोर्ट ने पाया था कि 655 करोड़ की संपत्ति अर्जित की गई थी। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा था कि संजय भंडारी को ट्रायल कोर्ट ने जुलाई 2025 में भगोड़ा घोषित किया था।

### मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर लगी आग पर काबू पाया गया

**मुंबइ।** मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर आग लगने की खबर सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर आग लगने की एक छोटी सी घटना सामने आई। शाम करीब 6:10 बजे टर्मिनल-1 पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। हवाई अड्डा अधिकारियों की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों ने तेजी से कार्रवाई की और कुछ ही मिनटों में स्थिति को नियंत्रण में कर लिया।

### मध्य प्रदेशः सड़क हादसे में दो पुलिसकर्मी घायल एक की हालत गंभीर

**उमरिया।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में भरौला गांव के पास नेशनल हाईवे-43 पर गुरुवार को हुए सड़क हादसे में टाउन इंस्पेक्टर समेत दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा देर शाम उस समय हुआ, जब पुलिस की गाड़ी सामने से आ रही एक यात्री बस से टकरा गई। घायल अधिकारी की पहचान चंदिया थाना प्रभारी जोधन सिंह परस्ते के रूप में हुई है, जो हादसे के समय ड्यूटी पर थे। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब पुलिस वाहन की कटनी जिले से आ रही बस से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टाउन इंस्पेक्टर परस्ते को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें तुरंत उमरिया जिला अस्पताल ले जाया गया।

## असम, केरल और पुडुचेरी में 50 वर्षों में मतदान का नया रिकॉर्ड, वैश्विक लोकतंत्र की नई मिसाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों में असम, केरल और पुडुचेरी ने मतदान प्रतिशत के मामले में नई मिसाल कायम की है। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के मुताबिक, असम और पुडुचेरी में अब तक का सर्वाधिक मतदान दर्ज किया गया, जबकि केरल में भी मजबूत और संतुलित भागीदारी देखने को मिली। यह रुझान चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं के बढ़ते विश्वास को दशार्ता है। पिछले 50 वर्षों में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत यह दशार्ता है कि मतदाता अब न केवल जागरूक हैं, बल्कि वे चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष मानते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, ह्लअसम, केरल और पुडुचेरी के ये चुनाव न केवल भारत बल्कि पूरे लोकतांत्रिक विश्व के लिए एक मिसाल हैं। मैं सभी मतदाताओं को इस ऐतिहासिक भागीदारी के लिए बधाई देता हूं। चुनाव का पर्व, मतदाता का गर्व।चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मतदाता सूची की पारदर्शी तैयारी और चुनावों के निष्पक्ष संचालन में जनता का भरोसा लगातार बढ़ा है। यही वजह है कि रिकॉर्ड मतदान देखने को मिल रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, असम में कुल 85.38 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2016 के 84.67 प्रतिशत के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है।

## ठेला दुकानदार ने पिकअप ड्राइवर का सिर धड़ से किया अलग



**चौथी वाणी/अररिया।** बिहार में फारबिसगंज थाना क्षेत्र के कृषि उत्पादन बाजार समिति (विघटित) गेट संख्या दो के पास ठेला दुकानदार प्रतिदिन ठेला लगाकर सत्तू और अनानास बिक्री करने का काम करता था। इस दौरान किसी विवाद पर ठेला दुकानदार ने पिकअप ड्राइवर की गला रेतकर हत्या कर दी। पिकअप ड्राइवर का धड़ को सर से अलग कर दिया। जिसके बाद भीड़ ने पुलिस कस्टडी से आरोपी ठेला दुकानदार को छीनकर पीट पीटकर मार डाला। ठेला दुकानदार फारबिसगंज थाना क्षेत्र के ही चौहान टोला वार्ड संख्या चार का रहने वाला रवि चौहान पिता भीम चौहान था। जबकि ड्राइवर जोगबनी नगर परिषद क्षेत्र के अमौना वार्ड संख्या 21 नबी हुसैन, पिता मो. मुद्दीन था। घटना की सूचना मिलने के बाद आईजी विवेकानंद, एसपी जितेन्द्र कुमार, सदर एसडीपीओ सुशील कुमार, फारबिसगंज एसडीएम अभय कुमार तिवारी समेत भारी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं घटना के बाद पुलिस प्रशासन और अवैध ऑटो स्टैंड के सवाल पर आक्रोशित लोगों ने कृषि उत्पादन बाजार समिति (विघटित) के दरवाजे के साथ ही सुभाष चौक समेत अन्य स्थानों पर सड़क जाम कर दिया और आगजनी कर प्रदर्शन करते रहे। आक्रोशित लोगों ने अनुमंडलीय अस्पताल और बाजार में वाहनों के साथ एम्बुलेंस में तोड़फोड़ की। जिसको लेकर आईएमए की फारबिसगंज शाखा ने देर शाम बैठक कर कल से हड़ताल पर जाने का आह्वान कर दिया।

घटना को लेकर एसपी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि फारबिसगंज मार्केटिंग यार्ड के पास घटित घटना पर दुख जताया। उन्होंने बताया कि घटना में प्रयुक्त चाकू की पुलिस ने बरामदगी कर ली है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है। विधि व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है।

**भीड़ ने दुकानदार को पीटकर मार डाला**

**फारबिसगंज में बाजार समिति गेट संख्या दो के पास हुई वारदात**

**लोगों ने किया सड़क जाम व आगजनी, डॉक्टर गए हड़ताल पर**

### राजस्थानः जल जीवन मिशन घोटाले में पूर्व आईएएस अधिकारी गिरफ्तार

**जयपुर(एजेंसी)।** राजस्थान में जल जीवन मिशन घोटाले के मामले में फरार चल रहे पूर्व आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल को एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी की टीम सुबोध अग्रवाल को दिल्ली से जयपुर लेकर आई, जहां एसीबी मुख्यालय में डीआईजी ओम प्रकाश मीणा ने उनसे पूछताछ की। इससे पहले जल जीवन मिशन घोटाले में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जा चुका था।

## आवश्यकता

**चौथी वाणी के लिए मुजफ्फरपुर, अरवल, किशनगंज, गया, खगड़िया, भागलपुर एवं अन्य जिलों में जिला ब्यूरो प्रभारी की आवश्यकता हैं**

**इच्छुक पत्रकार Chauthivanii@gmail.com पर अपना पूरा डक्यूमेंट के साथ संपर्क करें।**

ज्योति प्रकाश भवन, जकरियापुर एसएफसी कॉलोनी, जीरो माइल गंगा पेट्रोल पंप के नजदीक, पटना

**संपर्क : 9835055017/7004145686**

# खड़गे के खिलाफ सीएम सरमा की अभद्र भाषा के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**चौथी वाणी/पटना।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विरुद्ध इस्तेमाल की गई अभद्र और आपत्तिजनक भाषा के विरोध में गुरूवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम गेट के सामने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला दहन किया।

इस अवसर पर राजेश राम ने कहा कि खड़गे साहब देश के एक वरिष्ठ, सम्मानित और लोकप्रिय दलित नेता हैं। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है। ऐसे वरिष्ठ नेता के विरुद्ध



### सार्वजनिक रूप से माफी मांगे

असम के मुख्यमंत्री द्वारा इस्तेमाल की गई घटिया और अभद्र भाषा अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। सीएम सरमा तत्काल सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस विधायक दल के पूर्व नेता डॉ. शकील अहमद खान, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव पूनम पासवान, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, पूर्व विधायक विजेन्द्र चौधरी, प्रवीण सिंह कुशवाहा, ऋषि मिश्रा, असितनाथ तिवारी, कुमार आशीष, ज्ञान रंजन, चन्द्र प्रकाश सिंह, मनोज शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री से डॉ. एलबी सिंह को एमएलसी बनाने की मांग

**चौथी वाणी/पटना।** इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष मंजय कुमार और



उनके सहयोगी जूही कुमारी ने बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी से मुलाकात कर उनसे अपील की है कि समाजसेवी डॉ एलबी. सिंह को बिहार विधान परिषद सदस्य बनाया जाए। डॉ. सिंह ऐसे व्यक्ति हैं, जो लाखों दिलों में अपनी पहचान बना हुए हैं। वे राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित होकर बिहार का नाम रोशन कर एक मिसाल कायम किया हैं। इतना ही नहीं, कहीं पर भी आपातकालीन घटना घटती है तो अपने स्तर से लोगों को हरसंभव मदद करते हैं। ऐसे समाजसेवी को बिहार विधान परिषद में जगह दिया जाए।

### एमरॉन ने 5 हजार मैकेनिक को जोड़ा

**चौथी वाणी/पटना।** एमरॉन ने अपने बॉस मैकेनिक कार्यक्रम के जरिए देश भर के 5,000 से अधिक मैकेनिक को जोड़ा है, जिससे देश के वाहन सेवा परितंत्र के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता और दृढ़ हुई है। कंपनी इस पहल को आगे बढ़ाते हुए आगामी सत्रों में इस कार्यक्रम का विस्तार कर देश भर के 25,000 मैकेनिक तक पहुंच बनाने की योजना बना रही है। मुख्य व्यवसाय अधिकारी चंद्रशेखर राधाकृष्णन ने कहा कि एमरॉन ने अपने ब्रांड को सिर्फ अपने उत्पादों के जरिए ही नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर, विशेष रूप से मैकेनिक समुदाय के साथ मजबूत रिश्तों के आधार पर तैयार किया है।

### जमालपुर में खुला ई-मेडिक्स का स्टोर

**चौथी वाणी/पटना।** मुंगेर जिले के जमालपुर स्थित सदर बाजार में ई-मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी के नये स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि रेखा देवी ने किया। फ्रेंचाइजी ओनर अनीश कुमार ने बताया कि इस स्टोर के माध्यम से स्थानीय लोगों को ब्रांडेड और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उचित दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे उन्हें बेहतर और भरोसेमंद सेवा मिल सके। इस मौके पर ई-मेडिक्स की ओर से जनरल मैनेजर वकार सिद्दीकी, ऑपरेशंस मैनेजर अमनदीप भारद्वाज के साथ विशाल कुमार एवं आकाश कुमार उपस्थित रहे। श्री सिद्दीकी ने कहा कि ई-मेडिक्स का उद्देश्य लोगों को सुलभ, पारदर्शी और किफायती दवा सेवा प्रदान करना है।

### केडीएएच ने स्थापित किया नया कीर्तिमान

**चौथी वाणी/पटना।** कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल (केडीएएच) ने वैश्विक चिकित्सा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विस्मयकारी मिसाल पेश करते हुए डॉ. टी. बी. युवराजा ने मुंबई में बैठकर मस्कट (ओमान) के मेडिकल सिटी अस्पताल में भर्ती एक 55 वर्षीय महिला की सफल रोबोटिक रेडिकल नेफरेक्टोमी (किडनी निकालने की जटिल सर्जरी) संपन्न की। अत्याधुनिक मेडबॉट तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम के जरिए अंजाम दी गई यह ऐतिहासिक प्रक्रिया भारत की पहली क्रॉस-बॉर्डर रिमोट रोबोटिक सर्जरी मानी जा रही है।

### बाबरी फिरकी स्ट्रींग एक्जीबिशन आज से

**चौथी वाणी/पटना।** बाबरी फिरकी स्ट्रींग एक्जीबिशन पहली बार होटल मौर्या में 10 और 11 अप्रैल को आयोजित होने जा रहा है। यह एक्सक्लूसिव एग्जीबिशन देशभर से चुनिंदा ब्रांड्स को एक ही छत के नीचे लेकर आ रहा है, जो शॉपिंग और फैशन प्रेमियों के लिए एक अनोखा अनुभव होगा। इस एग्जीबिशन में लेटेस्ट कलेक्शन्स के साथ ज्वेलरी के लिए भी खास आकर्षण होगा। चेतन ज्वेल्स अपनी रीयल ज्वेलरी के साथ, डजल बाय कीर्ति लैब ग्राउन ज्वेलरी में और उर्वशी कलेक्शन, शेल्वी, सुरम्य अपनी कंटेंपररी ज्वेलरी प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा खूबसूरत साड़ियों के लिए पीएसी इंडिया, बच्चों के लिए किड्स वेयर में चैंप्स क्लोजर और तोड़ले डूडल भी उपलब्ध रहेंगे।

### ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर 9 राज्यों में 1 करोड़ की ठगी

**बेऊर के शिवनगर इलाके से 3 साइबर अपराधी गिरफ्तार**

**चौथी वाणी/पटना।** पटना पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। इन पर देश के 9 राज्यों में ऑनलाइन लोन के नाम पर 1 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोप है। गिरफ्तारी राजधानी के बेऊर थाना क्षेत्र स्थित शिवनगर इलाके से हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बेऊर के शिवनगर स्थित ममता कुंज अपार्टमेंट में कुछ युवक संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं। सूचना के सत्यापन के बाद साइबर डीएसपी नीतीश चंद्र धारियां के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम का गठन किया गया। बुधवार रात करीब 8 बजे टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस ने 11 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप भी बरामद किया है, जिनका इस्तेमाल ठगी के लिए किया जाता था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि ये साइबर अपराधी एपीके फाइल और धानी जैसे ऐप्स के जरिए लोगों को आसान लोन दिलाने का झांसा देते थे। इसके बाद वे प्रोसेसिंग फीस, सिक्योरिटी डिपॉजिट और अन्य शुल्क के नाम पर पैसे ऐंठ लेते थे। साइबर डीएसपी नीतीश चंद्र धारियां ने बताया कि इस गिरोह के खिलाफ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और केरल समेत 9 राज्यों में मामले दर्ज हैं। आरोपी अलग-अलग राज्यों के लोगों को निशाना बनाते थे ताकि आसानी से पकड़ में न आएं। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी नवादा जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया, गिरोह का मास्टरमाइंड गुलशन कुमार है, जो पूरे ऑपरेशन को संचालित करता था। उसके साथ दो अन्य सहयोगी भी इस ठगी के धंधे में शामिल थे। पुलिस बरामद मोबाइल और लैपटॉप की फॉरेंसिक जांच कर रही है, ताकि और भी ठगी के मामलों का खुलासा किया जा सके।

### पटना साइंस कॉलेज एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर हुआ एमओयू

**पटना (चौथी वाणी)** पटना - नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पटना विश्वविद्यालय के पटना साइंस कॉलेज पटना एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर एमओयू हुआ है । मौके पर उपस्थित कॉलेज के प्राचर्या डॉ प्रो अलका ने कहा कि नई शिक्षा नीति में छात्र छात्राओं के लिए इंटर्नशिप बहुत ही लाभकारी सावित हो रहा है । इससे छात्र छात्राओं को सर्वांगीण विकास में काफी मददगार है । छात्र छात्राओं को किताब के साथ साथ चरित्र निर्माण, जीवन कौशल पर विशेष बल दिया जा रहा है । कॉलेज के छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा । इंटर्नशिप से छात्र छात्राओं के बहुमुखी विकाश हो रहा है । व्यवहारिक शिक्षा जीवन मे महत्वपूर्ण है । वही प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि इंटर्नशिप छात्र छात्राओं के हित मे उठाया गया बहुत बड़ा कदम है । फाउंडेशन डिजाइन फॉर चेंज, युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, जलवायु परिवर्तन, सायबर सुरक्षा, आपदा प्रवंधन , एनजीओ मैनेजमेंट के विषय पर 30 एवं 60 से लेकर 120 घँटा का इंटर्नशिप कराया जा रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निणर्य लिया है और सभी छात्र छात्राओं के लिए इसे अनिवार्य कर उन्हें सक्षम बनाया जा रहा है । फाउंडेशन अपने इंटर्न को मेधा के आधार पर देश विदेश में एक्सपोजर विजिट के लिए भेजता ।मौके पर फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सन्नी कुमार मौजूद रहे ।



## ओसम डेयरी मुजफ्फरपुर में 85 करोड़ की लागत से लगाएगी इकाई

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से गति पकड़ रहा है, जहां नए निवेश सीधे तौर पर बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों में परिवर्तित हो रहे हैं। उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल के निदेर्शानुसार परियोजना स्वीकृति समिति (पीसीसी) के हालिया निर्णय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। बिहार के कृषि-आधारित औद्योगिक क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ओसम डेयरी (एचआर फूड प्रोसेसिंग प्रा. लि.) मुजफ्फरपुर में 85.03 करोड़ रूपए के निवेश से एक आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण इकाई स्थापित करेगी। इस परियोजना से करीब 227 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। परियोजना को पीसीसी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है तथा बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार द्वारा मोतीपुर क्लस्टर के डुमरिया औद्योगिक क्षेत्र में 7.14 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। प्रस्तावित इकाई में दूध, दही, पनीर, लस्सी, मक्खन, घी, फ्लेवर्ड मिल्क तथा दूध से बने मिठाई उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। यह पहल डेयरी क्षेत्र में वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**200 से अधिक रोजगार होंगे सृजित**

इस अवसर पर उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार कृषि-आधारित एवं फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो रोजगार सृजन के साथ-साथ किसानों से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करते हैं। यह परियोजना डेयरी वैल्यू चेन को सुदृढ़ करने और बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## बिहार का पहला लैपटॉप मैन्युफैक्चरिंग स्टार्टअप लांच

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार के औद्योगिक इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग स्टार्टअप आईकान स्पाईरल इलेक्ट्रोनिक्स ने अपने स्वदेशी रूप से असेंबल किए गए लैपटॉप, ऑल-इन-वन पीसी, टैबलेट और मिनी पीसी की श्रृंखला लांच की। कंपनी की स्थापना अनामिका सिंह और अनुपम सिंह द्वारा की गई है, जिनकी जड़ें भागलपुर से जुड़ी हैं।

यह पहल बिहार में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक शुरूआती संगठित प्रयासों में से एक है, जो राज्य को उपभोग-आधारित अर्थव्यवस्था से उत्पादन-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में योगदान दे रही है। इस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन पूर्व




उद्योग मंत्री नीतिश मिश्रा के द्वारा किया गया। कंपनी बीआईएस प्रमाणित और जेम रेडी है, जिससे यह सरकारी, संस्थागत और कॉपोर्रेट खरीद आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार है। आईकान स्पाईरल इलेक्ट्रोनिक्स देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ किफायती और विश्वसनीय कंप्यूटिंग समाधान उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखता है।

## ईआरपीसी अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रिड संचालन की दक्षता और सुरक्षा पर चर्चा

**चौथी वाणी/पटना।** पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत समिति (ईआरपीसी) के सदस्य सचिव ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईआरपीसी के अध्यक्ष एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह के समक्ष प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पूर्वी क्षेत्रीय ग्रिड के सुरक्षित, समन्वित और कुशल संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के अनुरूप ग्रिड अनुशासन और संचालन दक्षता सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया गया। ईआरपीसी 2023 के अनुसार, समिति द्वारा ग्रिड अनुशासन, सुरक्षा प्रोटोकॉल, सिस्टम अध्ययन और साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही नियमित सुरक्षा ऑडिट, सिस्टम अध्ययन और ट्रायल रन प्रक्रियाओं के माध्यम से ग्रिड की विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा रही है।

अध्यक्ष-सह-सीएमडी, बीएसपीएचसीएल ने कहा कि ईआरपीसी पूर्वी क्षेत्र में विद्युत प्रणाली के विश्वसनीय और सुरक्षित संचालन के लिए निरंतर कार्यरत है और सभी संबंधित एजेंसियों के सहयोग से ग्रिड की दक्षता को और सुदृढ़ किया जा रहा है। सदस्य सचिव ईआरपीसी ने विश्वास व्यक्त किया कि मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत प्रणाली और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनेगी। बैठक में राहुल कुमार, प्रबंध निदेशक, बीएसपीटीसीएल/एनबीपीडीसीएल तथा अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर : मंगल पांडेय

**चौथी वाणी/पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से ग्रामीण स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा प्रखंड स्तर पर मासिक समन्वयात्मक समीक्षा बैठक आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी, समस्याओं की पहचान और सुधारात्मक कदम सुनिश्चित करना है।

**मासिक समीक्षा बैठक के लिए बनी कार्ययोजना**

श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में संचालित 14,600 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के बेहतर संचालन हेतु प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने की योजना है, जिसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं एएनएम की उपस्थिति अनिवार्य होगी। बैठक में समग्र रैंकिंग संकेतकों के आधार पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी, जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल एवं स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के तहत बाह्य रोगी सेवाएं , टेली-परामर्श, वेलनेस गतिविधियां, दवा एवं जांच की उपलब्धता तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़े मानकों का आकलन किया जाएगा।

श्री पांडेय ने कहा कि प्रत्येक बैठक के बाद उसकी कार्यवाही (बैठक विवरण) तैयार कर साझा की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। यह योजना स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार की जोड़ी हो गई हिट : राजद

**चौथी वाणी/पटना।** राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद एवं अरुण कुमार यादव के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार की जोड़ी हिट हो गई। अपराध और भ्रष्टाचार को सत्ता में बैठे हुए लोगों के द्वारा बढ़ावा और संरक्षण दिया जा रहा है, ये स्पष्ट रूप से सामने आ गया है। शक्ति यादव ने आगे कहा कि जहां एक ओर पुलिस मुख्यालय के द्वारा 31 मार्च 2026 को निलंबित किए गए डीएसपी गौतम कुमार को पुलिस मुख्यालय में 1 अप्रैल को योगदान देने की सूचना दी गई। यह वही रसूखदार व्यक्ति हैं, जो अपनी सरकारी सेवा के दौरान चार-पांच जिलों में रहकर भ्रष्टाचार और लूट किया है। ये अपने सेवा के दौरान पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, बेतिया और बगहा जिलों में कार्यरत रहे। आखिर क्या कारण है कि इन्हें पुणः निलंबन के दौरान भी 7 अप्रैल से बेतिया डीआईजी कार्यालय में अटैच कर दिया गया, जबकि यह उसी प्रक्षेत्र में भ्रष्टाचार और लूट किए गए थे।

उन्होंने आगे कहा कि बिहार में समानांतर अर्थव्यवस्था सरकार में बैठे हुए लोगों के माध्यम से चल रहा है। जिस कारण शराब माफिया के द्वारा समानांतर व्यवस्था स्थापित कर दिया गया है और उसमें सरकार में बैठे हुए लोगों की भूमिका है। कहा कि बिहार में तीन सी से कंप्रोमाइज करने वाली सरकार चल रही है, जिसके कारण क्राइम, करप्शन, और कम्युनलिज्म को बढ़ावा मिल रहा है।

## शिक्षक भर्ती पर भ्रम फैलाकर झूठा क्रेडिट लूटने की कोशिश में तेजस्वी: उमेश

**चौथी वाणी/पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि शिक्षक भर्ती को लेकर वे भ्रम फैलाकर झूठा क्रेडिट लेने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि आरजेडी कोटे से तत्कालीन शिक्षा मंत्री महीनों तक अपने विभागीय दफ्तर से नदारद रहे और भर्ती प्रक्रिया में लगातार अड़चनें पैदा करने की कोशिश की गई।



प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण ही शिक्षा विभाग में लाखों शिक्षकों की बहाली संभव हो सकी और युवाओं को बड़े पैमाने पर सरकारी नौकरियां दी गईं। श्री कुशवाहा ने कहा कि झूठा श्रेय लेने की राजनीति करने वाले तेजस्वी यादव को यह बताना चाहिए कि उनके माता-पिता के 15 वर्षों के शासनकाल में कितने शिक्षकों की बहाली हुई थी? सच्चाई यह है कि उस दौर में शिक्षकों की नियुक्ति नाममात्र की रही और राज्य में छात्र-शिक्षक अनुपात बेहद दयनीय स्थिति में पहुंच गया था। उस समय जहां 65 विद्यार्थियों पर मात्र एक शिक्षक उपलब्ध था, वहीं वर्तमान में यह अनुपात घटकर लगभग 35 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक हो गया है।

## गैलेक्सी ए57 व ए37 की बिक्री शुरू

**चौथी वाणी/पटना।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने नए गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी स्मार्टफोनकी बिक्री 10 अप्रैल से शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, नई ए सीरीज खासतौर पर युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिसमें टिकाऊ एवं आकर्षक स्लिम डिजाइन में बेहतर कैमरा, दमदार परफॉर्मेंस और एआई फीचर्स का संयोजन मिलता है। गैलेक्सी ए57 5जी तीन रंगों ऑसम नेवी, ऑसम आइसीब्लू और ऑसम लिलैक में उपलब्ध होगा। दोनों स्मार्टफोन को ट्रिपल जीरो स्कीम के तहत खरीद सकते हैं, जिसमें बिना डाउन पेमेंट, बिना ब्याज और बिना झंझट की सुविधा मिलती है।

## हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को मजबूत बनाने को एक्सिस बैंक ने की साझेदारी

**चौथी वाणी/पटना।** एक्सिस बैंक ने देश के हॉस्पिटैलिटी उद्योग के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए इस समझौते के तहत एक्सिस बैंक को एफएचआरएआई के देशभर में फैले सदस्य नेटवर्क के साथ अधिक करीब से काम करने का अवसर मिलेगा। इससे होटल, रेस्तरां और पर्यटन से जुड़े विभिन्न व्यवसायों के साथ सहयोग और मजबूत होगा। इस साझेदारी के तहत एक्सिस बैंक हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बैंकिंग




और ट्रांजैक्शन से जुड़ी विशेष सेवाएं उपलब्ध कराएगा। बैंक के कमर्शियल बैंकिंग ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रमुख विजय शेट्टी ने कहा कि हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में आय बढ़ने, घरेलू पर्यटन में वृद्धि, सरकारी पहलों और बेहतर बुनियादी ढांचे के कारण लगातार मांग बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी उद्योग के साथ अधिक प्रभावी जुड़ाव और क्षेत्र के अनुरूप वित्तीय समाधान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

चौथी वाणी
पटना। शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2026

संक्षिप्त खबरें

## बिहार भूदान यज्ञ समिति अविलंब बिहार सरकार से गठन करने की मांग

**पटना ( चौथी वाणी)**६ पटना बिहार सर्वोदय मंडल की कार्य समिति की बैठक गांधी स्मारक निधि पटना में चंद्र भूषण की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में पटना, भोजपुर, मुंगेर, भागलपुर,जहानाबाद,शिवहर, अररिया,वैशाली, रोहतास, मुजफ्फरपुर से 34साथियों ने भाग लेकर अपना विचार व्यक्त किया, बैठक को मुनीश ओम प्रकाश सिंह अधिवक्ता ने कहा कि सरकार को भूदान किसानों का पंचायत स्तर पर दखल दिलाने का कार्य शुरू करना चाहिए, बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि आज पूरे दुनिया में अशांति का वातावरण कायम है,दुनिया के सारे देशों में कोई भी ऐसा शक्ति नहीं है,जो दुनिया शक्तिशाली देशों को शांति का पैगाम के लिए प्रेरित कर सके,रूस से यूक्रेन का युद्ध,अमेरिका



,इजरायल,ईरान आदि के युद्ध में एशिया महादेश अशांति का वातावरण में चला गया है,भारत में ईंधन का बड़े पैमाने पर संकट आ गया है,लोगों का अनुमान है कि पेट्रोल,डीजल का आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर कीमत बढ़ेगा,और पूरे देश महंगाई के चपेट में आ जाएगा।किसानों के सामने और भी संकट आने वाला है। बैठक में सरकार से मांग की गई कि बिहार भूदान यज्ञ समिति को अविलंब पुनर्गठन किया जाए। सभी भूदान किसानों की जमीन ऑनलाइन जमाबंदी कायम की जाय। बिहार के सभी किसानों का सभी तरह के कर्ज माफ किया जाए। बिहार में पहले कार्यरत सभी 28चीनी मिलों को चालू किया जाय। बिहार के सभी खादी ग्रामोद्योग की संस्थाओं को सभी तरह के कर्ज माफ कर बिक्री पर रिबेट दिया जाय। खादी वस्त्रों को ॅ२३ से मुक्त किया जाय। खादी प्रमाणपत्र समिति रेगुलेशन को बहाल किया जाय। खादी के कार्यकर्ता निर्माण के लिए खादी विद्यालय पुनः चालू किया जाय।खादी मॉल की जगह खादी हॉट का निर्माण किया जाय। बिहार में गांधी जी जहां जहां गए है,उन सभी जगहों को धरोहर स्थल घोषित किया जाय। बैठक में नारायण भाई,बाल विजय भाई के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। बैठक में रामनाथ ठाकुर,शंभु प्रसाद वर्मा,इतवारी टुडू,संतोष सोरेन,रसिक लाल मुर्मू,सकलदेव हेम्ब्रम,रामजी मुर्मू,क्रांति बहन,राजेश कुमार,राजनीति सिंह,यशवंत सिंह,श्याम विनय सिंह,डॉ कुश सिंह,सुमित कुमार,मंगल कुमार,सुभाष यदुवंशी,ऊषा जी,नारायण भाई आदि लोगो ने भाग लेकर बैठक को संबोधित किया।

## एक विवाह ऐसा भी का 14वाँ संस्करण 21 जून को, जरूरतमंद जोड़ों के लिए निःशुल्क सामूहिक विवाह आयोजन

**पटना (चौथी वाणी)** पटना मां वैष्णो देवी सेवा समिति, पटना एवं मां ब्लड सेंटर, पटना के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक सरोकार की प्रेरणादायक पहल एक विवाह ऐसा भी का 14वाँ संस्करण रविवार आगामी 21 जून 2026 को पटना में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संयोजक कन्हैया अग्रवाल कन्नू ने बताया कि यह आयोजन विशेष रूप से उन जरूरतमंद जोड़ों के लिए है जिनका विवाह तय हो चुका है, लेकिन आर्थिक तंगी या उपयुक्त स्थान के अभाव में वे विवाह सम्पन्न नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे जोड़े अपने स्तर से प्रारंभिक वैदिक अथवा पारंपरिक विधियां पूरी करने के बाद निर्धारित तिथि को आयोजन स्थल पर उपस्थित होंगे।




आयोजन के दिन वर पक्ष से 12 एवं वधु पक्ष से 12 सदस्य शामिल होंगे, जहां बारात सहित शेष सभी वैवाहिक रस्मों का विधिवत एवं सम्मानजनक आयोजन समिति द्वारा कराया जाएगा। इस पुनीत कार्य के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इच्छुक जोड़ों को पहले निःशुल्क पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा तथा आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही उनका चयन किया जाएगा। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि विवाह की पात्रता हेतु वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा वधु की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। समिति ने अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। इच्छुक व्यक्ति पंजीकरण हेतु मोबाइल सं. 9931158774, 9835093400, 9334105017, 9204719554 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## जैन धर्मावलम्बियों ने मनाया विश्व णमोकार दिवस

**पटना (चौथी वाणी)** पटना विश्व णमोकार दिवस के अवसर पर आज पटना के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित मीठापुर, कमलदह, काली बीबी का कटरा, गुरारा दिगम्बर सहित सभी दिगम्बर जैन मन्दिरों में णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया. एम पी जैन ने बताया कि विश्व णमोकार दिवस प्रतिवर्ष 9 अप्रैल को मनाया जाता है, यह जैन धर्म के सबसे पवित्र और मूल मंत्र - 'णमोकार महामंत्र' के सम्मान में समर्पित है। इस दिन का *मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में शांति, अहिंसा, और आत्मशुद्धि का संदेश फैलाना है*, जिसमें सामूहिक रूप से णमोकार मंत्र का जाप किया जाता है। इसका उद्देश्य वर्तमान अशांत परिस्थितियों में विश्व शांति, सद्भाव, करुणा और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना है। यह दिन हमें आत्म-विकास की दिशा में अग्रसर होने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीने की प्रेरणा देता है। णमोकार मन्त्र जैन धर्म का सर्वाधिक महत्वपूर्ण मंत्र है. इसे 'नवकार मन्त्र', 'नमस्कार मन्त्र' या 'पंच परमेष्ठि नमस्कार' भी कहा जाता है. इस मन्त्र में अरिहन्तों, सिद्धों आचार्यों, उपाध्यायों और साधुओं का नमस्कार किया गया है. इस



मंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है. इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है. इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है. लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुँचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं. इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है. णमोकार मंत्र में पञ्च नमस्कार इस प्रकार है- 1.णमो अरिहंताणं - अरिहंतो को नमस्कार हो, 2.णमो सिद्धाणं - सिद्धोंको नमस्कार हो, 3.णमो आयरियाणं - आचार्यों को नमस्कार हो,4. णमो उवज्झायाणं उपाध्यायों को नमस्कार हो, 5. णमो लोए - सव्व साहूणं - लोक के सर्व साधुओं को नमस्कार, एसो पंच णमोक्कारो, सव्व पावप्प णासणो यह णमोकार महामंत्र सब पापो का नाश करने वाला, मंगलाणं च सव्वेसिं, पडमम हवई मंगलं तथा सब मंगलो मे प्रथम मंगल है. इस महामंत्र को जैन धर्म में सबसे प्रभावशाली माना जाता है. ये पाँच परमेष्ठी हैं. पवित्र आत्माओं को शुद्ध भावपूर्वक किया गया यह पंच नमस्कार सब पापों का नाश करने वाला है. संसार में सबसे उत्तम मंगल है. इस मंत्र में पहले जो पाच नमन है वह किसी व्यक्ति विशेष या भगवान को नहीं है. ये सिर्फ उन पदों को नमन है और यह पद सभी धर्मों मे होते है नाम अलग होंगे. और इस मंत्र में कहीं भी किसी धर्म का उल्लेख नहीं है. यहाँ जैन अरिहंताणं नहीं लिखा है. इसी लिये यह सर्वधर्म समभाव का सबसे आदर्श उदाहरण है. इसके नौ पद को समझके जाप करने से नौ ग्रहों की शान्ति होती है. आपको कही जाने की अवश्यकता ही नही. इसी लिये यह सर्वोत्तम याने महामंत्र है. जैन धर्म में ऐसी मान्यता है कि णमोकार-मंत्र के स्मरण से लोगों के रोग, दरिद्रता, भय, विपत्तियाँ दूर हो जाती रही हैं. मनचाहे काम आसानी से बन जाने के अनुभव भी सुने गए हैं. यह मंत्र सभी मंत्रों में मूल अर्थात जड़ है. यह लोकोत्तर मंत्र है. लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुंचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं.

# राष्ट्रीय आय मेधा परीक्षा में सफल अंशु को विद्यालय प्रबंधन ने किया किया सम्मानित

**महुआ नगर /वैशाली (चौथी वाणी)**। राजकीय मध्य विद्यालय महुआ कन्या की छात्रा अंशु कुमारी के द्वारा मेधा सह आय छात्रवृत्ति योजना का परीक्षा उत्तीर्ण होने के उपरांत विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद अजीत कुमार अनु के द्वारा 501 रुपए नगद,कॉपी, पेंसिल से सम्मानित किया गया एवं विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमार सरोज जी के द्वारा मेडल माला पहना कर सम्मानित किया गया वही विद्यालय के शिक्षक के द्वारा



कॉपी, कलम देकर सम्मानित किया गया। वही अंशु को उसकी सफलता पर उसे मिठाई खिलाते हुए बधाई दी गई। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने अंशु की सफलता पर खुशी जताई और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्रा के द्वारा हासिल की गई सफलता सिर्फ सफल छात्रा के लिए ही नहीं बल्कि पूरे विद्यालय प्रबंधन के लिए भी बहुत ही खुशी और गर्व की बात है।विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बताया गया कि अंशु कुमारी महुआ प्रखंड क्षेत्र के चक्काजिनिजाम निवासी है। अंशु कुमारी ने राष्ट्रीय आय मेघा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में 78 अंक लाकर यह सफलता प्राप्त की है। अंशु के पिता मुकेश कुमार सिंह फेरी लगा कर कपड़ा बेचने का काम करते हैं और मां विभा देवी गृहणी है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार,रोहित कुमार, राजेश मिश्रा संजीव कुमार ,रीना कुमारी, मंजू कुमारी,मजहबीन खातून, पिंकी कुमारी आदि के साथ-साथ अनेकों छात्राएं और अभिभावक भी उपस्थित थे।

## शादी का कार्ड दिखाकर मिलेगा गैस सिलेंडर

**हाजीपुर(चौथी वाणी)** शादी विवाह 14 अप्रैल यानी खरमास के बाद शुरू हो जाएगी। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब किसी भी वैवाहिक कार्यक्रम में गैस सिलेंडर लेने के लिए शादी का कार्ड दिखाना मेंडेटरी कर दिया है। बिना कार्ड के आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। सरकार के विशेष सचिव उपेन्द्र कुमार ने सभी डीएम और तेल कंपनियों को निर्देश जारी किया है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग नहीं कर सकेंगे सरकार का कहना है, अक्सर लोग शादी जैसे बड़े आयोजनों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग करते हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को मिलने वाली गैस की सप्लाई प्रभावित होती है। इसी को रोकने के लिए कमर्सियल गैस का उपयोग अनिवार्य किया गया है। इसके लिए एक तय प्रक्रिया बनाई गई है।एस डी ओ के पास देना होगा आवेदन, जिसमें लगेगा शादी का कार्ड

**एस डी ओ को आवेदन देकर कार्ड अटैच करना होगा, लोगों की संख्या बतानी होगी; 7 दिन में मिलेगा अप्रूवल**

नए नियम के तहत, जिस घर में शादी है, उस व्यक्ति को अपने क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारी एस डी ओ के पास आवेदन देना होगा। इस आवेदन के साथ शादी का कार्ड लगाना जरूरी होगा, ताकि कार्यक्रम की सत्यता की पुष्टि हो सके। आवेदन में यह भी बताना होगा कि कार्यक्रम में कितने लोगों के शामिल होने की संभावना है और कितने गैस सिलेंडर की जरूरत पड़ेगी। इसके बाद संबंधित एस डी ओ आवेदन की जांच कर लोगों की संख्या के आधार पर गैस की आवश्यकता का आकलन करेंगे। उसी के अनुसार तेल कंपनियों को वाणिज्यिक गैस उपलब्ध कराने का निर्देश देंगे। साथ ही, कैटरर्स और रसोइयों को भी वाणिज्यिक गैस के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा, जिसे 5 से 7 दिनों के भीतर पूरा किया जाएगा।

## निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर प्रशासन सख्त, डीएम ने जारी किए कड़े निर्देश

**हाजीपुर (चौथी वाणी)**। जिले में निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने शुल्क वसूली और अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने इस संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। वैशाली में वर्तमान में 572 निजी विद्यालय और 64 सीबीएससी मान्यता प्राप्त स्कूल संचालित हैं, जिनके खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं।जानकारी के अनुसार कई स्कूल प्रवेश शुल्क, विकास शुल्क, वार्षिक शुल्क, सत्र शुल्क, एसी शुल्क आदि के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूल रहे थे। साथ ही अभिभावकों को यूनिफॉर्म, किताबें और कॉपियां केवल निर्धारित दुकानों से खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा था, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ रहा था।इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। अब कोई भी विद्यालय छात्रों को किसी एक विशेष दुकान से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेगा।सभी निजी विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे 11 अप्रैल 2026 तक प्रत्येक कक्षा की किताबों, यूनिफॉर्म और अन्य आवश्यक सामग्रियों की सूची उनके मूल्य सहित अपनी वेबसाइट और स्कूल परिसर में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करें। इसके अलावा यूनिफॉर्म और पाठ्यपुस्तकों में अनावश्यक बदलाव पर भी रोक लगाई गई है।प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया है कि छात्र-छात्राओं को पुराने पुस्तकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि अभिभावकों का खर्च कम हो सके। वहीं स्कूल वाहनों में सी सी टीवी मेडिकल किट और अग्निशामक यंत्र जैसी सुरक्षा सुविधाएं अनिवार्य की गई हैं और उनकी नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा गया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत नामांकित कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने का भी सख्त निर्देश दिया गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम वर्षा सिंह ने अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी अनियमितता की सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## डायट में द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन



**हाजीपुर(चौथी वाणी)**। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) दिघी (हाजीपुर) में डी ई एल ई डी 2024झ26 के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य श्रुति एवं डायट के सभी संकाय सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं का पुष्प वर्षा करते हुए तिलक लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किए। कार्यक्रम के मंच संचालन तौसीफ एवं धीरज कुमार ने किया।कार्यक्रम में द्वितीय वर्ष के साथ प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं ने कविता, नृत्य एवं गायन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मिस फ्रेशर का खिताब प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु राजनंदिनी एवं निधि कुमारी ने प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य श्रुति के साथ व्याख्याता डॉ शालिनी प्रसाद, डॉ शशिकला निषाद, शैक्षणिक प्रभारी डॉ कंचन कुमार, जय श्री, डॉ शैलजा गुप्ता, डॉ मोहिनी गिरी, अहमर जावेद, अनिता कुमारी, रेणु कुमारी, कुमारी अनुराधा, डॉ संजय कुमार, रणजीत कुमार, बैद्यनाथ यादव एवं डायट के अन्य कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में डी एल एड के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु प्राची, विशाल, धीरज,अखिलेश, सरफराज,चंदन आदित्य, अमन, आशीष , रवि, सर्वोत्तम, गौरव एवं अन्य प्रशिक्षुओं ने अपना सराहनीय योगदान दिया। साथ ही एच पी पी आई से भगवत दयाल की सक्रिय उपस्थिति रही।

## सेलफास खाकर युवक ने की शुदकुशी, वीडियो बनाकर पत्नी को भेजा

**पातेपुर/ वैशाली (चौथी वाणी)** पातेपुर थाना क्षेत्र के खेसराही गांव में एक युवक कने सेलफास खाकर खुद्कुशी कर ली। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। लोगों ने घटना की सूचना पातेपुर थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। मृतक खेसराही वार्ड संख्या एक निवासी 34 वर्षीय महाकांत सिंह है। इस मामले में मृतक के मां ने उसकी पत्नी, सास एवं ससुर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार खेसराही गांव निवासी महाकांत सिंह ने लगभग दस साल पूर्व हाजीपुर के सांचीपट्‌ टी मोहल्ला निवासी एक लड़की ऋतु कुमारी से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही ऋतु अपने ससुराल में रहना नहीं चाहती थी। इसके कारण महाकांत को उसके साथ ससुराल एवं अन्य जगहो पर रहना पड़ता था। बताया गया कि 20 दिन पूर्व महाकांत अपने घर खेसराही आकर रहने लगा था। परिजनों ने बताया गया कि महाकांत की पत्नी उसपर गांव की जमीन बिक्री करने के लिए हमेशा दबाव बनाती थी। इसको लेकर दोनों में हमेशा विवाद होता था। दो दिन पूर्व सोमवार को भी दोनों पति-पत्नी में फोन पर विवाद हुआ था। इसके बाद युवक ने मंगलवार की देर रात बाजार से सेलफास खरीद कर लाया। देर रात घर के लोगों के सो जाने पर उसने सेलफास की गोली खाने का वीडियो बनाकर पहले अपनी पत्नी के मोबाइल पर भेज दिया। थोड़ी देर बाद युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। मृतक को दो पुत्र एवं एक पुत्री है। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना है।

## वीर शहीद पशुपतिनाथ की 66वीं पुण्यतिथि शौर्यगाथा के साथ मनाया गया

**हाजीपुर/पातेपुर(चौथी वाणी)**। गुरुवार को वीर शहीद पशुपतिनाथ जी की 66वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बलिगांव थाना परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, वैशाली श्री विक्रम सिहाग ने शहीद को शोक सलामी अर्पित की।कार्यक्रम में जिला पुलिस के अधिकारी, कर्मी एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में 66 वां शहीदी सह सम्मान समारोह संपन्न हुआ। समारोह के दौरान शहीद पशुपतिनाथ की पुत्री सहित अन्य परिजनों को सम्मानपूर्वक सम्मानित किया गया।इस मौके पर शौर्यगाथा पुस्तक का विमोचन भी किया गया।



स्मारक स्थल पर एसपी की उपस्थिति में पुलिस के जवानों ने शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद स्मारक समिति के पदेन अध्यक्ष एसपी विक्रम सिहाग ने, महुआ एसडीपीओ संजीव कुमार, लाइन डीएसपी पवन कुमार, सार्जेंट मेजर जीतेंद्र कुमार, अंचल निरीक्षक अरूण कुमार मंडल, बलिगांव थानाध्यक्ष रामनिवास कुमार, पातेपुर थानाध्यक्ष रौशन कुमार, हरलोचनपुर थानाध्यक्ष हरेराम पासवान समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने शहीद के प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया।अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने शहीद के साहस, वीरता और कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने सभी से उनके योगदान को सदैव स्मरण रखने की अपील की।पातेपुर संबाददाता के अनुसार जिले के एसपी विक्रम सिहाग, महुआ एसडीपीओ संजीव कुमार, लाइन डीएसपी व अन्य कुछ पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर पशुपतिनाथ सिंह के सहादत दिवस पर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में एक भी स्थानीय जनप्रतिधि या गणमान्य लोग शामिल नहीं हुए।आम जन की ओर से पुलिस के प्रति सम्मान का यह समारोह पूरे राज्य का इकलौता प्रतिष्ठित कार्यक्रम रहा है। हाल के दिनों में स्मारक समिति पर किसी खास व्यक्ति के एकाधिकार के कारण यह समारोह गुटीय राजनीति के कुप्रथा का शिकार हो गया। यह आयोजन अब रस्म अदायगी तक ही सिमित हो गया है। गुरुवार को आयोजित समारोह में कुर्सी भरने एवं भीड़ दिखाने के लिए स्कूली बच्चों का सहारा लेना पड़ा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि या ग्रामीण शामिल नहीं हुए। आलम यह रहा कि समारोह में सम्मानित होने के लिए आए स्कूली बच्चे भी मायूस होकर घर लौट गए।

## वैशाली में एम्बुलेंस सेवा में नयी गति दे रहा जेन प्लस

**हाजीपुर(चौथी वाणी)**। वैशाली में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में 102 एम्बुलेंस सेवा एक अहम भूमिका निभा रही है। राज्य सरकार के सहयोग से जेन प्लस सर्विसेज द्वारा संचालित इस व्यवस्था ने जिले में एम्बुलेंस



संचालन को एक नई पहचान दी है।नवंबर 2024 से संचालन संभालने के बाद जेन प्लस ने पूरे बिहार में सेवाओं की गुणवत्ता और पहुँच में उल्लेखनीय सुधार किया है। वर्तमान में कंपनी राज्यभर में 2,051 एम्बुलेंस का संचालन कर रही है। वैशाली जिले में कुल 69 एम्बुलेंस सक्रिय हैं, जिनमें 17 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट , 49 बेसिक लाइफ सपोर्ट और 3 शव वाहन शामिल हैं। इन वाहनों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 244 मरीजों को निःशुल्क आपातकालीन चिकित्सा सहायता मिल रही है।मार्च 2026 के आँकड़ों के अनुसार, वैशाली में कुल 6,821 मामलों में सहायता प्रदान की गई। इनमें 5,453 गर्भवती महिलाएँ, 123 नवजात शिशु, 148 सड़क दुर्घटना से जुड़े मामले और 1,097 अन्य आपात स्थितियाँ शामिल हैं। सेवा का संचालन संभालने के बाद से कंपनी लगातार गुणवत्ता सुधार पर ध्यान दे रही है। इसके चलते कॉल रिस्पॉन्स टाइम में कमी आई है, एम्बुलेंस के मौके पर पहुँचने का समय बेहतर हुआ है और मरीजों को सफर के दौरान दी जाने वाली देखभाल में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।इस विषय पर प्रोजेक्ट हेड दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि अब तक की उपलब्धियाँ संतोषजनक हैं, लेकिन लक्ष्य अभी आगे है। उन्होंने बताया कि कंपनी आधुनिक तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता को जोड़कर एम्बुलेंस सेवाओं को नए स्तर तक ले जाने की दिशा में काम कर रही है।उन्होंने यह भी कहा कि इस सफलता के पीछे ड्राइवर, ईएमटी और हेल्पर की मेहनत और समर्पण है, जो सेवा की मजबूत नींव हैं।

## राघोपुर में मारपीट के 6 नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राघोपुर /वैशाली ( चौथी वाणी )** राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के रुस्तमपुर थाना अंतर्गत बहरामपुर गांव में छापामारी कर मारपीट के छह नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । घटना के संबंध में रुस्तमपुर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मारपीट कांड का नामजद अभियुक्त शिवनाथ राय पिता जगत राय ,रिजिन्टु कुमार पिता चंचल राय, विपिन कुमार पिता चंचल राय, राहुल कुमार पिता स्वर्गीय भुल्लू राय ,रोहित कुमार पिता स्वर्गीय भुल्लू राय तथा राकेश राय पिता धूपा राय अपने घर पर मौजूद है ।सूचना मिलते ही रुस्तमपुर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने पुलिस बल के साथ बहरामपुर गांव में छापामारी की ।छापामारी के दौरान ।सभी छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना लाया तथा पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में हाजीपुर जेल भेज दिया ।

### राघोपुर में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शराब बरामद

**राघोपुर / वैशाली ( चौथी वाणी)** राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के जुड़ावनपुर थानान्तर्गत हरपुरवा - जुड़ावनपुर करारी गांव के सीमा पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 70 लीटर देसी शराब जप्त किया जबकि पुलिस को देखते ही दोनों कारोबारी शराब लदी बाइक छोड़कर फरार हो गया। घटना के संबंध में जुड़ावनपुर थानाध्यक्षअभिषेक कुमार ओझा ने बताया की हजपुरवा -जुड़ावनपुर करारी गांव के सीमा पर वाहन चेकिंग चल रहा था।

## खबरें एक नजर में

### भागलपुर में शिक्षकों की प्रोन्नति का रास्ता साफ, जल्द जारी होगा पत्र

**चौथी वाणी/भागलपुर।** भागलपुर जिले में लंबे समय से लंबित विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक एवं प्रधान शिक्षकों की प्रोन्नति को लेकर सकारात्मक पहल




हुई है। बिहार परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के जिला संयोजक जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीपीओ से मुलाकात कर 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों की प्रोन्नति का मुद्दा उठाया। इस पर डीपीओ ने विभागीय निदेर्शों के अनुरूप प्रोन्नति संबंधी पत्र जल्द जारी करने का आदेश संबंधित कर्मियों को दिया। संघ ने वार्ता को सकारात्मक बताते हुए कहा कि अब शिक्षकों को उनका हक मिलने की उम्मीद जगी है। मुलाकात में कई शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एक अभियुक्त को पकड़ कर भेजा गया जेल

**रुपौली/पूर्णिया (चौथी वाणी)।** रुपौली प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर थाना के द्वारा अशोक मुनि पिता लड्डू मुनि गांव कैथी थाना चौथम जिला खगड़िया को मोहनपुर थाना कांड संख्या 117/25 दर्ज किया जिसमे अपने पुत्र के साथ मिलकर लड़की भगाने के आरोप में मोहनपुर थाना अध्यक्ष गांव कैथी जाकर अशोक मुनि को मोहनपुर थाना लाया मोहनपुर थाना अध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया की लड़की को भगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गिरफ्तार कर अशोक मुनि को जेल भेज दिया गया केस आयोग मदन कुमार ने कहा नाबालिक लड़की को भगाने के आरोप में लड़की के पिता द्वारा आवेदन थाना में दिया गया है जो पुलिस के द्वारा लगातार छापामारी अभियान जारी था तभी से अशोक मुनि फरार चल रहा था ग्रामीणों के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अशोक मुनि पुलिस के गिरफ्त में आया।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को दिया गया स्टूडेंट ऑफ द मंथ सम्मान

**चौसा/ मधेपुरा (चौथी वाणी)।** चौसा प्रखंड क्षेत्र के पी एम श्री गांधी उच्च विद्यालय अरज पुर में स्टूडेंट ऑफ द मंथ का सम्मान छात्रों के आत्मविश्वास, प्रेरणा और व्यवहार में सुधार लाता है तथा छात्रों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की




भावना विकसित होती है। पी एम श्री गांधी उच्च विद्यालय अरजपुर चौसा के प्रधानाध्यापक लालबिहारी यादव ने मार्च माह के स्टूडेंट ऑफ द मंथ अवॉर्ड प्रदान करते हुए कहीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन, नियमित उपस्थिति और विद्यालयी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए गुरुवार को विद्यालय चेतना सत्र के दौरान करिश्मा कुमारी, मिष्टी राज, जयंत कुमार और शिवम कुमार को मार्च 2026 का स्टूडेंट ऑफ द मंथ सम्मान दिया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार, नीतीश भारती, राघव कुमार, सुधांशु शेखर, कमलेश कुमार, महेश कुमार, रवि कुमार, परमानन्द मंडल, प्रणव कुमार, राजेंद्र कुमार, अनुज कुमार, संजीव कुमार, मो० मेराज, विकास यादव, देवराम, जफर अहमद, शिक्षिका रचना कुमारी, सुषमा कुमारी, परिचारी शहनाज खातून भी मौजूद थे।

### अरना गांव में मुआवजा मांगने पर युवक को पीटा

**उचकागांव /गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** थाना क्षेत्र के अर्न गांव में एक पड़ोसी की दीवाल गिरने से गांव के सागर कुमार गुप्ता की बाइक टूट कर क्षतिग्रस्त हो गई जिसका मुआवजा मांगने पर आरोपितों ने सागर कुमार गुप्ता को पीट कर घायल कर दिया। घटना 22 मार्च के दिन की है। मामले में घायल सागर कुमार गुप्ता के आवेदन पर घटना के 15 दिन बाद अपने पड़ोसी राधेश्याम शर्मा, उनकी मां सीता देवी, पत्नी सुशीला देवी, बेटी सुनंदा कुमारी और बेटा अमरजीत कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### अमठा भुवन में संपत्ति विवाद को लेकर दो को पीटा

**उचकागांव /गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** उचकागांव थाना क्षेत्र के अमठा भुवन गांव में सुपौल से अपने संपत्ति की देखरेख करने के लिए पैतृक घर पहुंचे राजीव कुमार को उनके पट्टीदारों ने लाठी-डंडे से पीट कर बुरी तरीके घायल कर दिया। बीच-बचाव में आए ग्रामीण सहदेव मांझी की भी जमकर पिटाई की गई। घटना तीन अप्रैल के दिन की है। दोनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में कराया गया। मामले में घायल राजीव कुमार के आवेदन पर अपने पट्टीदार योगेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, उनके बेटा बंटी व गोलू के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### सिधवलिया पुलिस ने फरार आरोपी के विरुद्ध इस्तेहार चिपकाया

**सिधवलिया/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** सिधवलिया थाना क्षेत्र के बखरौर गांव में विगत 25 मार्च को बिजली विभाग के राजस्व की वसूली करने पहुंचे विभाग के जे ई सारिक असीर के साथ मारपीट मामले में आरोपितों के घर बुधवार को सिधवलिया पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत इस्तिहार चिपकाया। बता दें कि विगत 25 मार्च को बिजली विभाग के जेई सारिक अशीर राजस्व की वसूली करने बखरौर गांव पहुंचे थे। जहां, उनके साथ मारपीट की गई थी।मामले में जेई सारिक अशीर ने इसी गांव के दीपक कुमार पांडेय एवं हिमांशु सिंह के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई गई थी।प्राथमिकी के बाद से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे।न्यायालय द्वारा निर्गत इस्तिहार को थानाध्यक्ष सोमदेव झा ने दलबल एवं गाजे बाजे के साथ बुधवार को आरोपियों के घर पर चिपकाया '

# उचकागांव में खुला अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला

**बिहार कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया उद्घाटन**

**उचकागांव /गोपालगंज(चौथ वाणी)।** जिले के आकांक्षी प्रखंड उचकागांव में आज अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन प्रदेश के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने प्रदेश के 29 अन्य मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। कार्यक्रम में पहुंचे जिला कृषि पदाधिकारी ललन कुमार सुमन ने कहा कि अब उचकागांव प्रखंड के साथ हथुआ अनुमंडल के किसानों को अपने खेतों की मिट्टी जांच के लिए जिला मुख्यालय पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।




अब हथुआ अनुमंडल क्षेत्र के किसानों के खेतों की मिट्टी जांच उचकागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में बने अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला में आसानी से हो जाएगी। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी गौरव कुमार वरुण ने कहां की मिट्टी जांच के लिए सरकार के माध्यम से लगभग 75 लाख रुपये की लागत से मशीन उपलब्ध कराई गई है। साथ ही जल्द ही प्रयोगशाला के संचालन के लिए अतिरिक्त कृषि पदाधिकारी व लैब टेक्नीशियन भी उपलब्ध कराया जाएगा। तब तक लैब के संचालन के लिए प्रखंड के एक एटीएन व एक प्रखंड कृषि समन्वय को प्रशिक्षित कर इसके संचालन के लिए तत्काल प्रतिनियुक्ति किया जाएगा। इस अवसर पर ई किसान भवन में लैपटॉप के माध्यम से पटना से आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। उद्घाटन की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात जिला कृषि पदाधिकारी ने उचकागांव ई किसान भवन में बने अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला का निरीक्षण भी किया गया।इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला की कमियों को जल्द से जल्द दूर करने का भी निर्देश दिया। मौके पर बीज उत्पादन के असिस्टेंट डायरेक्टर मनोज मिश्रा, बीडीओ कुमार प्रशांत, बीईओ सह बीसीओ प्रेम हल्दर, सदर मिट्टी जांच प्रयोगशाला के बीएओ शुभम शुक्ला, लेखापाल चंदन दुबे, किसान सलाहकार संतोष सिंह, राजेश सिंह सहित सभी कर्मी एवं किसान मौके पर उपस्थित थे।

## कुचायकोट में 'प्रवेशोत्सव' अभियान तेज, रैली निकाल बच्चों ने दिया शिक्षा का संदेश

**घर-घर संपर्क कर बच्चों का नामांकन बढ़ाने में जुटे शिक्षक, 'सब पढ़ें, सब बढ़ें' से गूंजा गांव**

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के प्रारंभिक विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष ह्लप्रवेशोत्सवह्व अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है।अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा विद्यालयी शिक्षा से वंचित न रहे और अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन स्कूलों में कराया जा सके।अभियान के तहत पोषक क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क, प्रभात फेरी और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को भी कई विद्यालयों में चेतना सत्र से पूर्व प्रभात फेरियां निकाली गईं। इसी क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बड़हरा के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया।रैली के दौरान बच्चों ने ह्लसब पढ़ें, सब बढ़ेंह्व जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। इस पहल से ग्रामीणों के बीच शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश देखने को मिला।इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि विभाग का लक्ष्य है कि 6 से 14 वर्ष के बीच का एक भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे। उन्होंने कहा कि जो बच्चे किसी कारणवश विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं या पढ़ाई छोड़ चुके हैं, उन्हें पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर रहे हैं और बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही अभिभावकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है, ताकि वे अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति अधिक जागरूक और प्रेरित हो सकें।

## दलित बस्ती में गूंजा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश बेलबनवां विद्यालय के ईको क्लब ने चलाया जागरूकता अभियान

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** स्थानीय प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलबनवां के ईको क्लब के तत्वावधान में सामुदायिक स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक प्रभावी जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पंचायत क्षेत्र के दलित बस्ती पांडेय परसौनी में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के नोडल शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।अभियान के दौरान ग्रामीणों को सामुदायिक स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, वृक्षारोपण तथा कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों ने घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया।नोडल शिक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में बच्चों ने जागरूकता संदेशों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे और उन्होंने अभियान में रुचि दिखाते हुए सक्रिय सहभागिता निभाई।विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने बताया कि इस तरह के अभियानों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है, ताकि समाज को स्वस्थ और पर्यावरण को सुरक्षित बनाया जा सके।



## कुचायकोट में पैक्स चुनाव नामांकन शांतिपूर्ण संपन्न, अध्यक्ष पद पर एकल दावेदारी



**प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य के 18 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, 10-11 अप्रैल को होगी जांच**

**कुचायकोट/गोपालगंज (चौथी वाणी) ।** स्थानीय प्रखंड में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) चुनाव को लेकर गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई।नामांकन के दौरान अध्यक्ष पद के लिए कुल दो तथा प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 18 प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पैक्सों में अध्यक्ष पद के लिए एक-एक प्रत्याशी ने ही नामांकन किया है। ऐसे में अध्यक्ष पद पर एकल दावेदारी तय मानी जा रही है, जिससे चुनाव में मतदान की संभावना काफी कम हो गई है।उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 10 और 11 अप्रैल को की जाएगी। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आगे की औपचारिक कार्रवाई की जाएगी।इधर, स्थानीय स्तर पर अध्यक्ष पद के लिए एकल नामांकन को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है। वहीं प्रशासन पूरी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने में जुटा हुआ है।

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में पांच घायल, नौ पर प्राथमिकी

**भोरे /गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** भोरे थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई आपसी विवाद में पांच लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों के लिए आवेदन के आधार पर नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी कराई गई है। पहली प्राथमिकी कल्याणपुर गांव निवासी सुगानंद महतो की पत्नी सोना देवी ने दर्ज कराई है। जिसमें आरोप लगाया है कि मैं खेत में शौच के लिए जा रही थी। इसी बीच बबलू भगत मेरा हाथ पकड़ लिया। शोर करने पर बेटी और ननद बचाने पहुंची तो उन लोगों को भी मारने पीटने लगा। यह बात सुनकर जब मेरी चाची पूछने गई तो बबलू भगत अपने परिवार के तीन अन्य लोगों चंदन भगत, बुलेट भगत और राजन भगत के साथ मिलकर चाची का बांह तोड़ दिया। वहीं दूसरी प्राथमिकी योगेंद्र महतो की पत्नी शांति देवी ने दर्ज कराई है। जिसमें आरोप लगाया है कि मैं बथान में थी। इसी बीच ममता कुमारी, रामसागर भगत, बबलू भगत, संतोष भगत और राजन भगत एकजुट होकर मारने पीटने लगे जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों की मदद से मुझे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भोरे ले जाया गया, जहां मेरा इलाज हुआ। मामले में पुलिस प्राथमिकी कर छानबीन करने में जुट गई है।

## भोरे प्रखंड में मौसम की मार, रवि फसल को भारी नुकसान

**भोरे/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** गोपालगंज जिले के भोरे प्रखंड में रवि फसल की कटाई जहां लगभग 35 से 40 प्रतिशत तक ही हो पाई थी, वहीं अचानक मौसम ने कर-वट बदल ली। तेज हवा, बारिश और बदले मौसम के मिजाज ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है।कटाई के लिए तैयार खड़ी गेहूं सहित अन्य रवि फसलें खेतों में ही गिरकर बर्बाद हो गईं। कई किसानों ने बताया कि फसल पूरी तरह पक चुकी थी और अगले कुछ दिनों में कटाई पूरी होने की उम्मीद थी, लेकिन मौसम की बेरुखी ने भारी नुकसान पहुंचा दिया।बारिश और तेज हवा के कारण फसल में नमी भर गया, जिससे फसल बर्बाद हो रहा है। जिन किसानों ने कटाई शुरू भी कर दी थी, उनकी कटी हुई फसल भी भीगकर खराब हो गई। इससे किसानों को आर्थिक रूप से बड़ा झटका लगा है।

### विजयीपुर ग्रामीण वितरण केन्द्र से उपभोक्ता के नाम की गैस चोरी

**विजयीपुर/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** सरकार द्वारा दिए गए सारे वक्तव्य को धत्ता बताते हुए विजयीपुर के ग्रामीण वितरक केंद्र के प्रबंध तंत्र ने अपने पुराने उपभोक्ताओं का गैस चोरी चोरी ब्लैक करने का मामला उजागर हुआ है। विजयीपुर प्रखंड के मांडर गांव के देवेन्द्र नाथ मिश्रा ने गैस एजेंसी मालिक के विरुद्ध थानाध्यक्ष, बीडीओ को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग किया है। पीड़ित का कहना है कि उसके रजिस्ट्रेशन नंबर पर अनेकों बार गैस का चोरी चोरी अपने से ऑनलाईन कर के गैस ब्लैक कर अनुचित तरीके से अवैध कमाई की गई है। उन्हें बार बार आजकल का हवाला देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। कहे हैं कि वे हार्ट के मरीज हैं। गैस के अभाव में लाइन लगाने और बार बार परेशान रहने के कारण समय से दवा नहीं ले पाते हैं। यहां तक कि सेवा निवृत शिक्षक जो पढ़ा लिखा है। अगर एजेंसी वाले उनके नाम के गैस को ब्लैक कर उल्टी-सीधी कमाई कर रहा है तो अन्य देहात के अनपढ़ और अशिक्षित लोगों के साथ कैसा बर्ताव करता होगा। शिक्षक मिश्रा ने आवेदन की कॉपी डीएम गोपालगंज तथा इण्डेन गैस एजेंसी पटना को भी भेजकर कार्रवाई की मांग किया है। बता दें कि इसी प्रकार भरपुरवा गांव के कैलास मिश्रा सहित अनेक लोगों ने आरोप लगाते हुए शिकायत किया है।

### अलोक कुमार बने जगतौली ओपी के नए प्रभारी, प्रशांत के निलंबन के बाद मिली जिम्मेदारी

**भोरे/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** जिला पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत गोपालपुर थाने के अपर थानाध्यक्ष अलोक कुमार को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें भोरे थाना अंतर्गत जगतौली ओपी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।गौरतलब है कि जगतौली ओपी के पूर्व प्रभारी प्रशांत कुमार को हाल ही में उनके पद से निलंबित कर दिया गया था। उन पर लगे आरोपों और विभागीय कार्रवाई के बाद यह पद रिक्त चल रहा था। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और क्षेत्र में पुलिसिंग को गति देने के उद्देश्य से एसपी विनय तिवारी ने अलोक कुमार के नाम पर मुहर लगाई।अलोक कुमार ने गोपालपुर थाने में अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण मामलों को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई थी। अब जगतौली ओपी प्रभारी के रूप में उनके सामने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने की चुनौती होगी।

## गंगा दामोदर कबड्डी चैंपियनशिप के माध्यम से बिहार और झारखंड की जमीनी प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

**गोपालगंज/बिहार(चौथी वाणी) ।** एलेवेट स्पोर्टस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गंगा दामोदर कबड्डी चैंपियनशिप की घोषणा की गई है। यह क्षेत्रीय ग्रासरूट पहल बिहार और झारखंड के कबड्डी खिलाड़ियों के लिए एक संरचित और प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करने के उ देश्य से शुरू की गई है। यह चैंपियनशिप 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक गोपालगंज के मिन्ज स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने की पहल

बिहार और झारखंड की संस्कृति में कबड्डी की जड़ें बहुत गहरी हैं, जहाँ स्थानीय मैदानों, गाँवों और समुदायों में इसे बड़े उत्साह के साथ खेला जाता है। हालांकि, अपार प्रतिभा और रुचि के बावजूद, पेशेवर मंचों की कमी रही है जहाँ खिलाड़ी अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें। गंगा दामोदर कबड्डी चैंपियनशिप इसी कमी को दूर करने का एक प्रयास है। इस पहल का मुख्य उ देश्य न केवल उभरती प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें बढ़ावा देना है, बल्कि खिलाड़ियों के लिए एक ऐसा मार्ग तैयार करना है जिससे वे खेल में आगे बढ़ सकें। यह चैंपियनशिप अंतरराज्यीय खेल सहयोग को प्रोत्साहित करने और जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों की दृश्यता बढ़ाने पर केंद्रित है।

प्रतियोगिता का विवरण

इस चार दिवसीय टूनार्मेंट में कुल 8 टीमें भाग लेंगी, जिनमें से 5 टीमें बिहार की और 3 टीमें झारखंड की होंगी। प्रतियोगिता का आयोजन पेशेवर प्रबंधन के साथ एक संरचित प्रारूप में किया जाएगा, ताकि उच्च गुणवत्ता वाला खेल अनुभव सुनिश्चित हो सके।

प्रतियोगिता में बिहार और झारखंड की निम्नलिखित टीमें अपना कौशल दिखाएंगीःझ

बिहार की टीमें:

(1). गोपालगंज टाइगर्स
(2). मिथिला आर्टिसंस
(3). देव कबड्डी एकेडमी
(4). मगध वॉरियर्स
(5). वैशाली वज्रास

झारखंड की टीमें:-

(1). देवघर ट्राइडेंट्स
(2). कोडरमा क्रशर्स
(3). बोकारो स्टील स्मैशर्स

आयोजक के बारे में: एलेवेट स्पोर्टस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

आयोजक के बारे में: एलेवेट स्पोर्टस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

एलेवेट स्पोर्ट्र्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक खेल विकास और प्रबंधन संगठन है, जो भारत भर में संरचित जमीनी स्तर और पेशेवर खेल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए समर्पित है। संगठन ने 'युवा कबड्डी सीरीज' जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसने अब तक:-

9 राज्यों में 14 संस्करण सफलतापूर्वक पूरे किए हैं।

1400 से अधिक मैचों का आयोजन किया है।

24 राज्य संघों के 2600 से अधिक खिलाड़ियों को जोड़ा है।

300 से अधिक मैच रेफरी को अवसर प्रदान किए हैं।

गंगा दामोदर कबड्डी चैंपियनशिप इसी दूरदर्शी सोच का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य खेल संस्कृति से समृद्ध क्षेत्रों को ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र में बदलना है जहाँ प्रतिभा न केवल खोजी जाए, बल्कि उसे फलने-फूलने का अवसर भी मिले।

## खबरें एक नजर में

### पैक्स अध्यक्ष पद के लिए देहद में 30, खजुराहा में 6 एवं बरैठ में 5 प्रत्याशी ने किया नामांकन

**सोनवषार्राज (सहरसा) ( चौथी वाणी)।** प्रखंड क्षेत्र के देहद, खजुराहा एवं बरैठ पैक्सों में के चुनाव को लेकर प्रखंड मुख्यालय में नामांकन के आखिरी दिन गुरूवार को विभिन्न पदों के लिए कुल 37 प्रत्याशियों ने अपना अपना पर्चा दाखिल किया। उक्त बाबत बीडीओ अमीत आनंद ने बताया की देहद पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशी, खजुराहा पैक्स अध्यक्ष के लिए सर्वाधिक 6 प्रत्याशी, बरैठ पैक्स अध्यक्ष के लिए 5 प्रत्याशियों ने अपना अपना पर्चा दाखिल किया।जबकि तीनों पैक्सों के पैक्स सदस्यों के लिए करीब 23 प्रत्याशियों ने अपना पर्चा दाखिल किया।गुरूवार को अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी व उनके समर्थकों का रुतबा मुखिया चुनाव की तरह देखने को मिला। देहद के उपमुखिया समरजीत सिंह अपने सैकड़ो समर्थकों के सहित ढोल बाजे के साथ पहुंचे थे। विभागिय प्राप्त जानकारी अनुसार 10 एवं 11 अप्रैल को संवीक्षा एवं 13 अप्रैल को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते है। इसी दिन प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। जबकि 20 अप्रैल को मतदान एवं मतदान के तुरंत बाद मतगणना सम्पन्न कराया जाएगा।



### पैक्स चुनाव हेतु नामांकन के अंतिम दिन 24 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**रूपौली ( चौथी वाणी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित निर्वाचन कार्यालय में गुरुवार को पैक्स चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन कुल 24 उम्मीदवारों ने अपना-अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान निर्वाचन कार्यालय में पूरे दिन गहमागहमी का माहौल बना रहा। गौरीपुर पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए अखिल रंजन एवं आलोक प्रकाश भारती ने नामांकन किया, जबकि कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 7 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। वहीं लक्ष्मीपुर पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद ठाकुर, विजय कुमार यादव एवं प्रमोद कुमार ने अपनी दावेदारी पेश की। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 12 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। नामांकन प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वरीय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी कन्हैया चौधरी की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान नाम निर्देशन कार्य में शिक्षक नितीश कुमार एवं प्रशांत कुमार की भूमिका रही। निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ कैलाशपति मिश्र ने बताया कि नाम वापसी की तिथि 13 अप्रैल निर्धारित है। इसके बाद 20 अप्रैल को मतदान एवं उसी दिन मतगणना की जाएगी। प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।



### मुजफ्फरपुर जिले के मजदूर की मौत सिमरी बख्तियारपुर में ट्रेन से कट कर मौत

**सहरसा( चौथी वाणी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर वैशाली एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के काटी थाना अंतर्गत देवानन्द वार्ड 12 निवासी गणेश साह के बेटे 25 वर्षीय अजीत कुमार के रूप में हुई है। अजीत कुमार सहरसा में एक निजी कंपनी में मजदूरी करते थे। गुरुवार को वह सहरसा स्टेशन से मुजफ्फरपुर जाने के लिए ट्रेन में सवार हुए थे। सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन के पास ट्रेन जैसे ही खुली, वह अचानक चलती ट्रेन से गिर गए। गिरने के बाद अजीत ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनके एक हाथ और दोनों पैर कट गए। बताया जा रहा है कि वह लगभग आधे घंटे तक स्टेशन की पटरी पर पड़े रहे। स्थानीय लोगों ने उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अजीत ने एक साल पहले अंतरजातीय विवाह किया था और उनकी तीन माह की एक बेटी है। वह दो भाइयों में सबसे छोटे थे और उनके परिवार का भरण-पोषण मुख्य रूप से उनकी कमाई पर निर्भर था। आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हुई है। उन्होंने जीआरपी थाने को घटना की सूचना दे दी है।



### नामांकन के अंतिम दिन देहद से अध्यक्ष के लिए उपमुखिया समरजीत सिंह ने किया नामांकन

**सोनवषार्राज (सहरसा) ( चौथी वाणी)।**प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायतों में होनेवाले पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार को समाप्त हो गया। इस दौरान देहद ,खजुराहा एवं बरैठ में होनेवाली पैक्स चुनाव को लेकर गुरुवार को नामांकन के अंतिम दिन देहद पंचायत से उपमुखिया समरजीत कुमार सिंह ने सैकड़ों समर्थक के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान दर्जनों गाड़ियों एवं सैकड़ों समर्थक के साथ नामांकन को प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। नामांकन करने के बाद बाहर निकलते ही उपमुखिया समरजीत कुमार सिंह को समर्थको ने फूल मालाओं से लाद दिया। मालूम हो कि देहद पैक्स अध्यक्ष के लिए तीन उम्मीदवार अब चुनावी मैदान में हैं। जिसको लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार देहद ,बरैठ एंव खजुराहा तीनों पंचायतों में विभिन्न पदों के लिए 37 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। कुल मिलाकर देखें तो नामांकन के दूसरे और अंतिम दिन तीनों पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए कुल 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। जबकि सदस्य पद के लिए 23 उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया। देहद पंचायत से पैक्स अध्यक्ष के लिए लगातार दो बार से पैक्स अध्यक्ष रहे गवेन्द्र कुमार सिंह गब्बू ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बुधवार को ही नामांकन का पर्चा दाखिल किया था। चुनावी प्रक्रिया के बाबत बीसीओ सचीन कुमार ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हो गई सभी पंचायतों में कोरम पूरा हो गया है अब तीनों पंचायतों में केवल अध्यक्ष पद के लिए ही चुनाव होगा। 10 एवं 11 अप्रैल को संवीक्षा एवं 13 अप्रैल को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते है। इसी दिन प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। जबकि 20 अप्रैल को मतदान एवं मतदान के तुरंत बाद मतगणना सम्पन्न कराया जाएगा।



### एक तस्कर सहित छह पियक्कड़ों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़हरा कोठी ( चौथी वाणी)।**रघुवंशनगर थाना पुलिस द्वारा शराब बंदी कानून के अनुपालन के लिए की गई करवाई में एक तस्कर सहित छह पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी देते हुए रघुवंशनगर थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि तस्कर सहित सभी पियक्कड़ों के विरुद्ध युक्ति संगत धाराओं के तहत प्राथिमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रघुवंशनगर थाना में पदस्थ एसआई विनोद कुमार राउत बुधवार को संध्या गस्ती पर निकले थे।गस्ती के क्रम में उन्हें जानकारी मिली के एक व्यक्ति मुड़बल्ला से शराब लेकर बेलापेमु मोड़ की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के बेलापेमु मोड़ पर पहुंचते ही एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस बल द्वारा भाग रहे व्यक्ति को कब्जे में लेकर विधिवत तलासी के क्रम में उसके पास से आठ पोलोथिन में लगभग 4 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। पूछ ताछ के क्रम में पकड़ाए व्यक्ति ने अपना नाम रवेन शर्मा पता मौजमपट्टी थाना रघुवंशनगर जिला पूर्णिया बताया। शराब की बरामदगी के साथ ही पकड़ाए व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। वही पुलिस द्वारा शराब पीकर बनारसी चौक रघुवंशनगर में हंगामा कर रहे छह पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया गया है।



# डीएम ने अधिकारियों के साथ 'ज्ञान भारतम मिशन' के सुचारु संचालन हेतु अपेक्षित कार्यों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** गुरूवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटिलाइजेशन निमित संचालित ह्लज्ञान भारतम मिशनह्ल के सुचारु संचालन हेतु अपेक्षित कार्यों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया की जिलांतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संबंधित कार्यालयों के समेकित प्रयास से संरक्षित पांडुलिपि को चिन्हित करने हेतु मिशन मोड में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए ,जानकारी दी गई की अभी तक दो सर्वेक्षण के फलस्वरूप लगभग दो सौ पांडुलिपि चिन्हित किए गए है। इस संदर्भ में ज्ञातव्य है कि भारत सरकार द्वारा भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए वर्षः2025/26 के बजट में फ्लैगशिप पहल के रूप में ह्लज्ञान भारतम मिशन की घोषणा की गई है। इस मिशन के अंतर्गत देश भर में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जा रहा है, ताकि यह अमूल्य धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को सुलभ हो सके। ज्ञान भारतम मिशन अंतर्गत राज्य अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों व व्यक्तियों आदि के पास उपलब्ध कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़े आदि में हस्तलिखित पांडुलिपियों की पहचान, सर्वेक्षण, कैटलॉगिंग, संरक्षण एवं डिजिटीलीकरण का कार्य किया जाना है। ह्लज्ञान भारतम मिशनह्ल के सफल-सुचारु क्रियान्वयन निमित जिला स्तर पर एक अभियान के माध्यम से पांडुलिपियों का संग्रहण करने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों को चिन्हित करने का कार्य प्रगति पर है, तत्संबंधी सूची भी तैयार की जा रही है। उक्त वर्णित के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उप विकास आयुक्त को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है, कमिटी में सदस्य के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, एसडीओ, प्रभारी पदाधिकारी के साथ-साथ जिला से संबंधित विद्वान भी परामर्शी के रूप में सम्मिलित किए गए है। कमिटी के पर्यवेक्षण में जिलांतर्गत पांडुलिपियों को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है। ह्लजिलांतर्गत 75 वर्षो से पुराने पांडुलिपि धारक से जनहित में अनुरोध किया जाता है कि वे इस संबंध में जिला जनसंपर्क कार्यालय को कार्यालय अवधि में अथवा मोबाइल संख्याः 7782859647 पर सूचना दे सकते हैह्ल। आज आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता निशांत, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी एवं संबंधित क्षेत्र के गणमान्य यथा मुक्तेश्वर प्रसाद, सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



## पैक्स चुनाव का नॉमिनेशन अंतिम दिन हुआ सम्पन्न



**रुपौली/पूर्णिया ( चौथी वाणी)।** रुपौली प्रखंड के फैसलिटी भवन नॉमिनेशन की प्रक्रिया का अंतिम दिन शांति पूर्वक संपन्न किया गया जिसमे आठ पंचायत के पैक्स चुनाव किया जाएगा। फैसलिटी भवन में दो नॉमिनेशन काउंटर बनाया गया जिसमे दोनों काउंटर पर चार चार पंचायत के लिए अलग अलग नॉमिनेशन काउंटर बनाया गया। पंचायत का नाम मतेली खेमचंद अध्यक्ष पद के लिए 3 सदस्य पद के लिए 0 विजय मोहनपुर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 2 सदस्य पद के लिए 4 विजय लालगंज पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 3 सदस्य पद के लिए 0 डोभा मिलिक पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 1 सदस्य पद 9 कांप पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 0 सदस्य पद के लिए 3 बसंत पुर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 2 सदस्य पद के लिए 9 गोरीयर पट्टी श्रीमाता पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 1 सदस्य पद के लिए 8 धोबगिद्दा पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 0 नॉमिनेशन किया गया अध्यक्ष पद के लिए टोटल 11 उमीदवार ने नॉमिनेशन किया सदस्य पद के लिए टोटल 33 उमीदवार ने नॉमिनेशन दिया 10, एवं 11 तारीख को संविच्छा की जाएगी सभी उम्मीदवारों ने अपने अपने पंचायत में जोर शोर से चुनाव प्रकिया तेज कर दिया है और 20 तारीख को वोटिंग किया जाएगा बी सी ई ओ रूपौली धनंजय कुमार ने बताया कि दोनों दिन नॉमिनेशन की प्रक्रिया शांति पूर्वक करवा लिया गया।

## सहरसा में सीएसपी संचालक से दिन दहारे 57,000 की लूट, सीसीटीवी फुटेज से हो रही है अपराधियों की पहचान: एसडीपीओ





**सहरसा कार्यालय ( चौथी वाणी)।** गुरुवार को सदर थाना क्षेत्र के सुलिंदाबाद मोहल्ला में संचालित सीएसपी केंद्र में बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधकर्मियों ने हथियार दिखाकर 57 हजार रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया। जिसकी सूचना पर सदर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों को चिन्हित कर रही थी। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि गुरुवार को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के सुलिंदाबाद, वार्ड 43 निवासी राजू शाह के पुत्र रंजन कुमार सिंह के सीएसपी केंद्र में बाइक सवार अपराधियों द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फिर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर डीआईयू की टीम और एफएसएल की टीम घटनास्थल का निरीक्षण किया था। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज से अवलोकन और तकनीकी अनुसंधान किया जा रहा है। मामले में संलिप्त अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है की उक्त घटना में शामिल अपराधियों के संदर्भ में कोई भी सूचना हो तो एसपी, डीएसपी या उन्हें सूचित करें। जिससे अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

## 11 अप्रैल को प्रशांत किशोर के आगमन को लेकर किशोर कुमार के नेतृत्व में जन सुराज पार्टी ने की समीक्षा बैठक



**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** पूर्व विधायक सह जन सुराज पार्टी के वरिष्ठ नेता किशोर कुमार के सहरसा स्थित आवास पर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण कार्यकत्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जन सुराज पार्टी, बिहार के संस्थापक प्रशांत किशोर के 11 अप्रैल 2026 को सहरसा आगमन और प्रस्तावित ह्लसंवादह्ल कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकत्राओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए किशोर कुमार ने कहा कि प्रशांत किशोर का सहरसा आगमन केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिहार की नई राजनीत[सोच और विकासपरक विमर्श को आगे बढ़ा रहा है। ऐसे में सहरसा का यह कार्यक्रम कोसी-सीमांचल की जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि 11 अप्रैल 2026, शनिवार को सुबह 11:00 बजे होटल परदेशी कार्डो, पूरब बाजार, सहरसा में आयोजित ह्लसंवादह्ल कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। किशोर कुमार ने कार्यकत्राओं को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन और जनसंपर्क पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि ह्लसंवादह्ल कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं, युवाओं की अपेक्षाओं, किसानों की चुनौतियों और बिहार के भविष्य पर खुलकर चर्चा होगी। यह कार्यक्रम जन सुराज की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का एक मजबूत माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि सहरसा की धरती हमेशा से सामाजिक और राजनीतिक चेतना की भूमि रही है, इसलिए यहां से एक मजबूत संदेश पूरे बिहार में जाएगा। इस अवसर पर डॉ. नवनीत सिंह, सोनू सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. परसुराम कुमार, संजीव कुमार झा, शिवशंकर कुमार, बबलू सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार गुंजन, मुकेश कुमार सिंह, सुनील यादव, बिजेंद्र ठाकुर, अशोक कुमार गुप्ता समेत कई कार्यकत्रा उपस्थित रहे।

## डीएम दीपेश कुमार की अध्यक्षता में एलपीजी वितरण और सिटी गैस विस्तार पर सख्ती, बैकलॉग खत्म करने का निर्देश




**सहरसा नगर ( चौथी वाणी)।** जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में रसोई गैस की उपलब्धता और सिटी गैस पाइपलाइन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों तेल कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधक, सभी गैस वितरण एजेंसियों के संचालक, प्रबंधक, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और सिटी गैस प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सिटी गैस पाइपलाइन विस्तार में बाधाओं पर चर्चा एवं समीक्षा में सिटी गैस प्रोजेक्ट की चुनौतियों पर विस्तार से बात हुई। रेलवे एनसीआर के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा आवश्यक राशि जमा न होने से शहर के पश्चिमी क्षेत्र में कार्य रुका हुआ है। डीएम ने आईओसीएल प्रतिनिधि को आज ही राशि जमा करने का सख्त निर्देश दिया। एक्सप्लोसिव लाइसेंस संबंधी आपत्तियों का 24 घंटे में निराकरण करने को कहा गया। घरेलू कनेक्शन पर सिटी गैस प्रतिनिधि ने बताया कि राशि जमा करने वाले उपभोक्ताओं के घरों में युद्ध स्तर पर कनेक्शन दिया जा रहा है। एलपीजी बैकलॉग की स्थिति और वितरण समीक्षा की गई। क्ड ने इंडियन, एचपी और भारत गैस के वितरक-वार आंकड़ों की गहन जांच की। जिले में कुल 18,182 पेंडिंग बुकिंग हैं, जिन्हें शीघ्र समाप्त करने के कड़े निर्देश दिए गए। वितरकों को फटकार और चेतावनी खराब प्रदर्शन वाली एजेंसियों को फटकार लगाते हुए डीएम ने कहा कि प्रतिदिन मिलने वाले सिलेंडरों का शत-प्रतिशत वितरण हो, स्टॉक शून्य रहे और कोई सिलेंडर गोदाम में न रहे। शहीद रमन इंडेन एजेंसी के मालिक को अंतिम चेतावनी दी गई कि वेंडरों की संख्या तत्काल बढ़ाएं, वरना तेल कंपनी को कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। सभी वितरकों को बैकलॉग डेज न्यूनतम करने और उपभोक्ताओं को ससमय गैस उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि गैस आपूर्ति में कोताही या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं होगी। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण जारी रखेंगे।

## बंगाल की जनता इस बार पुरे परिवर्तन के मूड में, बंगाल में परिवर्तन तय: लाजवंती झा



**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** पिछले दो महीने से बंगाल के 4 जिला एवं 28 विधानसभा में प्रवास कर रही भाजपा प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा का मानना है कि बंगाल में परिवर्तन तय है। बंगाल विधान सभा चुनाव वर्ष 2026 में राजनीतिक दलों का अभियान काफी तीव्र हो चूका है और ऐसे में वर्तमान परिस्थिति के मद्देनजर सिर्फ बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला हो रहा है। पिछले तीन बार से सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी की सरकार के मुकाबले इस बार बीजेपी की सरकार बनने के प्रबल आसार हैं। बंगाल की जनता इस बार पुरे परिवर्तन के मूड में है जिसका मुख्य कारण महिला मतदाताओं का वर्तमान सरकार के प्रति गहरा आक्रोश है। ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है कि ममता बनर्जी घुसपैठियों के नाम मतदाता सूचि से काटने पर स्वयं सुप्रीम कोर्ट में इसके विरुद्ध लड़ती है बल्कि इस सरकार में बंगाल में महिलाओं की जान माल एवं इज्जत सुरक्षित नहीं है। अवैध घुसपैठियों द्वारा बड़े पैमाने पर आम बंगालियों के ऊपर हत्या, बलात्कार, जबरन वसूली, जमीन कब्जा आदि जघन्य अपराधों पर शासन और प्रशासन की मौन सहमति और स्वीकृति रहती है। बंगाल के पुरुलिया विभाग के 4 जिलों पुरुलिया,आसनसोल,बांकुरा एवं विष्णुपुर के 28 विधान सभा में प्रवास से दौरान हजारों ऐसी महिलाओं से मिल चुकी हूँ जिन्हें स्वयं या उनके परिवार को पिछले चुनाव में बीजेपी को वोट देने के कारण अमानवीय तरीके से प्रताड़ित किया गया है। न्याय मिलने की बात तो दूर प्रशासन ने इन मामलों का सही संज्ञान भी नहीं लिया। अगर इस बार बंगाल की सत्ता का परिवर्तन नहीं होगा तो बंगाल को बंगलादेश बनने में देर नहीं लगेगी। क्योंकि घुसपैठियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है और अवैध तरीकों से उन्हें वोटर बनाया गया है। बीजेपी राष्ट्र को सर्वोपरि मान, इसे सशक्त, समृद्ध सुरक्षित एवं विकसित करने हेतु राष्ट्रसेवकों का परिवार है और बंगाल को कश्मीर या बंगलादेश नहीं बनने देने के लिए कृतसंकल्पित है। बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व के साथ सभी कार्यकताओं का एक मात्र संकल्प है कि अगर हम वास्तव में एक ह्लविकसित बंगालह्ल का सपना पूरा करना चाहते हैं, तो उसका सबसे पहला कदम यही होगा कि इस निर्मम सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि बंगाल का यह चुनाव बंगाल की खोई हुई शान और उसकी पुरानी पहचान को वापस लाने की लड़ाई है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से बंगाल की जनता को 6 बड़ी ह्लमोदी गारंटियांह्ल दीं और साफ कहा कि बीजेपी की सरकार आते ही भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा टीएमसी ने जो डर गुंडागर्दी और आतंक फैला रखा है, बीजेपी उसे खत्म करेगी और राज्य में कानून का भरोसा वापस लाया जाएगा।सरकारी सिस्टम को ऐसा बनाया जाएगा कि वह जनता की सेवा के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हो और लोगों के काम बिना रुकावट के हों। टीएमसी राज में हुए हर घोटाले, भ्रष्टाचार और महिलाओं के साथ हुए अन्याय (रेप केस) की पुरानी फाइलें फिर से खोली जाएंगी। जनता का पैसा लूटने वाले किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। मोदी भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे और एक-एक भ्रष्टाचारी को जेल होगा। भारत की जमीन पर अवैध घुसपैठियों को रहने की इजाजत कतई नहीं दी जाएगी। बंगाल में बीजेपी सरकार बनते ही 7वां वेतन आयोग लागू किया जाएगा। चुनाव आयोग भी स्वतंत्र,पूर्ण निष्पक्ष एवं बिना किसी भय के मतदान को सुनिश्चित करने की पर्याप्त व्यवस्था कर रही है। विश्वास है की 4 मई 2026 को बंगाल की भद्र जनता को तृण मूल कांग्रेस के कुशासन, अत्याचार एवं उत्पीड़न से मुक्त होने का सपना सच होगा। 'मोदी की गारंटी 'पर बंगाल की जनता को भरोसा है एवं बंगाल में परिवर्तन तय है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**गोरौल (चौथी वाणी)।** हाजीपुरझमुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग (एनएच-22) पर गोरौल थाना के सामने हुई सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए। घायलों की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के चकाकु गांव निवासी 62 वर्षीय दिनेश राय और 60 वर्षीय रामप्रवेश राय के रूप में हुई है।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोरौल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दिनेश राय की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर रेफर कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार, दोनों व्यक्ति बाइक से फकुली पूजा में मानर (वाद्य यंत्र) बजाने जा रहे थे। इसी दौरान गोरौल थाना के सामने उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

### ध्वजारोहण के साथ लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी शुरू

**पातेपुर/ वैशाली (चौथी वाणी) ।** वैशाली जिले के पातेपुर प्रखंड अंतर्गत लदहो गांव स्थित श्री राम जानकी मठ परिसर में आगामी सितंबर माह में आयोजित होने वाले नौ दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर तैयारियां



शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में मठ के महंत बाबा राघव दास जी महाराज के नेतृत्व में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद ध्वजारोहण किया गया।इस अवसर पर बाबा राघव दास , दुर्गी डॉक्टर, मुखिया पुत्र राजेश पासवान, मुखिया गरीब नाथ आलोक, सुभाष कुमार, सिंह उप मुखिया शिवचंद्र राय,, सुभाष मिश्रा, पंडित गोलूबाबा बैजनाथ चौधरी, खतरी बाबा, पंडित अनमोल शास्त्री, दिलीप कुमार यादव, आयुष झा एवं मिथिलेश बाबा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने महायज्ञ की सफलता और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। महंत बाबा राघव दास ने बताया कि यह महायज्ञ नौ दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन पूजा, हवन, कथा-प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।स्थानीय ग्रामीणों में भी इस महायज्ञ को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और सभी लोग मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

### आठवां वर्ग उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**महुआ नगर/ वैशाली (चौथी वाणी)।** महुआ प्रखंड क्षेत्र के आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर, महुआ में वर्ग आठ यह सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय पर त्याग करने के पूर्व विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक और प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने दीप



प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने बच्चों के मंगल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा-बच्चे कई कई वर्ष तक एक विद्यालय में पढ़ते हैं जिसके कारण विद्यालय से जन्म जन्मांतर का रिश्ता बन जाता है।स्वाभाविक है विद्यालय परित्याग के पूर्व एक भव्य कार्यक्रम करके बेटी की तरह विदाई करना एक अच्छी परंपरा की शुरूआत है। कार्यक्रम में नीव वर्तमान बाल संसद की प्रधानमंत्री साक्षी कुमारी ने अपना प्रभार शिक्षा मंत्री अंशिका कुमारी को सौंप दिया।इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाया गया ,पुष्प वर्षा के साथ अभिनंदन किया गया एवं सुनहरे भविष्य के लिए माला पहनकर आशीर्वाद दिया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक इस आयोजन से अभिभूत हो गए एवं बच्चों को आशीर्वाद देते हुए सुनहरे मंगल भविष्य की कामना किया । इस अवसर पर विद्यालय की सहायक शिक्षक शकुंतला सिन्हा, सुमन लता, संगीता कुमारी, विनीता कुमारी ,सरिका कुमारी, अफजल हुसैन,गीता कुमारी, सजीना परवीन ,आशा कुमारी, के अलावा बाल संसद की प्रधानमंत्री साक्षी कुमारी ,खुशी कुमारी, रोशनी कुमारी,कार्तिक आनंद, पुष्कर राज केअलावे काफी संख्या में छात्र- छात्रा उपस्थित थे।

### शिक्षा विभाग के द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का मंत्री व पदाधिकारियों ने किया मुआयना

**महुआ नगर /वैशाली (चौथी वाणी )** महुआ महोत्सव के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा टीएलएम प्रदर्शनी का आकर्षक स्टॉल लगाया गया, जिसका संचालन नोडल पदाधिकारी के रूप में शिक्षक नवनीत कुमार के नेतृत्व में किया गया।इस प्रदर्शनी में शिक्षिका एवं मधुबनी पेंटिंग की विख्यात कलाकार प्रज्ञा भारती, पर्यावरण विषय से तनवी सिंह, अंग्रेजी विषय से रोहिणी राज, उर्दू विषय से सोगरा कमर अंसार तथा गणित विषय से शिवचंद्र पासवान द्वारा बच्चों को खेल-खेल में सीखने की रोचक शिक्षण-अधिगम सामग्री का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य अतिथियों—पीएचईडी मंत्री संजय सिंह, वैशाली के पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग तथा महुआ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार ने स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा सभी अतिथियों को मधुबनी पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया गया।नोडल शिक्षक नवनीत कुमार ने कहा कि महुआ महोत्सव में शिक्षा विभाग की यह पहल बच्चों में रचनात्मकता, जिज्ञासा और सीखने की नई ऊर्जा जगाने का एक सराहनीय प्रयास है, जो उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान से भी जोड़ता है।प्रदर्शनी में शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए नवाचारपूर्ण टीएलएम मॉडल एवं आकर्षक मधुबनी पेंटिंग ने न केवल बच्चों, बल्कि बड़े-बुजुर्गों को भी काफी आकर्षित किया। स्टॉल पर पहुंचे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला और वे विभिन्न शैक्षणिक सामग्रियों को समझने एवं देखने के लिए उत्सुक नजर आए।इस मौके पर प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, महुआ मुन्ना कुमार, शिक्षक अनिल प्रभाकर, ध्रुव कुमार, प्रज्ञा किरण, राजीव रंजन तथा अकाउंटेंट धीरज कुमार, निखलेश सिन्हा, उषा कुमारी सहित अन्य उपस्थित जनों ने शिक्षा विभाग की इस पहल की सराहना की।

### शराब के नशे में स्कूल शिक्षक गिरफ्तार, जांच में हुई पुष्टि

**पातेपुर/ वैशाली( चौथी वाणी)** पातेपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक सरकारी स्कूल के शिक्षक को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई।जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि बहुआरा चौक के पास एक शिक्षक नशे की हालत में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शिक्षक को हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि शिक्षक संतोष कुमार बहुआरा गांव के रहने वाले हैं और मध्य विद्यालय कुड़िया में कार्यरत हैं।पुलिस द्वारा थाने लाकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। जांच में उनके शरीर में अल्कोहल की मात्रा भी पाई गई। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

# एकमा में भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत, बोलेरो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में मांझीझएकमाझबरौली स्टेट हाईवे-96 पर नगर पंचायत एकमा बाजार के गंजपर गांव के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार बोलेरो और बाइक सवार दोनों एक ही दिशा में एकमा की तरफ से मांझी की तरफ जा रहे थे। पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो चालक पर बाइक सवारों को टक्कर मारने का आरोप है। बताया गया है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या



में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। एकमा थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। बाइक सवार दोनों मृतकों की पहचान सीवान जिले के गोरियाकोठी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर पट्टी गांव निवासी फुलेना महतो के पुत्र मोनू कुमार (30) व मोतीलाल चौहान के पुत्र पंकज कुमार (32) के रूप में हुई है। बताया गया है कि दोनों आपस के रिश्ते में चाचा-भतीजा थे। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। फरार चालक की तलाश में पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य माध्यमों से जांच-पड़ताल कर रही है।

बताया गया है कि मांझी के तरफ बाइक सवार युवक एकमा की तरफ से जा रहे थे। जबकि अनियंत्रित बोलेरो भी एकमा से मांझी की तरफ जा रही थी। तभी गंजपर गांव स्थित यशोदा भारत गैस गोदाम के समीप यह सड़क दुर्घटना हो गई। सूचना मिलते ही एकमा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए शवों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश और शोक का माहौल देखा गया। उल्लेखनीय है कि बीते 4 अप्रैल को इसी क्षेत्र में एक हादसे में घायल होने के बाद पटना में उपचार के दौरान 7 अप्रैल को एकमा थाना में तैनात एसआई ताज अहमद खान की भी जान चली गई थी। बहरहाल, क्षेत्र में स्थिति सामान्य है।

## एएनसी जांच के दौरान आशा व स्वास्थ्यकर्मी में मारपीट, अस्पताल में अफरा-तफरी

**चौथी वाणी/मशरक (सारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की जांच के दौरान आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्यकर्मी के बीच मारपीट हो गई, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस टीम ने मामले में हस्तक्षेप किया और आरोपी स्वास्थ्यकर्मी को थाना ले गई। आशा कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि पंजीकरण को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद मारपीट की गई।

### मांझी सीएचसी में 110 गर्भवती महिलाओं की जांच, 218 मरीजों का हुआ रजिस्ट्रेशन



**चौथी वाणी/मांझी (सारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को एएनसी जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 110 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। ओपीडी में कुल 218 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ। इस दौरान महिलाओं की हेमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, एचआईवी समेत 9 प्रकार की जांच की गई। डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि इस जांच का उद्देश्य मां और शिशु के स्वास्थ्य की निगरानी कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है।

### मशरक नगर पंचायत की बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों में तेजी पर जोर, गर्मी में प्याऊ व चापाकल मरम्मत का निर्णय

**चौथी वाणी/मशरक (सारण)।** नगर पंचायत के सामान्य बोर्ड की बैठक में रुके विकास कार्यों को गति देने और गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन सोहन महतो ने की। निर्णय लिया गया कि चौक-चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी और खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए टीम गठित की जाएगी। बैठक में स्वच्छता साथी की बहाली में अनियमितता का मुद्दा भी उठाया गया। कार्यपालक पदाधिकारी बबलू कुमार ने कहा कि सभी योजनाओं को स्वीकृति के लिए विभाग को भेजा जाएगा।

## एकमा के अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक मॉडल स्कूल का डीईओ व विधायक ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**चौथी वाणी/छपरा (प्रो. अजीत कुमार सिंह)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित नगर पंचायत एकमा बाजार में संचालित अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है। इसी क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण, एकमा विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह सहित कई अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, भवन, कक्षाओं, प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास का संचालन, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय सहित सभी भौतिक एवं स्थलीय सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

विद्यालय के अवलोकन के दौरान नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी को विद्यालय परिसर में तत्काल एक शौचालय निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। एकमा विधायक मनोरंजन कुमार सिंह



व जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण ने विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में कहा कि मॉडल विद्यालय के रूप में चयनित इस स्कूल में सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं विधायक श्री सिंह ने बताया कि इसी वर्तमान शैक्षणिक सत्र से विद्यालय में मॉडल स्कूल के रूप में पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके लिए विभागीय मानकों के अनुसार चयनित छात्र-छात्राओं का नामांकन किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय के रूप में छात्रावास की समुचित व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि दूर-दराज के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मिल सके। इस मौके पर एकमा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा, मांझी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विभा रानी, विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सारिका द्विवेदी, प्रधानाध्यापक सह शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, समाजसेवी दीपक राज, विपिन सिंह, विभागीय इंजीनियर, एकमा एवं मांझी प्रखंड के बीआरपी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप में फैक्ट ट्यूशन सेंटर खैरा की छात्राओं ने लहराया परचम

**चौथी वाणी/नगरा (सारण)।** राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) परीक्षा में फैक्ट ट्यूशन सेंटर, खैरा की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

बताया जाता है कि यह छात्रवृत्ति राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी जाती है। इसके लिए बिहार सरकार द्वारा राज्य स्तर पर प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाती है। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को चार वर्षों तक प्रतिमाह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

फैक्ट ट्यूशन सेंटर, खैरा की पांच छात्राओं—अणि कुमारी, शमा प्रवीण, गरिमा कुमारी, चांदनी कुमारी एवं निक्की कुमारी—ने इस प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर संस्थान का नाम



रोशन किया है। इस अवसर पर ट्यूशन सेंटर के निदेशक संजय कुमार पांडेय एवं बबलू कुमार ने सभी सफल छात्राओं को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षक संजय कुमार पांडेय को दिया। वहीं राणा प्रताप मध्य विद्यालय, रामपुर कला के प्राचार्य निर्मल ओझा, शिक्षक सुनील कुमार सिंह, कृष्ण विराट यादव, नीतीश कुमार गुप्ता सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## राहुल सांकृत्यायन महान भाषाविद और चिंतक थे : कुलपति

**चौथी वाणी ब्यूरो/छपरा (के. के. सिंह सेंगर)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रख्यात साहित्यकार महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई ने

**जेपीयू में राहुल सांकृत्यायन जयंती मनी**

अपने संबोधन में राहुल सांकृत्यायन को महान भाषाविद और चिंतक बताया। उन्होंने कहा कि सांकृत्यायन की रचनात्मक विरासत अत्यंत समृद्ध है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। कुलपति ने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में उनकी ग्रंथावली उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया तथा विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकालय जाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में हिंदी विभाग के प्रो अजय कुमार ने बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए राहुल सांकृत्यायन के कृतित्व और उसके व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डाला। अंग्रेजी विभाग के प्रो गजेंद्र ने सांकृत्यायन के व्यक्तित्व निर्माण में छपरा की भूमिका पर चर्चा की। वहीं प्रो अमरनाथ ने उनके नाटकों के महत्व को रेखांकित करते हुए



भोजपुरी भाषा के प्रति उनके विशेष लगाव को स्पष्ट किया।

दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो सुशील कुमार श्रीवास्तव ने सांकृत्यायन के दर्शन और विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उर्दू विभाग के प्रो शमी अहमद ने भी उनके कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो नारायण दास भी मौजूद रहे। हिंदी विभाग के प्राध्यापकों में प्रो सिद्धार्थ शंकर, प्रो अजय कुमार, डॉ चंदन कुमार श्रीवास्तव, डॉ रजनीश कुमार यादव, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ अविनाश भारती और सीमा कुमारी उपस्थित रहे। इसके अलावा अंग्रेजी विभाग के प्रो उदय शंकर ओझा, उर्दू विभाग के अध्यक्ष मजहर किबरिया तथा दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो विश्वामित्र पाण्डेय सहित, डॉ विद्याभूषण श्रीवास्तव, डॉ दिलीप कुमार प्रसाद सहित अन्य शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मीमचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो सिद्धार्थ शंकर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो हरिश्चंद ने किया। इस अवसर पर हिंदी एवं दर्शनशास्त्र विभाग के विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## आपसी विवाद में युवक पर चाकू से हमला, सदर अस्पताल रेफर

**चौथी वाणी/एकमा (सारण)।** एकमा बाजार में आपसी विवाद के दौरान एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के सफरी गांव निवासी कार्तिक शाह के पुत्र 24 वर्षीय सूरज कुमार साह के रूप में हुई है। बताया गया है कि किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इसी दौरान हमलावर ने सूरज कुमार के सिर पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल सूरज कुमार को तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. मयंक कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

### रिपोर्ट कार्ड के साथ टॉपर्स का सम्मान, मेडल पाकर खिले बच्चों के चेहरे

**चौथी वाणी/मांझी (सारण)।** शनिचरा बाजार स्थित डॉन बॉस्को इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां अभिभावकों की मौजूदगी में बच्चों को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया। समारोह में कक्षा के टॉप तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जूनियर सेक्शन की टॉपर स्वेता कुमारी और सीनियर सेक्शन के टॉपर रेहान आलम को मेडल, प्रोग्रेस रिपोर्ट और दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। अतिथियों ने स्कूल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पेरेंट्स मीटिंग के साथ रिपोर्ट कार्ड वितरण से अभिभावक और शिक्षक के बीच समन्वय बेहतर होता है, जिससे बच्चों की शिक्षा में सुधार आता है। प्राचार्य धीरज पाठक ने कहा कि अभिभावक बच्चों की कमजोरियों को शिक्षकों के साथ साझा कर रहे हैं, जिससे बच्चों के समग्र विकास में मदद मिल रही है। संचालन शिवांगी शुक्ला ने किया।

### हत्या-लूट के मामलों में तेजी लाने का निर्देश, एसएसपी ने की अपराध समीक्षा

**चौथी वाणी/मशरक (सारण)।** थाना परिसर में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में वरीय एसपी विनीत कुमार ने जिले में अपराध की स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। बैठक में एसपी ग्रामीण संजय कुमार समेत सभी डीएसपी और थानाध्यक्ष मौजूद रहे। एसएसपी ने हत्या, लूट, चोरी और शराब तस्करी के मामलों में तेजी लाने के साथ वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रात्रि गश्ती और वाहन जांच अभियान को सख्त करने पर भी जोर दिया। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों को आम जनता के साथ बेहतर समन्वय बनाकर उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

### चोरी गई मूर्तियों की 5 मई को पुनः स्थापना, तीन दिवसीय अनुष्ठान की तैयारी तेज

**चौथी वाणी/मशरक (सारण)।** थाना परिसर स्थित प्राचीन राम-जानकी शिव मंदिर से चोरी हुई मूर्तियों की बरामदगी के बाद अब उनकी पुनः स्थापना को लेकर भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। पुजारी टुन्ना बाबा के अनुसार 3 मई से जलाभिषेक और विशेष पूजा के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। 4 मई को कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके बाद अखंड अष्टयाम का आयोजन किया जाएगा। 5 मई को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान राम, माता जानकी और लक्ष्मण की मूर्तियों की पुनः स्थापना की जाएगी। आयोजन को लेकर प्रबंधन समिति ने बैठक कर सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

### अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**चौथी वाणी/मशरक (सारण)।** मदारपुर बाजार के पास अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान विशुनपुरा सरदारगंज निवासी 64 वर्षीय इस्माइल के रूप में हुई है। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि इस्माइल बाजार आए थे, तभी पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी।

संक्षिप्त खबरें

## भगवानपुर में पैक्स चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन चुनाव स्थगित

**भगवानपुर/वैशाली(चौथी वाणी)।** भगवानपुर प्रखंड के सहथा पंचायत पैक्स चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन चुनाव स्थगित कर दिया गया। घटना से नामांकन दाखिल करने आये अभ्यर्थियों और उनके समर्थकों में आक्रोश व्याप्त हो गया। बताया जाता है कि उक्त पंचायत में पैक्स चुनाव का मतदान आगामी 20



अप्रैल को होना था। नामांकन की तिथि 08 और 09 अप्रैल को था। पहले दिन कोई भी नामांकन नहीं हुआ था, दूसरे दिन दर्जनों की संख्या में अध्यक्ष पद और सदस्य पद के लिए नामांकन करने के लिए उम्मीदवार पहुंचे हुए थे। नामांकन पत्र की जांच की प्रक्रिया भी चल रही थी,उसी दरम्यान बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के संयुक्त सचिव का आदेश- पत्र दीवाल पर चिपका दिया गया और नामांकन की प्रक्रिया रोक दिया गया। उक्त पत्र में मतदाता सूची विवाद को दशार्ते हुए चुनाव स्थगित करने का आदेश जारी किया गया था। जैसे ही उम्मीदवार और उसके समर्थकों को उक्त सूचना प्राप्त हुई,अफरा तफरी मच गई और सारी तैयारी पर पानी फिर गई। नामांकन के दूसरे दिन चुनाव स्थगित होने से लोगों में तरह-तरह की आशंकाएं हो रही है। अधिकांश लोग इसे संदेहास्पद और सोची-समझी साजिश बता रहे हैं।इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए स्थानीय बीडीओ आनंद मोहन की मोबाइल पर पुछे जाने पर उन्होंने फोन काट दिया और उसके बाद उनके द्वारा रिसिव ही नहीं किया गया।

## डायट दिघी हाजीपुर में द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया

**कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य श्रीमती श्रुति एवं डायट के सभी संकाय सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया**

**द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं का पुष्प वर्षा करते हुए तिलक लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किए**

**वैशाली (चौथी वाणी)** हाजीपुर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) दिघी हाजीपुर में ऊए'.एर्ं 2024झ्र26 के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य श्रीमती श्रुति एवं डायट के सभी संकाय सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं का पुष्प वर्षा करते हुए तिलक लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किए। कार्यक्रम के मंच संचालन तौसीफ एवं धीरज कुमार ने किया। कार्यक्रम में द्वितीय वर्ष के साथ प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं ने कविता, नृत्य एवं गायन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मिस फ्रेशर का खिताब प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु राजनंदिनी एवं निधि कुमारी ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य श्रुति के साथ व्याख्याता डॉ शालिनी प्रसाद, डॉ शशिकला निषाद, शैक्षणिक प्रभारी डॉ कंचन कुमार, जय श्री, डॉ शैलजा गुप्ता, डॉ मोहिनी गिरी, अहमर जावेद, अनिता कुमारी, रेणु कुमारी, कुमारी अनुराधा, डॉ संजय कुमार, रणजीत कुमार, बैद्यनाथ यादव एवं डायट के अन्य कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में डी एल एड के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु प्राची, विशाल, धीरज,अखिलेश, सरफराज,चंदन आदित्य, अमन, आशीष , रवि, सर्वोत्तम, गौरव एवं अन्य प्रशिक्षुओं ने अपना सराहनीय योगदान दिया। साथ ही ल्र्ढढकसे भगवत दयाल की सक्रिय उपस्थिति रही।

## नौकरी देने के नाम पर शेखी बघार रहे तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र



**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने शिक्षक नियुक्ति को लेकर तेजस्वी यादव द्वारा सोशल मीडिया 'एक्स' पर किये गये पोस्ट पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव शिक्षक अभ्यर्थियों को नौकरी देने के नाम पर शेखी बघार रहे हैं। जबकि पूरा बिहार सच्चाई को जानता है। देश-प्रदेश के सभी लोग जानते हैं लालू और उसके परिवार ने रेलवे में नौकरी देने के नाम पर कितना बड़ा घोटाला किया है। बिहार में जो नौकरियां दी गयीं, उसका श्रेय माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को जाता है। तेजस्वी का बस चलता, तो शिक्षक के एक-एक पद की खुलेआम बोली लगाते और मोटी कमाई करते। श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार और पूरे देश का हर पढ़ा-लिखा आदमी जानता है कि कोई उपमुख्यमंत्री सिर्फ अपनी मर्जी से कोई बहाली नहीं कर सकता।

## हुरका पंचायत में भव्य दो गोला चैता महामुकाबला, लोकसंस्कृति की बही सुरमयी धारा

**तिलौथू संवाददाता (चौथी वाणी)।** रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत हुरका पंचायत में भव्य दो गोला चैता महामुकाबला का आयोजन बड़े ही उत्साह, उमंग और धूमधाम के साथ किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पैक्स अध्यक्ष राहुल कुमार उर्फ गोल्डन जी के सौजन्य से किया गया, जिसमें क्षेत्रीय लोकसंस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक चैता गीतों की मधुर स्वर लहरियों से पूरा इलाका गूंजता रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दो प्रसिद्ध ब्यास कमलबास कुंवर और रमाशंकर सिंह के बीच चैता गायन की जोरदार जुगलबंदी रही। दोनों कलाकारों ने अपनी सशक्त प्रस्तुति, सुरों की मिठास और लोकधुनों के जादू से उपस्थित हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक से बढ़कर एक चैता गीतों की प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा माहौल उत्साह से भर गया। लोकगीतों के इस महामुकाबले ने ग्रामीण अंचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख कामता सिंह एवं यदुनाथ जी मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में इंद्रपुरी पैक्स अध्यक्ष उमेश यादव शामिल हुए। पूर्व मुखिया राम बच्चन सिंह की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। मंच संचालन की जिम्मेदारी प्रियेश श्रीवास्तव ने संभाली, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को बेहद सुचारू, सधे हुए और आकर्षक अंदाज में संचालित किया।

# यज्ञ से बड़ा कोई मित्र नहीं और यज्ञ से बड़ा कोई शत्रु नहीं : आचार्य सुजीत

**वैशाली ( चौथी वाणी)/** भगवानपुर प्रखंड के रुसुलपुर कोरिगांव में चल रहे रुद्र महायज्ञ के षष्ठम दिवस यज्ञाचार्य सुजीत शास्त्री(मिट्ठू बाबा) ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ का आयोजन अगर निर्विघ्नता से संपन्न हो जाए, तो यज्ञ कल्याणकारी होता है। अगर यज्ञ प्रारंभ से समापन तक, विघ्न-बाधायुक्त होता है, तो वह यज्ञ विनाशकारी होता है।



विघ्न-बाधायुक्त यज्ञ करने वाले, कराने वाले, यज्ञ में सहयोग करने वाले सहित समस्त ग्रामवासियों को नुकसान होता है। यज्ञ में अगर हवण -आहुति या मंत्र की कमी होती है, तो उस क्षेत्र में अकाल की संभावना होती है। यज्ञ में अगर आचार्य-पंडितों का निरादर होता है, तो उस क्षेत्र में अकाल, मृत्यु और प्राकृतिक आपदा आती है। यज्ञ में अगर हवन अच्छे से नहीं हुआ हो, तो यज्ञ में सम्मिलित लोगों पर देवता और पितर नाराज होकर शाप दे देते हैं और उस क्षेत्र में तरह-तरह की परेशानी शुरू हो जाती है। यज्ञ में अगर कुल पुरोहित नाराज हो जाएं, तो उस क्षेत्र के कुल देवता नाराज होकर, यज्ञ में सम्मिलित लोगों को शाप दे देते हैं। यज्ञ में अगर आचार्य पंडित यज्ञ के नियम का पालन नहीं करते हैं, तो उनका पुण्य क्षय होता है और वे दरिद्रता के शिकार हो जाते हैं। यज्ञ में अगर यजमान पूर्ण श्रद्धा और समर्थन के अनुरूप यज्ञ के देवि-देवता, आचार्य पंडितों को आदर-सत्कार नहीं करते, तो उस यज्ञ के यजमान का संचित पुण्य और धन का नाश होता है और घर के सदस्यों को प्राकृतिक बीमारियों का सामना करना पड़ता है। यज्ञ में सभी पंडितों, आचार्यों और यज्ञ करने वाले यजमान को पूर्ण श्रद्धा- भाव से ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए नियमपूर्वक यज्ञ करना चाहिए। यज्ञ की तैयारी करने से पूर्व अपने क्षेत्र या अन्य क्षेत्र के विद्वान, गृहस्थ, अनुभवी और महायज्ञ करने का अनुभव प्राप्त आचार्य- पंडित, कथावाचक, गुरु के सानिध्य और दिशा-निर्देश में यज्ञ-महायज्ञ का आयोजन करना चाहिए, ताकि यज्ञ- महायज्ञ कल्याणकारी हो। अन्यथा यज्ञ में किसी भी तरह की कमी होती है, तो यज्ञ-महायज्ञ विनाशकारी ही होगा।

किसी भी यज्ञ-महायज्ञ करने से पहले अच्छे से समाज के अनुभवी लोग बैठकर यज्ञ के सभी सूक्ष्म बिंदुओं पर विचार कर यज्ञ की तैयारी करें, तभी यज्ञ कल्याणकारी होगा।

इसी लिए कहा गया है कि, यज्ञ से बड़ा कोई मित्र नहीं और यज्ञ से बड़ा कोई शत्रु नहीं।यज्ञ में उपाचार्य विपुल भारद्वाज, पंडित सुदीप शास्त्री जी, पंडित सुशांत तिवारी, पंडित निशांत रंजन तिवारी, पंडित उज्वल आनंद पांडेय, पंडित गोलु तिवारी, पंडित राहुल तिवारी, पंडित बलराम पांडेय, पंडित भोला तिवारी, पंडित कृष्ण कांत द्विवेदी के सामुहिक मंत्रोच्चार से पुरा क्षेत्र मंत्रमुग्ध हो रहा है। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ के मुख्य यजमान संजीव सिंह, हरिशंकर सिंह, मणिकांत प्रसाद सिंह, मनोज कुमार, मिंटु सिंह, पूर्व मुखिया कौशल किशोर सिंह, मुखिया केसरी देवी सहित समस्त ग्रामवासी तत्पर हैं

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में तैयारी



**चौथी वाणी/बिक्रम*:-** पटना जिला के बिक्रम प्रखंड अंतर्गत गोरखरी मोड़ जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी पटना ग्रामीण जिला के द्वारा डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती हर बूथ पर समरसता दिवस के रूप में मनाने के लिए तैयारी बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता उपस्थित रही। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार एवं संचालन नीरज कुमार ने किया। इस बैठक में 14 अप्रैल को डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाकर सार्वजनिक स्थानों पर स्वक्षता अभियान चलाने, छात्रों के पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करने एवं बाबा साहेब के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए चर्चा किया गया। इस बैठक मे मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राज कुमार शर्मा, अमरीश कुमार, जिला महामंत्री बजेश सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती शशि सिंह, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा संधीर यादव, एवं जिला कोषाध्यक्ष लंकेश सिंह, अमरजीत चौहान, श्रीराम शर्मा, जितेन्द्र यादव, अनिल चंद्रवंशी, शंकर गुप्ता, सिंटू, निरज गुप्ता, देवेन्द्र चंद्रवंशी, नीरज कुमार एवं पटना ग्रामीण जिला के सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्रीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## भेदभाव को दूर करने हेतु यज्ञ और कथा हीं उपाय : स्वामी रंगनाथाचार्यजी



**आरा/** चरपोखरी प्रखण्ड के सोनवर्षा ग्राम स्थित देश भर में प्रसिद्ध श्रीतोताद्रिमठ लक्ष्मीनारायण आश्रम पर त्रिदण्डी स्वामी जी के 38 वे स्मृति महोत्सव के उपलक्ष्य में मठाधीश व यज्ञाधीश अनन्तश्री स्वामी रंगनाथाचार्यजी महाराज के नेतृत्व में होरहे साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा सुनने के लिए हजारों के संख्या में हरि भक्त पधारे जहाँ अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक परंपूज्य दयानन्द शास्त्रीजी ने तीन रत्नों की चर्चा करते हुए बताए की जल, अन्न और सुन्दर वाणी यही तीन रत्न हैं पर कुछ मूर्ख लोग पाषाण खंड को रत्न बोलते हैं वर्ण व्यवस्था समाज के संचालन और व्यवस्था की कड़ी है जिसे शास्त्रों में कहा गया है चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुण कर्म विभागशगीता पर वर्तमान के राजनीति ने जातीवाद के विष घोलकर हिन्दू समाज को तोड़ने का कुचक्र खेला गया है जिससे हिन्दूसमाज को बचना चाहिए! उन्होंने कहा की किसी के ह्रदय न दुखाएं और किसी मठ,सन्त या किसी दुसरे के धन न कब्जाएं अन्यथा साठ हजार वर्ष तक विष्ठा के कीड़ा बनकर कष्ट भोगना पड़ता है कथा की पूणार्हुति के मौके पर प्रकांड विद्वान क्रांतिकारी गोविंदाचार्य अनंत पांडेय गोपी जी अर्जुन शास्त्री रोहित पांडेय वैदिक कुरेश के नेतृत्व में विधिवत रूप से यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूणार्हुति कराया समापन के दिन पंडाल श्रद्धालुओं से भरा रहा एवं दुर्धरा से आए हुए हजारों भक्तों ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया इस दौरान अंतिम दिन आयोजित विशाल भंडारे में 20000 से ज्यादा लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया एवं लोगों के बीच लड्डू प्रसाद का विवरण किया गया तत्पश्चातव्यास पीठ पर कथा समाप्ति के बाद आयोजित सम्मान समारोह में अगिआंव के विधायक महेश पासवान पूर्व उपप्रमुख पप्पू कुमार साह पैक्स अध्यक्ष कोयल शैलेश कुमार राय जिले भर से आये हुए सम्मानित जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता जिले भर के सम्मानित पत्रकार समेत गण्यमान लोगों को सम्मानित किया गया वहीं पिछले एक सप्ताह से चले आ रहे भागवत कथा का विधिवत रूप से समापन हो गया कथा को लेकर चारो तरफ माहौल भक्तिमय बना रहा इस आशय की जानकारी आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी चंदन कुमार ने दी।

## जिला संगठनिक दरभंगा पूर्वी की महत्वपूर्ण बैठक का भव्य एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया

**दरभंगा :-(चौथी वाणी)** अलीनगर विधानसभा अंतर्गत ग्राम नरमा में गुरुवार को जिला संगठनिक दरभंगा पूर्वी की महत्वपूर्ण बैठक का भव्य एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी जी का नरमा आगमन कार्यकताओं के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। उनके स्वागत में दरभंगा जिला पूर्वी के महामंत्री श्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने पुष्प वर्षा कर उनका भव्य अभिनंदन किया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा।बैठक का आयोजन नरमा स्थित श्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह के आवास पर किया गया, जहां उन्होंने मिथिला की समृद्ध परंपरा के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य अतिथियों का पाग, चादर, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। साथ ही, प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी जी को प्रतीकात्मक तलवार भेंट कर विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री श्री मनोज सिंह भी गरिमामय उपस्थिति में शामिल रहे।



प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी जी ने अपने संबोधन में आगामी कार्यक्रम—बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सप्ताह, स्थापना दिवस सप्ताह एवं ह्यमन की बातह्न—को व्यापक, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से आयोजित करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की मजबूती हेतु समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करने की अपील की। प्रदेश मंत्री श्री मनोज सिंह ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके जमीनी कार्यकताओं में निहित होती है और सभी से एकजुट होकर आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आग्रह किया। जिला अध्यक्ष श्री विनय पासवान ने कार्यकताओं के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यही ऊर्जा संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है और इसी के बल पर संगठन और अधिक सशक्त बनेगा। इस अवसर पर श्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व का मार्गदर्शन हम सभी कार्यकताओं के लिए ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने आगामी 14 अप्रैल को भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संगठन के निदेर्शानुसार 13 अप्रैल को जहां-जहां बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा तथा जयंती की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। वहीं 14 अप्रैल को माल्यार्पण कर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के विचारों और योगदान को सम्मान देने के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उनके जीवन से जुड़े पंचतीर्थों का विकास, संविधान दिवस के रूप में 26 नवंबर को मान्यता, तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जो बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर जनसंघ कालीन कार्यकर्ता आदरणीय श्री तूफानी बाबा को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मिथिला के परंपरानुसार पाग चादर से सम्मानित किया गया। अंत में, ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम में उत्कृष्ट सफलता हेतु मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, सुधीर सिंह, पंकज कंठ एवं चंदन कुमार ठाकुर को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिला प्रभारी राजीव रंजन, नुनु झा,जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रामकरण दास,विधानसभा संयोजक सुजित चौधरी,प्रभारी राहुल कर्ण,ब्रजेश झा,संतोष झा,बैधनाथ प्रसाद सिंह,महादलित प्रकोष्ठ संयोजक संजय सदा,गंगा राम सहनी,काली प्रसाद साहू,रिंकू देवी,सीता देवी,गीता देवी,प्रकाश सहनी,नीरज कर्ण,दिनेश सिंह,ललित मोहन मिश्र,रामदत्त पासवान,सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं के उत्साह, समर्पण एवं संगठन के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए यह विश्वास व्यक्त किया गया कि आने वाले समय में संगठन और भी अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा।

## वैवाहिक कार्यक्रम में रसोईया वाणिज्यिक गैस के लिए निबंधन करायेंगे

**आरा –** तेल एवं प्राकृतिक गैस की उत्पन्न समस्याओं के मद्देनजर वैवाहिक कार्य हेतु वाणिज्यिक एल०पी०जी० की आपूर्ति के संबंध में। निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रायः यह देखा जाता है कि वैवाहिक कार्यक्रम में व्यक्ति विशेष घरेलू एल०पी०जी० का उपयोग करते हैं जो उचित नहीं है। इससे राज्य में चल रहे एल०पी०जी० की आपूर्ति के बैकलॉग की संख्या और बढ़ जाने की संभावना है। पश्चिम एशिया में तेल एवं प्राकृतिक गैस की उत्पन्न समस्याओं के मद्देनजर राज्य में आने वाले वैवाहिक सीजन में वाणिज्यिक गैस की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति न होने की स्थिति में उत्पन्न समस्याओं के आलोक में निम्नांकित रूप से इस बिंदु पर निदान किये जाने की आवश्यकता है:-1. वैवाहिक कार्यक्रम हेतु रसोईया / कैटरर्स अपने वाणिज्यिक गैस के लिए निबंधन करायेंगे और संबंधित तेल कंपनियाँ अगले 5-7 दिनों में निबंधन करना सुनिश्चित करेंगे। 2. जिस व्यक्ति विशेष के घर में वैवाहिक कार्यक्रम निर्धारित है, उस व्यक्ति विशेष के द्वारा शादी के कार्ड के साथ अपने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति हेतु एक आवेदन समर्पित करेंगे, जिसमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख हो कि उन्हें कितने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की आवश्यकता है तथा उनके उक्त वैवाहिक कार्यक्रम में कितने लोगों के शामिल होने की संभावना है। 3. संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी व्यक्ति विशेष के द्वारा समर्पित आवेदन के आलोक में लोगों की उपस्थिति के संबंध में आकलन करते हुए तद् नुसार संबंधित तेल कंपनी को वैवाहिक कार्यक्रम के दिन वाणिज्यिक गैस की व्यक्ति विशेष द्वारा की गयी मांग एवं उक्त दिन को वाणिज्यिक गैस की उपलब्धता के आधार पर वैवाहिक कार्यक्रम हेतु व्यक्ति विशेष के लिए रसोईया /कैटरर्स को आनुपातिक रूप से वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। 4. वैवाहिक कार्यक्रम हेतु व्यक्ति विशेष के लिए उपलब्ध कराया गया वाणिज्यिक गैस मात्र वैवाहिक कार्यक्रम हेतु में ही प्रयुक्त होंगे। राज्य में आसन्न वैवाहिक कार्यक्रम में आमजन को होने वाली कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त तथ्यों के आलोक में वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

## कराकाट पैक्स चुनाव: अंतिम दिन ज्योति देवी ने ठोकी दावेदारी, मुकाबला रोचक

**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी पैक्स चुनाव 2026 के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए ज्योति देवी ने नामांकन दाखिल कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया, जबकि कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए चार अभ्यर्थियों ने पर्चा भरा। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए ज्योति देवी (पिछड़ा वर्ग अन्य) ने नामांकन किया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए रंजीत कुमार, किरण देवी, अंजना देवी और सुरेंद्र पासवान ने अपना



नामांकन दाखिल किया। प्रत्याशी प्रतिनिधि पिंटू कुमार ने कहा कि पूर्व में उनके परिवार द्वारा पैक्स के माध्यम से किसानों के हित में बेहतर कार्य किए गए हैं, जिसे आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि पैक्स में कुल 2711 मतदाता हैं। नामांकन पत्रों की जांच 10 व 11 अप्रैल को होगी, जबकि अभ्यर्थिता वापसी व प्रतीक आवंटन 13 अप्रैल को किया जाएगा। मतदान 20 अप्रैल को होगा और उसी दिन मतगणना भी संपन्न होगी।नामांकन प्रक्रिया के दौरान सहायक निवार्ची पदाधिकारी अनूज कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## धारूपुर में चैता की धमक, श्रीकांत ने मारी बाजी, विधायक ने किया शुभारंभ

**बिक्रमगंज संवाददाता चौथीं ।** नगर परिषद क्षेत्र के धारूपुर गांव में आयोजित दुगोला चैता कार्यक्रम ने पूरी रात लोकसंस्कृति की रंगत बिखेर दी। गोवर्धन मंदिर प्रांगण में हुए इस आयोजन का उद्घाटन काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह द्वारा वैष्णवी के आशीर्वाद समारोह के अवसर पर आयोजित किया गया। औरंगाबाद से



पहुंचे व्यास श्रीकांत और गुड्डू हलचल के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। दोनों कलाकारों ने पारंपरिक चैता गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंततः श्रीकांत को विजेता और गुड्डू हलचल को उपविजेता घोषित किया गया। विधायक ने कहा कि चैता हमारी लोकसंस्कृति की आत्मा है, ऐसे आयोजन परंपराओं को जीवित रखते हैं। कार्यक्रम का संचालन आकाश बाबा ने किया, जबकि निर्णायक की भूमिका में हरिद्वार सिंह रहे। अंत में विजेता-उपविजेता को शील्ड व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## खबरें एक नजर में

### सरिसवा में नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार।



**मझौलिया(चौथी वाणी)** गुरुवार की शाम पुलिस ने सरिसवा पंचायत के तेलिया पट्टी से 98 अदद नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक धंधेबाज को पकड़ा है।जानकारी एसएचओ अमर कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि जब्त कस्तूरी नेपाली शराब की मात्रा करीब 30 लीटर है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान भोला कुमार ( 25 ) वर्ष, पिता सुभाष साह के रूप में हुई है।एसएचओ के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उक्त कार्रवाई की।

### बेतिया बाजार समिति गेट पर किसानों का प्रदर्शन

**बेतिया(चौथी वाणी)** बाजार समिति के मुख्य द्वार पर बुधवार को किसानों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने अतिक्रमण हटाने और बिना वैकल्पिक व्यवस्था के विस्थापन पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि चार वर्ष पूर्व उन्हें हरीवाटिका शिव मंदिर के पास अस्थायी रूप से बसाया गया था, लेकिन अब महायज्ञ के कारण हटाया जा रहा है। बाजार समिति लौटने पर वहां पहले से अवैध कब्जा मिलने से आक्रोश बढ़ा। एसडीएम द्वारा 9 अप्रैल तक परिसर खाली करने का नोटिस दिया गया है। किसानों ने चेतावनी दी कि समाधान नहीं हुआ तो मुख्य द्वार बंद कर आमरण अनशन करेंगे।

### दूसरी पुण्यतिथि पर हरेंद्र किशोर सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**बगहा/वाल्मीकिनगर(चौथी वाणी)** समाजसेवी व उज्जैन इंजी कॉन के संस्थापक स्व. हरेंद्र किशोर सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर गुरुवार को उनके वाल्मीकिनगर स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि व महिलाएं शामिल हुईं और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें सरल, मिलनसार और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व बताया। कार्यक्रम के दौरान हनुमान आराधना, भजन-कीर्तन तथा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बताया गया कि 9 अप्रैल 2024 को उनका निधन हुआ था। वे अपने पीछे दो पुत्र—धीरेंद्र प्रताप सिंह व महेंद्र किशोर सिंह सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### नेशनल लोक अदालत की तैयारी तेज, 9 मई को होगा आयोजन

**बेतिया(चौथी वाणी)** जिले में 9 मई को आयोजित होने वाली वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनामिका टी ने न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सुलहनिय आपराधिक वादों के निपटारे पर जोर दिया। उन्होंने पक्षकारों के बीच सामंजस्य और भाईचारा कायम करते हुए समझौते के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव धीरेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि बैंक ऋण, बीमा, बीएसएनएल, फॉरेस्ट, लेबर व खनन से जुड़े मामलों के निपटारे हेतु संबंधित विभागों के साथ समन्वय किया जा रहा है। प्रचार-प्रसार भी तेज किया गया है।

### एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने किया कुमारबाग थाना भवन का भूमि पूजन, योगापट्टी थाने का औचक निरीक्षण; 24 घंटे में 13 गिरफ्तार

**बेतिया(चौथी वाणी)** पश्चिम चंपारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने गुरुवार को जिले में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आधारभूत संरचना के विकास की दिशा में अहम पहल की। कुमारबाग थाना क्षेत्र के लखौरा पंचायत स्थित विशुनपुर मदाकर (शेरा) में नए थाना भवन निर्माण के लिए उन्होंने भूमि पूजन किया, जहां कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।इसके बाद एसपी ने योगापट्टी थाना का औचक निरीक्षण कर लंबित कांडों की समीक्षा की और अनुसंधानकताओं को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के निर्देश दिए।इधर, बेतिया पुलिस ने बीते 24 घंटे में सघन अभियान चलाकर 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उत्पाद अधिनियम के तहत दो गिरफ्तारियां हुईं। छापेमारी में 10 किलो 460 ग्राम गांजा और 45 लीटर शराब बरामद की गई। साथ ही पांच अजमानतीय वारंट का निष्पादन, वाहन जांच में 1.50 लाख रुपये जुमार्ना वसूला गया तथा दो मोटरसाइकिल जब्त की गई।



### अल्पसंख्यक व अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में नामांकन शुरू, अलग-अलग तिथियों में आवेदन का मौका

**बेतिया(चौथी वाणी)** जिले में आवासीय विद्यालयों में नामांकन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के तहत राज्य के विभिन्न अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 से 12 तक नामांकन हेतु आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 1 मई निर्धारित की गई है। चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा।वहीं दूसरी ओर, डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-28 के लिए कक्षा 11 में नामांकन को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी अमित भास्कर की अध्यक्षता में बैठक कर व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इस प्रक्रिया के तहत 8 से 27 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे और चयन 10वीं के अंकों के आधार पर किया जाएगा।प्रशासन ने अधिक से अधिक पात्र छात्र-छात्राओं से आवेदन करने की अपील की है, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवासीय सुविधा का लाभ मिल सके।



### पद के दुरुपयोग पर बलथर थानाध्यक्ष निलंबित

**बेतिया( चौथी वाणी)** पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन पश्चिम चंपारण के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बलथर थाना के थानाध्यक्ष, पुलिस अवर निरीक्षक लालदेव दास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई सहायक पुलिस अधीक्षक, बेतिया एवं अंचल पुलिस निरीक्षक, मैनाटांड़ द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जांच में थानाध्यक्ष पर पद के दुरुपयोग, कर्तव्यहीनता तथा संदिग्ध आचरण जैसे गंभीर आरोपों की पुष्टि हुई है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल निलंबन का आदेश जारी किया। बेतिया पुलिस ने स्पष्ट किया है कि लोक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कहलगांव अनुमंडलीय अस्पताल में एसडीएम का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर कसा शिकंजा

**चौथी वाणी/कहलगांव।** अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णा चंद्रगुप्त ने औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था की हकीकत परखी। अचानक हुए इस निरीक्षण से अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान एस डी एम ने ओपीडी, प्रसव कक्ष, दवा भंडार, स्टाफ रूम, एक्स-रे कक्ष एवं जांच घर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद चिकित्सकों और कर्मियों से व्यवस्था को लेकर सीधे सवाल-जवाब किए और कई जरूरी निर्देश जारी किए। एस डी एम ने साफ शब्दों में कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने साफ-सफाई, समय पर इलाज और दवाओं की उपलब्धता को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां भी उजागर हुईं, जिस पर एस डी एम ने नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# बकरी के भात खाने पर भड़का खूनी संघर्ष, एक की मौत

सगे भाइयों की मारपीट में छह घायल, चार आरोपी हिरासत में



**लौरिया(चौथी वाणी)**प्रखंड क्षेत्र के धोबनी पंचायत अंतर्गत व्यासपुर बकुलहिया वार्ड संख्या-6 में एक मामूली विवाद ने भयावह रूप ले लिया। बकरी द्वारा घर का बना भात खा लेने की बात को लेकर दो सगे भाइयों के बीच शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। इस हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए।मृतक की पहचान स्वर्गीय छागुर साह के पुत्र मोतीलाल साह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बीते सोमवार की शाम मोतीलाल साह और उनके भाई मुन्ना साह के बीच बकरी द्वारा भोजन खा लेने को लेकर कहासुनी शुरू हुई थी। विवाद तेजी से बढ़ा और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई, जिसमें लाठी-डंडे भी चले।घटना में मोतीलाल साह समेत भोला साह, अर्जुन साह, दरोगा साह, झगरु साह, शांति देवी और दुलारी देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल लौरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया गया।बताया जाता है कि मंगलवार को इलाज के बाद मोतीलाल साह घर लौट आए थे, लेकिन बुधवार की शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें आनन-फानन में बेतिया अस्पताल ले गए, जहां देर रात करीब 11 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही गुरुवार को लौरिया पुलिस एवं एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने मुन्ना साह और उनके तीन पुत्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक के पुत्र के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## खुले में मांस-मछली बिक्री पर सख्ती, जांच के दौरान दुकानदार फरार



**सुगौली/चौथी वाणी।** नगर पंचायत क्षेत्र में खुले में मांस,मछली की बिक्री पर रोक लगाने को लेकर स्थानीय प्रशासन की टीम ने सख्त रुख अपनाया। गुरुवार को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार एवं कर्मियों की टीम ने विभिन्न स्थानों पर जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान जैसे हीं प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची।मांस मछली खुले में बेंच रहे कई दुकानदार अपनी दुकान छोड़ फरार हो गए। जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जांच के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नगर विकास एवं आवास विभाग से प्राप्त निर्देश के अनुसार अब खुले स्थानों पर मांस,मछली और अन्य मांसाहारी खाध पदार्थ की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि यह कदम स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कदम उठाया गया है।ताकि लोगों को साफ-सुथरे वातावरण में मांस मछली उपलब्ध हो सके।हालांकि इस कार्रवाई के बीच एक महत्वपूर्ण सवाल भी सामने आया है कि नगर पंचायत एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मांस-मछली की बिक्री एक निर्धारित स्थान तक सीमित नहीं है। कई जगहों पर छोटे-छोटे विक्रेता खुले में ही व्यवसाय करते हैं। ऐसे में सभी विक्रेताओं के लिए एक साथ शेड या शीशायुक्त दुकान का निर्माण कर पाना चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है।इस बाबत कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि थाना स्थित मां मछली के दुकानों पर पहुच कर शमशाद कुरैशी,रूसतम कुरैशी इम्तियाज तथा समीर आलम और मछली बिक्रता जयबभिषण सहनी,मुन्नी लाल साह,लालबाबु साह,राम एकबाल सहनी सहित अन्य को नोटिश तामिला कराया गया है।वही इओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आरटीपीस कर्मी शाबीर अंसारी,बिजली मिस्त्री शमशेर आलम,लिपिक श्रीप्रकाश,पदचर अकबर आलम के साथ जांच करने पहुके और नोटिस दिया गया।प्रशासन का कहना है कि इस दिशा में स्थायी समाधान के लिए विक्रेताओं को स्वयं आगे आना होगा और नियमों का पालन करना होगा। यदि विक्रेता इच्छाशक्ति दिखाते हुए साफ-सुथरे एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप दुकानें तैयार करते हैं, तो न केवल उनका व्यवसाय सुरक्षित रहेगा बल्कि आम जनता को भी बेहतर सुविधा मिल सकेगी। वहीं प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## विरासत संरक्षण से लेकर राशन व्यवस्था तक सख्त निर्देशः 'ज्ञान भारतम्'अभियान में जुड़ने की अपील, आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के आदेश



**बेतिया(चौथी वाणी)**पश्चिम चम्पारण में प्रशासन एक ओर जहां देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है, वहीं दूसरी ओर खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के लिए सख्त कदम भी उठा रहा है। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने ह्लज्ञान भारतम्ह्व राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि प्राचीन पांडुलिपियां हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियां—चाहे वे कागज, ताड़पत्र, भोजपत्र या धातु पर हों—इस अभियान के तहत चिन्हित कर डिजिटल रूप में संरक्षित की जाएंगी। इसके लिए आम नागरिक मोबाइल ऐप, वेबसाइट या क्यूआर कोड के माध्यम से अपनी जानकारी साझा कर सकते हैं।

वहीं समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में डीएम ने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्ड में दर्ज मृत व्यक्तियों के नाम हटाने, फर्जी लाभुकों की जांच करने तथा लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया। साथ ही ई-केवाईसी और राशन कार्ड टैगिंग का कार्य दो सप्ताह में पूरा करने का निर्देश दिया गया।

जन वितरण प्रणाली की दुकानों के नियमित निरीक्षण, समय पर खाद्यान्न उठाव एवं वितरण सुनिश्चित करने तथा लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। जिला प्रशासन ने नागरिकों, संस्थानों और अधिकारियों से सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए स्पष्ट किया कि पारदर्शिता और विरासत संरक्षण दोनों ही प्रशासन की प्राथमिकता हैं।

## बॉर्डर से गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार,भेजा जेल

**मैनाटांड(चौथी वाणी)**इंडो- नेपाल सीमा पर तैनात 44 वीं एसएसबी पचरौता के निरीक्षक बलवंत सिंह जड़ेजा के नेतृत्व में एसएसबी जवान तथा भंगहा पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार की देर रात थुकहा गांव के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 10 किलो 460 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान भंगहा थाना क्षेत्र के चपरिया टोला निवासी आनंद कुमार के रूप में की गई है। संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से गांजा बरामद होने के बाद उसे हिरासत में लिया गया।एसएसबी और पुलिस द्वारा आवश्यक पूछताछ के बाद गांजा को विधिवत जब्त कर आरोपी को भंगहा पुलिस को सौंप दिया गया। भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि आरोपित को जेल भेजा जा रहा है।



## एलपीजी आपूर्ति चरमराई, वितरकों का फूटा आक्रोश. बुकिंग में भारी देरी और दबाव से डिलीवरी व्यवस्था पर संकट गहराया



**बेतिया(चौथी वाणी)** लौरिया में गुरुवार को एलपीजी गैस वितरकों और डिलीवरी मैन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें मौजूदा आपूर्ति संकट और प्रशासनिक रवैये को लेकर तीखी नाराजगी सामने आई। बैठक के बाद हुई प्रेस वार्ता में वितरकों ने अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वे ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन पर लगातार संदेह और अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

वितरकों के अनुसार ग्रामीण इलाकों में गैस बुकिंग के बाद सिलेंडर मिलने में करीब 45 दिनों का समय लग रहा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि लगभग 25 दिन है। इस असमानता से उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है और इसका खामियाजा डिलीवरी कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। लौरिया में संचालित तीन गैस एजेंसियों—दो इंडियन ऑयल और एक हिंदुस्तान पेट्रोलियम—के बावजूद आपूर्ति व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। डिलीवरी मैन की परेशानी बताते हुए उन्होंने कहा कि सुबह 7 बजे से ही वे घर-घर गैस पहुंचाने में जुट जाते हैं, लेकिन देरी के कारण उन्हें उपभोक्ताओं के आक्रोश और अपमान का सामना करना पड़ता है। स्थिति यह है कि हर मोहल्ले में विरोध झेलना पड़ रहा है, वहीं प्रशासन की ओर से कार्रवाई और प्राथमिकी दर्ज करने की चेतावनी ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। वहीं, एडीएम सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने स्थिति में सुधार का दावा करते हुए कहा कि जिले में गैस बैकलॉग धीरे-धीरे कम हो रहा है। उनके अनुसार पहले जहां लंबित बुकिंग की संख्या 95 हजार से अधिक थी, वह अब घटकर करीब 75 हजार रह गई है और आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। वितरकों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर कार्रवाई का वे समर्थन करते हैं, लेकिन बिना ठोस आधार के उन्हें निशाना बनाना न्यायसंगत नहीं

## डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय चौतरवा में विधायक ने किया निरीक्षण, दिए कई आवश्यक निर्देश



**बगहा (चौथी वाणी)**बृहस्पतिवार को बगहा विधायक राम सिंह ने बगहा 1 प्रखंड के डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का विधिवत रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान राम सिंह ने कहा कि विद्यालय के प्रधानाचार्य को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की योजनाओं को पूर्ण रूप से लागू कर उनके हक में कार्य करें। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों के पठन पाठन के साथ निमार्णाधीन बेल्डिंगे को भी निरीक्षण किया गया तथा जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का आदेश दिया गया. इस दौरान विद्यालय के मेस में पहुंच कर बेहतर भोजन बच्चों को मुहैया कराने के लिए आदेश दिया गया। साथ ही विद्यालय में शांति और कानून व्यवस्था का पालन निश्चित रूप होने का आदेश दिया।

## यूपी पुलिस ने सुगौली से नव दंपति को लिया हिरासत में, अपहरण मामले में दर्ज केस पर की गई कार्रवाई

**सुगौली,चौथी वाणी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से उत्तर प्रदेश की पुलिस टीम ने एक नव दंपति को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई से इलाके में कुछ देर के लिए हलचल का माहौल बन गया। स्थानीय थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश से आई पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से इस कार्रवाई को अंजाम दिया।स्थानीय थाना से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक पर उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के पाली थाना में लड़की के अपहरण का मामला कांड संख्या 3/2026 दर्ज होने के बाद यूपी पुलिस टीम युवक की तलाश में सुगौली पहुंची थी। जांच के क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि युवक पिछले दिनों लड़की से शादी कर गांव में नव दम्पति के रूप में साथ-साथ रह रहे हैं।इसके बाद यूपी पुलिस के उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से छापेमारी कर दोनों को हिरासत में ले लिया। उपनिरीक्षक श्री सिंह ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए अपने राज्य के थाना ले जाया जा रहा है। जहां दर्ज धाराओं के अनुसार कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।स्थानीय थानाध्यक्ष ने भी इस पूरी कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई विधि-सम्मत तरीके से की गई है और इसमें सुगौली पुलिस ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया





## योजना ठप, शहर बेहाल, नाले के कटाव से बढ़ी मुश्किलें, महापौर का प्रशासन पर प्रहार

**बेतिया(चौथी वाणी)** मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना एवं स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज योजना के अंतर्गत कमलनाथ नगर से सुप्रिया रोड होते हुए एनएच-727 तक प्रस्तावित सड़क निर्माण और कच्चे मुख्य नाले के पक्कीकरण कार्य में लंबी विलंबिता से क्षेत्र की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने निरीक्षण के दौरान तीखी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग एक वर्ष पूर्व स्वीकृत एवं निविदा संपन्न होने के बावजूद कार्यारंभ न होना प्रशासनिक शिथिलता का द्योतक है।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पाया कि दशकों पुराने कच्चे नाले में जल प्रवाह के तीव्र दबाव से दोनों तटों पर निरंतर कटाव हो रहा है, जिससे नाले का आकार अनियंत्रित रूप से फैलता जा रहा है। इससे न केवल संरचनात्मक संकट उत्पन्न हुआ है, बल्कि स्थानीय निवासियों की दैनिक जीवनचर्या भी प्रभावित हो रही है।महापौर ने स्पष्ट किया कि निगम स्तर पर योजना के दोहराव की बाध्यता के कारण कार्य निष्पादन संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने जिला पदाधिकारी से शीघ्र हस्तक्षेप कर कार्य प्रारंभ कराने की प्रतिबद्धता जताई है।

## लौरिया सीएचसी का विधायक विनय बिहारी ने किया औचक जायजा

**दवा, स्वच्छता व स्त्री रोग विशेषज्ञ की बहाली पर दिया जोर।**

**लौरिया(चौथी वाणी)**क्षेत्रीय विधायक विनय बिहारी ने लौरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का आकलन किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, इलाज की प्रक्रिया और दवाओं की उपलब्धता की बारीकी से समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान विधायक वार्डों में पहुंचे और भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी परेशानियों को जाना। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि साफ-सफाई की व्यवस्था नियमित रूप से दुरुस्त रखी जाए तथा सभी जरूरी दवाएं हर समय उपलब्ध रहें, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े।अस्पताल प्रभारी डॉ. रौशन कुमार ने इस मौके पर विधायक को अस्पताल की जरूरतों से अवगत कराते हुए सुरक्षा के लिए चाहरदीवारी निर्माण, स्वास्थ्यकर्मियों के लिए आवासीय सुविधा और अन्य संसाधनों के विस्तार की मांग रखी। साथ ही उन्होंने अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती को बेहद आवश्यक बताया।विधायक ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाते हुए विशेष रूप से स्त्री रोग विशेषज्ञ की जल्द बहाली का आश्वासन दिया। उन्होंने परिसर में तैनात सुरक्षा गार्डों को भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता के साथ करने का निर्देश दिया।इस दौरान अस्पताल प्रबंधक राहुल सिंह, बड़ा बाबू संत भास्कर, पूर्व पैक्स अध्यक्ष लड्डू सिंह, पूर्व मुखिया संजय प्रसाद एवं पैक्स अध्यक्ष रघु राज प्रताप सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### समिति गठन को लेकर कोचस में सरगर्मी तेज, 16 अप्रैल को पार्षदों की भूमिका अहम; समय पर पहुंचने का निर्देश

**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** नगर पंचायत कोचस में सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिए 16 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है, जिसे लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सभी निर्वाचित वार्ड पार्षदों को निर्धारित तिथि, समय और स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा गया है। साथ ही पार्षदों को समय पर पहुंचने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह चुनाव बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम-2026 एवं राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के निदेशों के आलोक में गुप्त मतदान के माध्यम से बहुमत के आधार पर कराया जाएगा। निर्वाचन की प्रक्रिया प्रखंड कार्यालय, सासाराम में पूर्वाह्न 8 बजे से प्रारंभ होकर समाप्ति तक जारी रहेगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी माननीय पार्षदगण अपने साथ पहचान प्रमाण पत्र एवं निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र लेकर ही मतदान स्थल पर उपस्थित होंगे। इधर, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कोचस को निर्देश दिया गया है कि सभी पार्षदों को सूचना समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा तामिला प्रतिवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। प्रशासन ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का दावा किया है।

### काराकाट पुलिस की कार्रवाई में गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव निवासी स्वर्गीय राम लखन महतो के 58 वर्षीय पुत्र सुरेश महतो के घर पर की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब 1.380 ग्राम गांजा बरामद किया। इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से ही सुरेश महतो को गिरफ्तार कर लिया। काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि आरोपित के घर से गांजा बरामद होने के बाद उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है और किसी भी सूरत में इस तरह के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आवश्यक पूछताछ एवं जांच के बाद गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है तथा अवैध नशा कारोबारियों में दहशत का माहौल है।

### बिजली चोरी पर कड़ा प्रहारः एसटीएफ की छापेमारी, आरओ प्लांट समेत छह पर केस

**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** बिजली चोरी पर नकेल कसने के लिए विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज की टीम ने एसटीएफ के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान मीटर बाईपास कर अवैध बिजली उपयोग करते कई उपभोक्ता पकड़े गए, जिन पर जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई। अभियान में आरा रोड निवासी आरओ संचालक बद्री भगत पर 2.31 लाख रुपये का जुमार्ना किया गया। वहीं दुगार्डीह के धरनिधर मिश्रा, जालेश्वर मिश्रा, नारायण राम और शंभू मिश्रा सहित अन्य पर भी अलग-अलग राशि का जुमार्ना लगाया गया। संझौली निवासी विद्यासागर शर्मा पर भी मीटर बाईपास के मामले में कार्रवाई हुई। सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया कि सभी मामलों में अवैध कनेक्शन हटाकर विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी अभियान जारी रहेगा। छापेमारी में विद्युत अधीक्षण अभियंता नवीन कुमार, सहायक अभियंता (राजस्व) समरजीत कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### 90 दिवसीय कठोर प्रशिक्षण के बाद डॉ. मयंक कुमार राय बने लेफ्टिनेंट, विश्वविद्यालय लौटने पर भव्य स्वागत

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के एनसीसी विभाग के समन्वयक डॉ. मयंक कुमार राय ने 90 दिवसीय कठिन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त कर लिया है। प्रशिक्षण पूरा कर विश्वविद्यालय लौटने पर सहकर्मियों एवं अधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत



किया गया। डॉ. राय ने अपनी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय प्रशासन एवं 42 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट अनूप कुमार सहित सभी सहयोगियों को दिया। उनके आगमन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. जगदीश सिंह, रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. कुमार आलोक प्रताप एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। यह प्रशिक्षण भारतीय सेना के संरक्षण में ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी, नागपुर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. राय ने ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, फायरिंग, आपदा प्रबंधन, राष्ट्रीय एकीकरण, खेलकूद एवं एनसीसी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। अपने अनुभव साझा करते हुए डॉ. राय ने कहा कि यह 90 दिनों का प्रशिक्षण प्रत्येक एनसीसी अधिकारी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इससे एनसीसी के सभी पहलुओं की गहन समझ विकसित होती है। डॉ. राय की यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

### कथराई पंचायत बना मिसालः गीले कचरे से तैयार खाद का शुभारंभ, उत्पादन और बिक्री एक साथ शुरू

**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** प्रखंड क्षेत्र के कथराई पंचायत में गुरुवार को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (डब्लूपीयू) के तहत नाडेप विधि से तैयार जैविक खाद का विधिवत शुभारंभ किया गया। खास बात यह रही कि यहां खाद का उत्पादन और बिक्री एक साथ शुरू कर दी गई, जिससे पंचायत क्षेत्र में नई पहल की मिसाल कायम हुई है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रभूषण गुप्ता ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बीपीआरओ सुमित चौधरी, प्रखंड समन्वयक मोहम्मद सलीम, जिला पार्षद विनय पाल, कथराई पंचायत की मुखिया निर्मला देवी (निर्मला कुमारी) एवं मुखिया प्रतिनिधि जयशंकर प्रसाद सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया



कि यह जैविक खाद घरों से निकलने वाले गीले कचरे—जैसे फल एवं सब्जियों के छिलके, जूठन और गोबर—को एकत्र कर वैज्ञानिक तरीके से तैयार की जाती है। नाडेप विधि के तहत तैयार इस खाद को बनने में लगभग 2 से 3 महीने का समय लगता है और यह मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में बेहद कारगर साबित होती है। कार्यक्रम के दौरान मौके पर ही किसानों के बीच जैविक खाद की बिक्री भी की गई। इससे किसानों को सस्ती एवं पर्यावरण अनुकूल खाद उपलब्ध हो सकेगी। वहीं गांव में स्वच्छता को भी बढ़ावा मिलेगा।जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को ग्रामीण विकास, स्वच्छता और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और अधिक से अधिक लोगों से इस मॉडल को अपनाने की अपील की।

# दैनिक साक्षात्कार में डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिया त्वरित निष्पादन का निर्देश

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने गुरुवार को दैनिक साक्षात्कार कार्यक्रम के तहत चार व्यक्तियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान आवेदक योगेन्द्र प्रसाद सिंह, ग्राम-विर्शा, पो०-गोटपा, थाना-बिक्रमगंज द्वारा भूमि विवाद एवं जान-माल की सुरक्षा से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने इसके निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,



बिक्रमगंज को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। वहीं आवेदिका इशरत जहां, पति मो. हसीन, मोहल्ला दलेलगंज, पो०/थाना-सासाराम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन पत्र दिया गया, जिसे निराकरण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया। इसके अलावा आवेदक शैलेन्द्र सिंह, संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड रोहतास द्वारा चौकीदार के पद पर नियुक्ति के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसे निष्पादन हेतु जिला सामान्य शाखा, रोहतास को भेजा गया। इसी प्रकार शेष आवेदन पत्रों एवं शिकायतों को भी संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन के लिए निर्देशित किया गया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और सभी संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए गए हैं।

## टीकाकरण में सुस्ती पर सीएस का सख्त रुख, एक हफ्ते की मोहलत-वरना वेतन पर लगेगी रोक



**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** सिविल सर्जन (सीएस) मणिराज रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को गार्डासिल वैक्सीन की धीमी प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी) एवं बीएचएम शामिल हुए, जबकि बीसीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक के दौरान सीएस ने राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक द्वारा जारी निदेशों को साझा करते हुए बताया कि जिले में गार्डासिल वैक्सीनेशन की उपलब्धि मात्र 4.5 प्रतिशत है, जो निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले काफी कम है। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर प्रगति में सुधार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्पष्ट चेतावनी दी गई कि तय समय में सुधार नहीं होने पर संबंधित कर्मियों के वेतन पर रोक लगा दी जाएगी। इसके अलावा, सीएस ने जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इंजरी रिपोर्ट को ऑनलाइन अपलोड नहीं करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा में पाया गया कि सासाराम, नासरीगंज और काराकाट को छोड़कर अन्य संस्थानों में यह कार्य संतोषजनक ढंग से नहीं हो रहा है। बैठक में ह्वभाव्याह्ल कार्यक्रम की राज्य स्तरीय रैंकिंग में गिरावट पर भी गहरी नाराजगी व्यक्त की गई और इसमें सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अजय कुमार सिंह, कार्यकारी अधीक्षक डॉ. अशीत रंजन सहित जिले के सभी एमओआईसी एवं बीएचएम उपस्थित रहे।

## पर्यवेक्षण-गृह, रोहतास का त्रैमासिक निरीक्षण, किशोरों के पुनर्वास व सुरक्षा व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** जिला निरीक्षण समिति द्वारा बुधवार को पर्यवेक्षण-गृह, रोहतास का नियमित त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय ने की। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संस्थान में रह रहे किशोरों के पुनर्वास, उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की गहन समीक्षा करना था। समिति ने पर्यवेक्षण-गृह में आवासीय व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, परामर्श सेवाओं तथा किशोरों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि पर्यवेक्षण-गृह में रह रहे किशोरों को सुधारात्मक, सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नियमित त्रैमासिक निरीक्षण के माध्यम से संस्थान की कमियों की पहचान कर उन्हें तत्काल दूर करने का प्रयास किया जाता है, ताकि यहां रह रहे किशोरों के पुनर्वास



और सर्वांगीण विकास में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किशोरों की शिक्षा, स्वास्थ्य, मानसिक परामर्श और दैनिक जरूरतों से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर और प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर जिला निरीक्षण समिति के सदस्य डॉ. मणिराज रंजन, सिविल सर्जन, रोहतास; जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रोहित रौशन; सुश्री विनीता कुमारी, वरीय उपसमाहर्ता-सह-सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई; सुश्री श्वेता कुमारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, रोहतास; तेजबली सिंह, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, रोहतास; डॉ. राजीव रंजन, मनोचिकित्सक, सदर अस्पताल, सासाराम; तथा विक्रमादित्य पाल, बाल संरक्षण पदाधिकारी (संस्थागत), जिला बाल संरक्षण इकाई, रोहतास सहित पर्यवेक्षण-गृह के अधीक्षक एवं सभी कर्मीगण उपस्थित रहे।

## बिक्रमगंज अनुमंडल का 42वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** बिक्रमगंज अनुमंडल का 42वां स्थापना दिवस बुधवार को धूमधाम और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर अनुमंडल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लेकर अनुमंडल के विकास, जनकल्याण और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करने की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने बिक्रमगंज अनुमंडल के प्रत्येक नागरिक के कल्याण एवं विकास के लिए कार्य करने, कानून का सम्मान करने, न्याय, समानता और पारदर्शिता के मूल्यों को बनाए रखने तथा आपसी समन्वय के साथ अनुमंडल के सर्वांगीण विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के उपरांत स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर खुशी का इजहार किया गया। भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार ने इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को संबोधित करते हुए बिक्रमगंज अनुमंडल की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों, प्रशासनिक प्रगति और विकास यात्रा की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अनुमंडल के विकास में सभी अधिकारियों एवं कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण है और सामूहिक प्रयास से ही क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर कार्यपालक दंडाधिकारी अखिलेश्वर सिंह, अवर निवार्ची पदाधिकारी खुश्बू कुमारी, सुधीर कुमार, सुरेंद्र सिंह, दीपू कुमार, मदन कुमार, प्रेम कुमार, बिनोद कुमार सहित कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### मातृत्व सुरक्षा अभियान में 146 गर्भवतियों की जांच, मुफ्त दवा व पोषण सामग्री वितरित

**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी):** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस में गुरुवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित कर 146 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व (एएनसी) जांच की गई। इस दौरान सभी लाभार्थियों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं तथा पोषण के लिए केला एवं सेव की भी व्यवस्था की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तुषार कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व की दिशा में समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। जांच के दौरान महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक परामर्श तथा पोषण संबंधी जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से गर्भवती महिलाओं में जागरूकता बढ़ती है और समय पर इलाज मिलने से जटिलताओं की आशंका कम होती है।

## मेहनत लाई रंगः बिहार टॉप-10 छात्रा पर 20 हजार की बौछार, जिला टॉपर भी सम्मानित

**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मान में कथराई पंचायत स्थित बीएपी शिक्षा सदन कोचिंग संस्थान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि जयशंकर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिहार टॉप-10 में स्थान बनाने वाली छात्रा दीपशिखा को 20,000 रुपये की सहयोग राशि एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, जिला टॉपर रिचा कुमारी को पांच हजार रुपये की राशि, पुस्तक एवं डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुखिया प्रतिनिधि जयशंकर प्रसाद ने कहा कि बेटियां



आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने छात्राओं को आगे भी मेहनत जारी रखने और अपने जिले व राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में जिला परिषद सदस्य विनय पाल की भी उपस्थिति रही। वहीं, बीडीसी प्रतिनिधि कथराई पंचायत सह प्रखंड अध्यक्ष आरएलएम धनंजय शर्मा (बीस सूत्री सदस्य, कोचस) ने भी छात्राओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कोचिंग संस्थान के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम ने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और छात्राओं के मनोबल को नई ऊंचाई देने का संदेश दिया।

## कोचस पैक्स चुनाव में गहमागहमी तेज, नामांकन में उमड़ा समर्थकों का सैलाब

**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** कृषि साख समिति (पैक्स) चुनाव को लेकर गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान कोचस प्रखंड मुख्यालय में गहमागहमी चरम पर रही। अध्यक्ष पद के लिए कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया, जबकि विभिन्न वार्डों से 26 सदस्यों ने भी अपना नामांकन पत्र प्रखंड विकास अधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया। नगर पैक्स कोचस से अध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र दुबे, सुनील कुमार दुबे एवं राकेश कुमार ने नामांकन किया। वहीं कोचस पैक्स-2 से अध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार और रामप्रवेश सिंह ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में समर्थकों की भीड़ उमड़ी, जिससे पूरे परिसर में चुनावी माहौल गर्म रहा। नगर पंचायत पैक्स अध्यक्ष पद के लिए सुनील दुबे के नामांकन के दौरान समर्थकों का जबरदस्त जुटान देखने को मिला। संजय पांडे, अशोक राय, छोटू कुशवाहा, पतलू कुशवाहा, कुमार सिंह, रंगली यादव, विनय कुशवाहा, मुन्ना

**सुनील ने भरा पर्चा, समर्थकों ने लगाए जोरदार जिंदाबाद के नारे**



पासवान, विनोद चौबे, छोटू दुबे, पप्पू दुबे, बबलू दुबे, आशिक अंसारी, बीटू कुशवाहा, अंशू चौहान, दिनेश पाठक, मुकुल दुबे, तेज नारायण दुबे, विजय साह, बीरेन्द्र बैठा, विजय कुशवाहा, विकास प्रजापति, छठु कुशवाहा, भुवर चौहान, मुना साह, कन्हैया यादव, गोपचन राम एवं नंदलाल राम सहित सैकड़ों समर्थकों ने ह्लसुनील दुबे जिंदाबादह्व के नारे लगाए। समर्थकों ने अपने प्रत्याशी को माला पहनाकर स्वागत किया और जोरदार नारेबाजी की। समर्थकों ने कहा कि सुनील दुबे एक ईमानदार, कर्मठ एवं किसानों के हित में काम करने वाले प्रत्याशी हैं, जिनकी जीत तय मानी जा रही है। प्रखंड विकास अधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी चंद्रभूषण प्रसाद ने बताया कि 10 अप्रैल को स्क्रूटनी के साथ नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद 20 अप्रैल को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हाई स्कूल परिसर में मतदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

## खबरें एक नजर में

# सिकेरिया घाट से मांगोबंदर-गिद्धौर सड़क तक नए पथ निर्माण की मांग

**झाझा विधायक दामोदर रावत ने सरकार से सड़क अधिग्रहण व निर्माण की रखी मांग**

**विधानसभा में उठा मुद्दा, हजारों ग्रामीणों को मिलेगा लाभ**

**गिद्धौर/जमुई (चौथी वाणी)।** प्रखंड के विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। गिद्धौर निवासी एवं झाझा क्षेत्र के विधायक दामोदर रावत ने विधानसभा पटल पर एक अहम मांग उठाते हुए जमुई-कटौना पथ में किऊल नदी पर बने सिकेरिया घाट पुल से गरसंडा ग्राम होते हुए मांगोबंदर-गिद्धौर सड़क को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण की मांग की है। विधायक ने सरकार से आग्रह किया है कि उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत अधिग्रहित कर इसका समुचित निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि यह सड़क क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाएगी। ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ प्रस्तावित सड़क के निर्माण से गिद्धौर और आसपास के कई गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, खासकर बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। यदि यह सड़क बनती है, तो सिकेरिया घाट पुल से सीधे मांगोबंदर-गिद्धौर मुख्य सड़क तक कनेक्टिविटी स्थापित हो जाएगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान हो जाएगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह मांग क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़क निर्माण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी। इस मांग को लेकर अब सभी की नजरें राज्य सरकार पर टिकी हैं कि कब इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिलती है और धरातल पर कार्य शुरू होता है।



# राज्य के आर्थिक विकास में व्यापारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्णः संजय सरावगी

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** कोशी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अर्जुन दहलान की अध्यक्षता में विकासशील बिहार में व्यापारियों की दशा और दिशा विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी उपस्थित रहे। परिचर्चा को संबोधित करते हुए संजय सरावगी ने कहा कि राज्य के आर्थिक विकास में व्यापारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं व्यापार को सुगम बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने व्यापारियों से सुझाव लेकर व्यापार के अनुकूल वातावरण तैयार करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। अध्यक्षता कर रहे अर्जुन दहलान ने कहा कि बदलते आर्थिक परिवेश में व्यापारियों के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं, जिनके समाधान के लिए



सरकार, प्रशासन और व्यापारिक संगठनों के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिचर्चा से व्यापारियों को अपनी समस्याएँ रखने एवं समाधान खोजने का अवसर मिलता है। डॉ शशिशेखर झा के संचालन में आयोजित परिचर्चा में उपस्थित व्यापारियों एवं गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा व्यापार के विकास, सरल नियम व्यवस्था, बेहतर आधारभूत संरचना और सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारीगण एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित थे। महासचिव विवेक विशाल ने सभी अतिथियों धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कार्यक्रम का सफल संचालन निकुन तुलसियान एवं गोकुलधाम परिवार के द्वारा किया गया। चैम्बर के महासचिव विवेक विशाल, सचिव विजय बगरिया, चंद्रमणि सिंह, उपाध्यक्ष संजीव झा ह्यगुल्टी बाबूह्व, उपाध्यक्ष सुशील सिंह, उपाध्यक्ष संजय डिडवानिया सहित चैम्बर के कई पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। वही परिचर्चा में भाग लेने वाले प्रमुख सदस्यों में डॉ अंकुर चांद, पंकज तुलस्यान, सचिन तुलस्यान, गोपाल दहलान, संजय बगरिया, सुनील जालान, कन्हैया सुरेका, सुबोध मांडीवाल, मुन्ना मांडीवाल गौरव तुलस्यान, रोहित तुलस्यान, कुबेर तुलस्यान, राजेश दारुका, जयप्रकाश शारदा, अनिल मस्करा, अरविंद डोकानियां, दीपक अग्रवाल, दीपक भीमसरिया, रमेश भीमसरिया, सुधीर सर्राफ, सुनील टेकरीवाल, रंजीत दास, अनुज कुमार सिंह, अजय सिंह,पंकज कुमार गुप्ता, सौरभ बांका, चंदन डीडवानिया, अमित शाह, सुशील साहू, संजीव कुमार बर्मा, राजेश तोदी, आलोक जैन, राजीव जैन, रोहित जैन, नीरज केशरी, ओम प्रकाश गुप्ता, मो अम्मार, हरीश चैधरी, जिला व्यापार संघ के अध्यक्ष अर्जुन चैधरी, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश चैधरी, निगम-34 वार्ड पार्षद सिंकु सिन्हा बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान प्रांतीय उपाध्यक्ष अमर दहलान, अध्यक्ष राजेश यादुका, सचिव निकुन तुलस्यान, कोषाध्यक्ष गौतम दहलान, सुशील दहलान, रिंकेश अग्रवाल, मनीष खेमका, शंभू टेकरीवाल, दीपक तुलस्यान, नितेश दहलान, सौरभ दहलान, विनोद अग्रवाल, किशन डीडवानिया, शिवम खेतान, समाजसेवी उमेश दहलान, राधे श्याम अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच कै अध्यक्ष आदित्य मित्तल, सचिव विनित अग्रवाल, आशु अग्रवाल, सुमित केजरीवाल, टिल्लू अग्रवाल, गोलू अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल थे।

# सार्थक क्लासेज संस्थान की नई शाखा का विधायक गौतम कृष्ण ने किया उद्घाटन

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** जिला के सीटेट व बीपीएससी छात्रों के लिए खुशखबरी भरी खबर है। शहर के इस्लामिया चैक पर सीटेट एवं बीपीएससी छात्र-छात्राओं की तैयारी को लेकर सार्थक क्लासेस की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर महिषी विधायक डॉक्टर गौतम कृष्णा के द्वारा फीता काटकर कोचिंग संस्थान का उद्घाटन किया गया। जो छात्र छात्राओं के तैयारी के लिए सार्थक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि कोशी जैसे क्षेत्रों में सहरसा अब शिक्षा हब बनते जा रहा है। उन्होंने जिले के छात्रों को जिले में ही रहकर पढ़ाई करने की बात कही उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को अपने शहर में रहकर बेहतर पढ़ाई करवा सकते हैं। अब शहर में कई अच्छे-अच्छे शिक्षण संस्थान खुल चुके हैं। इसी कड़ी में सार्थक क्लासेज भी बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की अनुभवी टीम द्वारा विशेष रूप से तैयारी करवाई जाएगी। इस अध्ययन कार्य में इंजीनियर एस भारती एवं उनके अनुभवी टीम द्वारा चलाई जाएगी।उन्होंने बताया कि सार्थक क्लासेस दरभंगा में सीटेट परीक्षा परिणाम में 96.11ज रहा है जो छात्रों के लिए बहुत ही खुशखबरी है।इसकी नयी शाखा का विस्तार सहरसा में किया गया है ताकि बच्चे घर पर रहकर अच्छी तैयारी कर सकें।



# निशांत कुमार को मुख्यमंत्री और नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाने की मांग,जदयू जिलाध्यक्ष का बड़ा बयान

**चौथीवाणी/लखीसराय/** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के लखीसराय जिला अध्यक्ष रामानुज शर्मा ने पार्टी नेतृत्व को लेकर बड़ा बयान देते हुए निशांत कुमार को बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनाने की मांग उठाई है। साथ ही उन्होंने वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाए जाने की भी पुरजोर वकालत की है।रामानुज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार ने एक ऐसा दौर देखा है, जब राज्य में भय, भ्रष्टाचार और



अराजकता चरम पर थी। उन्होंने लालू-राबड़ी शासनकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय हालात इतने खराब थे कि लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया था। उन्होंने कहा कि उस दौर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ह्लनया बिहार, नीतीश कुमारह्व का नारा दिया और नीतीश कुमार के नेतृत्व पर भरोसा जताया। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने अपनी सूझबूझ और राजनीतिक कौशल से बिहार को सुशासन की राह पर लाया और सामाजिक समरसता के जरिए सभी वर्गों को एक मंच पर लाने का काम किया। उनके नेतृत्व में बिहार ने विकास और स्थिरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज पार्टी को मजबूत और जीवंत बनाए रखने के लिए एक युवा नेतृत्व की जरूरत है, जो नीतीश कुमार की विरासत को आगे बढ़ा सके। उन्होंने निशांत कुमार को एक परिपक्व और सक्षम युवा बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी और राज्य दोनों का भविष्य सुरक्षित है।रामानुज शर्मा ने यह भी कहा कि यदि नेतृत्व की ओर से नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाने और निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग उठती है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने इसे समय की मांग बताते हुए अपने पूर्ण समर्थन की घोषणा की। अंत में उन्होंने निशांत कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ह्लस्वस्थ बिहार, निशांत कुमारह्व आज की जरूरत है और यही नारा राज्य को नई दिशा देगा।

# ज्ञान भारतम मिशन पर जोर,लखीसराय में पांडुलिपियों के सर्वे व डिजिटलीकरण की तैयारी




**चौथीवाणी/लखीसराय/**समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में गुरुवार को ज्ञान भारतम मिशन को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम नीरज कुमार ने की। इसमें जिले में पांडुलिपियों के सर्वेक्षण और डिजिटलीकरण के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने पर जोर दिया गया।डीडीसी बोले- ज्ञान परंपरा को बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने मिशन की रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि यह पहल देश की प्राचीन ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक धरोहर और बौद्धिक विरासत को सुरक्षित करने की दिशा में अहम कदम है। इसके तहत सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों, पुस्तकालयों, मठ-मंदिरों, शिक्षण संस्थानों और निजी संग्रहकताओं के पास उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान कर उनका डिजिटलीकरण किया जाएगा। बताया गया कि 70-75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी पांडुलिपियां ऐतिहासिक और शैक्षणिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में इनका सूचीकरण, कैटलॉगिंग और संरक्षण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी और आईसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को मिशन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर जिले में विशेष सर्वे अभियान चलाने को कहा गया। स्कूल, कॉलेज, पुस्तकालय और निजी संग्राहकों से संपर्क कर पांडुलिपियों की जानकारी जुटाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में डिजिटलीकरण के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की बात कही गई। अधिकारियों को संबंधित ऐप डाउनलोड करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि मिशन के तहत एआई आधारित डिजिटल रिपॉजिटरी तैयार की जाएगी, जिससे शोधार्थियों और आम लोगों के लिए पांडुलिपियों तक पहुंच आसान होगी। दुर्लभ पांडुलिपियों के अनुवाद और प्रकाशन की दिशा में भी कार्य होगा।बैठक में स्थापना उपसमाहर्ता शशि कुमार,डीटीओ मृणाल रंजन, डीपीआरओ रवि कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पम्मी रानी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# बी एड कॉलेज के पास हुई लूट कांड मामले का एसपी ने किया खुलासा,दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार,लूटी गई बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद



***एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी***

**चौथीवाणी/लखीसराय/**पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रांगण में एसपी प्रेरणा कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि लखीसराय थाना अंतर्गत इ.एं कॉलेज के पास हुई लूट के मामले में दो अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा लूटी गई बुलेट मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि 22 फरवरी की रात्रि 10:30 बजे नया टोला हसनपुर ग्राम निवासी स्वर्गीय विनो सिंह के पुत्र रविंद्र कुमार,लखीसराय के एक तिलक समारोह से अपने घर वापस लौट रहे थे कि तभी रास्ते में बी एड कॉलेज के समीप अज्ञात अपराधियों के द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर इनका बुलेट मोटरसाइकिल लुट लिया गया था घटना की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा तत्काल करवाई वाई करते हुए रविंद्र कुमार के फर्द बयान के आधार पर लखीसराय थाना कांड संख्या 119 / 26 दिनांक 23 फरवरी 2026 धारा 310 ( 2 )बीएस के अंतर्गत दर्ज करते हुए अनुसंधान का भार पुलिस अवर निरीक्षक सौरभ कुमार को सौंप गया जिसके बाद कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक लखीसराय के निर्देशन तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक स्क्ळ का गठन किया गया जो अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी कर रही थी।इसी क्रम में 30 मार्च को जमुई जिले के काकन ग्राम निवासी मूसो महतो उर्फ मुनेश्वर महतो के पुत्र शिवम कुमार को घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल तथा अन्य कांडों में चोरी की गई तीन मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था पकड़े गए अभियुक्त शिवम कुमार से पूछताछ में मिली जानकारी तकनीकी विश्लेषण तथा आसूचना संकलन के आधार पर अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु स्क्ळ तथा एसटीएफ द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी जिस क्रम में दिनांक 8 अप्रैल को किउल थाना क्षेत्र के लाखोंचक से ओम कुमार की गिरफ्तारी की गई जिसकी निशाना दैही पर जमुई थाना क्षेत्र के नवीनगर से गौरव कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया एवं उसकी निशानदेही पर तेतराहट थाना क्षेत्र के सतसंडा ग्राम से लूटी गई बुलेट मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद किया है।उन्होंने यह भी कहा कि लखीसराय पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध इसी प्रकार से कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# तीन दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का हुआ समापन



**जमुई (चौथी वाणी)।** जिला प्रशासन ने न्यू द्वारिका विवाह भवन में तीन दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। निर्धारित कार्यक्रम मुदित माहौल में गुरुवार को संपन्न हो गया। डीएम श्री नवीन ने आर्ट ऑफ लिविंग के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का समापन करते हुए कहा कि अंतर्मन की शांति प्रशासन की रीढ़ है। लोक सेवक के कंधों पर समाज की बड़ी जिम्मेदारियां होती हैं। इसका निर्वहन तभी प्रभावी हो सकता है , जब पदस्थ स्वयं आंतरिक रूप से शांत और संतुलित हों। तीन दिवसीय हैप्पीनेस शिविर व्यक्तिगत खुशी और सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा। प्रशासनिक फैसले और अधिक मानवीय , धैर्यवान और हितकारी होंगे। सुदर्शन क्रिया और ध्यान से प्राप्त ऊर्जा ओहदेदारों को जटिल चुनौतियों के बीच भी स्थिर रहकर कार्य करने की शक्ति देगा। डीएम ने आर्ट ऑफ लिविंग टीम की तारीफ की और उसके क्रिया कलापों को सराहा। डीडीसी सुभाष चंद्र मंडल , एडीएम रविकांत सिन्हा , डीटीओ डॉ. सुनील कुमार , डीईओ दया शंकर , उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार , अवर निबंधक विनीत कुमार , सहायक निदेशक काजोल मोदी , डीपीओ सीमा कुमारी , सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मेनका कुमारी आदि ओहदेदारों ने हैप्पीनेस प्रोग्राम में अपनी उपस्थिति दर्ज की और योग एवं ध्यान को आत्मसात किया।

# बेगूसराय जिले भर में शिक्षा बना व्यापार प्राइवेट स्कूल बना लूट का अड्डा

( आनंद कुमार जायसवाल)




**बेगूसराय (चौथी वाणी)** बेगूसराय जिला मुख्यालय से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित ऊंची-ऊंची इमारतें और छोटे-छोटे प्राइवेट स्कूल केवल बच्चों के अभिभावकों को लूटने का अड्डा बन गया है। निजी स्कूलों में री एडमिशन के नाम पर हर साल हजारों हजार रुपए अवैध रूप से वसूली की जाती है, एनसीईआरटी की सस्ती किताब की जगह 60-70 प्रतिशत कमीशन देने वाले प्राइवेट प्रकाशन के महंगे-महंगे किताब, कॉपी सहित अन्य स्टेशनरी सामग्री, जूता-मोजा, स्कूल ड्रेस, स्कूल बस किराया निजी स्कूलों द्वारा संचालित दुकानों से खरीदने के लिये मजबूर किया जाता है। प्राइवेट स्कूल द्वारा संचालित किताब-कॉपी, स्टेशनरी और ड्रेस की दुकानों पर अभिभावकों को लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर भीड़ लगाकर किताब,कॉपी, ड्रेस सहित अन्य स्टेशनरी सामग्री खरीदते रोज देखा जा रहा है। प्राइवेट स्कूल शिक्षा का मंदिर नहीं केवल किताब,कॉपी, ड्रेस, बेचने का व्यवसायिक केन्द्र और री एडमिशन के नाम पर मोटी रकम लूटने का अड्डा बन गया है। मासिक पढ़ाई का शुल्क, स्कूल बस किराया का लिस्ट भी इनका हजारों हजार में है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता खराब रहने के कारण सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक भी अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने को मजबूर है। निजी स्कूलों की मनमानी, री एडमिशन के नाम पर लूट ऊंचे मूल्य की किताब, कॉपी, ड्रेस खरीदने पर मजबूर करने पर रोक लगाने इसका विरोध करने के लिये बच्चों के अभिभावकों को सबसे पहले एकजुटता दिखाकर विरोध करना होगा। भ्रष्ट पदाधिकारियों,राजनितिक दल, नेताओं सहित अन्य का संरक्षण प्राप्त होने के कारण प्राइवेट स्कूल का लूट जारी है। स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के बाद अलग से ट्यूशन पढ़ाने के लिये भी दबाव बनाया जाता है। इससे साफ पता चलता है कि प्राइवेट स्कूल पर ऊंची दुकान फीकी पकवान वाली कहावत सच चरितार्थ हो रही है।

# नाबालिग के कंधों पर अवैध शराब का कारोबार

**लखीसराय में कबैया थाना की सख्त कार्रवाई**

**चौथीवाणी/लखीसराय/**लखीसराय/जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है, लेकिन अब इस धंधे में नाबालिगों की बढ़ती संलिप्तता गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है।कबैया थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष रणधीर कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक बार फिर नाबालिग के जरिए शराब तस्करी का मामला सामने आया है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व टाउन थाना पुलिस ने भी शहर के शहीद द्वार के समीप से एक नाबालिग को भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब के साथ पकड़ा था।इसी क्रम में मिली गुप्त सूचना के आधार पर कबैया थाना पुलिस ने छापेमारी कर अहम सफलता हासिल की। कार्रवाई के दौरान कुल 13.125 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। जब्त शराब में 750 एमएल की 16 बोतल रॉयल स्टैग और 375 एमएल की 3 बोतल रॉयल चैलेंज शामिल हैं। छापेमारी के दौरान मौके से एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया, जिसे आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत



संबंधित प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।कबैया थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस धंधे में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

## भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण अंग ज्योतिष मानवीय जीवन को समझने और सही दिशा देने का विज्ञान- डॉ चौरसिया

### ज्योतिष अति विशाल एवं प्राचीन काल गणना का शास्त्र, जिसका प्रारंभिक ज्ञान हम सबके लिए आवश्यक एवं उपयोगी- डॉ कुणाल

**दरभंगा (चौथी वाणी)** दरभंगा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग एवं डॉ प्रभात दास फाउंडेशन, दरभंगा के संयुक्त तत्त्वावधान में "ज्योतिषस्य व्यावहारिकं ज्ञानम्" विषय पर एकल व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग में किया गया। पीजी संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णकांत झा की अध्यक्षता में आयोजित व्याख्यान में मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो पूनिता झा- उद्घाटन कर्ता, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ कुणाल कुमार झा- मुख्य वक्ता, व्याख्यान संयोजक डॉ आर एन चौरसिया- बीज वक्ता, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शिवानंद झा- विशिष्ट वक्ता, संस्कृत प्राध्यापिका डॉ ममता स्नेही- स्वागत कर्ता, उदयनाचार्य पीठ की संयोजिका डॉ मोना शर्मा-धन्यवाद कर्ता एवं शोधार्थी रितु कुमारी ने संचालक के रूप में अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन से, जबकि समापन राष्ट्रगान से हुआ। मंगलाचरण कन्हैया झा, दीप प्रज्वलन मंत्र दीपेश रंजन तथा सरस्वती वंदना कुमकुम कुमारी ने प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत पाग, चादर एवं पुष्पगुच्छ से किया गया। वहीं सभी प्रतिभागियों को फाउंडेशन की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएम कॉलेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ संजीत कुमार झा, महारानी कल्याणी कॉलेज, लहेरियासराय की संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ ममता कुमारी, शोधार्थी- संपा नंदी, मंजू अकेला, उदय कुमार उदेश, योगेन्द्र पासवान, फाउंडेशन के कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह, छात्र- जिग्नेश कुमार, रूपेश, शंकर, गुड़िया, मोनी, मुस्कान, ज्योति, पुष्पा, पूजा, खुशबू, भारती, रेशमी, प्रतिभा, अमीषा, शिवानी, मनीष, शिवम, दिवाकर, राम सुफल, गौरव, राम नरेश, कन्हैया, विकास, लाल बाबू, सुरेन्द्र, शुभम, सुदीप, अमरजीत, प्रेमचन्द, गौतम, मुकेश, सन्नी, कंगन, अभिषेक, अंजली, निशा, श्वेता, रविकांत सहित 60 से अधिक व्यक्ति उपस्थित थे। उद्घाटन संबोधन में प्रो पुनीता झा ने कहा कि प्राच्य विद्याओं में भारतीय पारंगत रहे हैं। हमारी सभी विधाएं वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हैं, जिनसे प्रभावित होकर विदेशी लोग भी नतमस्तक हो जाते हैं। छात्र संस्कृत एवं ज्योतिषीय ज्ञान का जीवन में उपयोग कर लाभ उठाएं। मुख्य वक्ता डॉ कुणाल कुमार झा ने कहा कि ज्योतिष काल गणना करने वाला शास्त्र है जो अति विशाल एवं प्राचीन कालीन है। इसका प्रारंभिक ज्ञान सबके लिए आवश्यक एवं उपयोगी है। छह वेदांगों में ज्योतिष को नेत्र कहा जाता है, जिसके प्रमुख तीन अंग हैं। सूर्य सृष्टि की उत्पत्ति का मुख्य कारक है जो संसार की आत्मा भी कहा जाता है। सौरमंडल के केन्द्र में स्थित सूर्य निरंतर गतिमान रहता है, जिसकी 12 राशियां हैं, जिन्हें विभिन्न दिशाओं में बांटा गया है। 27 नक्षत्र हैं, जिनका गहरा प्रभाव सभी जीव-जन्तुओं पर पड़ता है। उन्होंने संस्कारों की चर्चा करते हुए कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित 'शिशुबोध' ग्रन्थ के अध्ययन से पंचांग का बोध अत्यंत सरल हो जाता है। बीज वक्ता एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ आर एन चौरसिया ने कहा कि ज्योतिष भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है जो जीवन को समझने और सही दिशा देने का भी विज्ञान है। इसका हमारे दैनिक जीवन से बहुत ही गहरा संबंध है। कहा कि पारंपरिक दृष्टि से ज्योतिष भाग्य और कर्म के मिश्रण को दिखाता है और बतलाता है कि किस समय कौन-सा प्रयास करने पर फल बेहतर मिल सकता है। ज्योतिष हमें महत्वपूर्ण निर्णयों- यज्ञ, विवाह, गृह-प्रवेश, मुंडन, उपनयन, व्यापार- प्रारंभ आदि के शुभ मुहूर्त चुनने और अनुकूलता से कार्य प्रारंभ कर अपने प्रयासों के फल को अधिक लाभकारी बनाने में मदद करता है। इसका उद्देश्य भाग्य पर आश्रित होना नहीं, बल्कि वर्तमान कर्म को जागरुक एवं सुदृढ़ बनाकर भविष्य को उन्नत करना है। दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शिवानन्द झा ने कहा कि ज्योतिष हमारे व्यावहारिक जीवन से जुड़ा हुआ शास्त्र है। 'समय का विज्ञान' कहलाने वाला ज्योतिष का छात्र अपने जीवन में सदुपयोग कर लाभ उठा सकते हैं।अध्यक्षीय संबोधन में डॉ कृष्णकांत झा ने कहा कि ज्योतिषशास्त्र हमारी प्राचीन विरासत है, जिसमें काल गणना प्रमुख है। ज्योतिष से भविष्य की संभावनाओं की जानकारी मिलने से मन को स्थिर कर चुनौतियों का सामना अधिक विवेक से किया जा सकता है। कहा कि हमारे सभी पर्व-त्यौहार हिन्दी मास- चैत से फागुन के अनुसार ही होते हैं। अंग्रेजी गणना बहुत बाद में आयी है, जिसकी उपयोगिता भी कम है। डॉ ममता स्नेही, डॉ मोना शर्मा एवं रीतु कुमारी आदि ने भी ज्योतिष के व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्योतिष ज्ञान अथाह समुद्र जैसा है।



## राजा भईया की मेहनत रंग लाई सरकारी चारागाह की भूमि से अवैध कब्जा हटाने के आदेश, अतिक्रमण करियों को तीन महीने की जेल,



**राजस्थान (चौथी वाणी)** -- कहते हैं कोशिस करने वालों की हार नहीं होती इसी कहावत को चरित्रार्थ किया है हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष,आरटीआई कार्यकर्ता एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने राजस्थान के टोंक जिले की तहसील अलीगढ के उलखना ग्राम में पिछले कई वर्षो से भू माफिया कुछ दवांग लोगों ने सरकारी चारागाह की भूमि के खसरा नम्बर 135 रकबा 1.29 है. की भूमि पर अवैध कब्जा कर आरा मशीने लगा कर पक्के मकान बनाने के साथ साथ फसल उगा रखी थी तथा बाड़े बना रखे थे आरटीआई के माध्यम से सारे सबूत जुटा कर पिछले कई महीनों से उक्त सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने की लड़ाई राजा भईया द्वारा लड़ी जा रही थी उपरोक्त प्रकरण में संबंधित तहसीलदार, एसडीएम से लेकर जिला कलेक्टर और संभागीय आयुक्त अजमेर सहित राजा भईया ने लिखित शिकायतें की थीं और कई बार जिला कलेक्टर व संभागीय आयुक्त से व्यक्तिगत भी मिले थे उनकी मेहनत आखिर कार रंग लाई सभी अतिक्रमणकारियों को भौतिक रूप से बेदखल करने और उन पर जुमार्ना लगाने के साथ साथ उनकी अवैध फसल को जप्त कर तीन महीने की सिविल जेल की सजा भी सुनाई है और आदेश की प्रतियां आदेश पालना हेतु भू अभिलेख निरीक्षक टोंक एवं हल्का पटवारी उलखाना को भेजी गई है और जेल वारंट थाना प्रभारी अलीगढ को अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजे गए हैं, उपरोक्त सभी अवैध अतिक्रमणकारियों को पूर्व में भी भू राजस्व अधिनियम की धारा 91 की कार्यवाही करते हुऐ उक्त सरकारी भूमि से बेदखल किया जा चूका था परन्तु इन्होंने पुनः उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया था,आज पत्रकारों को उपरोक्त बाबत उक्त आदेश की सत्य प्रतियां देते हुऐ राजा भईया ने सारे मामले की जानकारी स्वयं दी है।

# पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने वैश्विक ऊर्जा सकट के बीच भी एलपीजी की सतत आपूर्ति को सुनिश्चित किया

### पटना-दुनिया भर में ऊर्जा के संकट के बीच ईंधन की उपलब्धता बाधित हुई है, इस बीच भारत ने अपने घरों के लिए एलपीजी की सुलभता को जारी रखा है

**पटना (चौथी वाणी)** पटना पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने वैश्विक ऊर्जा सकट के बीच भी एलपीजी की सतत आपूर्ति को सुनिश्चित कियाः 18 करोड़ से अधिक सिलेंडर डिलीवर किए गए

पटना-दुनिया भर में ऊर्जा के संकट के बीच ईंधन की उपलब्धता बाधित हुई है, और कई क्षेत्रों में ईंधन की जबरदस्त कमी आ गई है। इस बीच भारत ने अपने घरों के लिए एलपीजी की सुलभता को जारी रखा है और बाहरी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद बड़े पैमाने पर स्थिरता को सुनिश्चित किया है। भारत अपनी एलपीजी की 60 फीसदी जरूरत के लिए आयात पर निर्भर है और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए वैश्विक आपूर्ति के केंद्रीकरण को देखते हुए, सरकार ने आपूर्ति सुरक्षित करने और घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए तेजी से कदम उठाए। घरेलू उत्पादन बढ़ाने और कई भौगोलिक क्षेत्रों से सोर्सिंग में विविधता लाने जैसे उपायों ने सुनिश्चित किया कि आपूर्ति स्थिरता से होती रही। यही कारण है पूरे देश में एलपीजी का वितरण बड़े पैमाने पर जारी है; 1 मार्च 2026 से अब तक 18 करोड़ से ज्यादा सिलेंडर डिलीवर किए जा चुके हैं और रोजाना 60 लाख से ज्यादा सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। डिलीवरी का औसत समय लगभग तीन दिन बना हुआ है।हालांकि कुछ स्थानों पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर की डिलीवरी में देरी का सामना करना पड़ा है। ये मामले ज्यादातर स्थानीय और अस्थायी रहे हैं, जो मांग में अचानक बढ़ोतरी और लास्ट-माईल ऑपरेशनल परेशानियों की वजह से आए। इन समस्याओं को तुरंत हल करने के लिए वितरण को सुव्यवस्थित करने, डिलीवरी के समय को बेहतर बनाने और बुनियादी स्तर पर निगरानी को मजबूत बनाने के लिए खास कदम उठाए जा रहे हैं।खास बात यह है कि आपूर्ति में कोई बड़ी रुकावट नहीं आई है, और सभी डिस्ट्रीब्यूटरशिप में एलपीजी की उपलब्धता स्थिर बनी हुई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) के साथ लगातार निगरानी और तालमेल की वजह से कामकाज सुचारू रूप से चल रहा है।इसके साथ ही, सरकार ने उपभोक्ताओं को वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए सोच-समझकर कदम उठाए हैं। परिवारों पर, विशेष रूप से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों पर, इसका असर सीमित रखा गया है, जो किफायती दाम पर एलपीजी उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।ऐसे समय में जब कई अर्थव्यवस्थाएँ बड़ी मुश्किलों का सामना कर रही हैं, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए एलपीजी आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखना- भारत के एनर्जी इकोसिस्टम की मजबूती और प्रत्यास्थता को दशार्ता है।पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय बिना किसी रुकावट के हर घर तक सुरक्षित और किफायती एलपीजी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है, और साथ ही वितरण नेटवर्क की कार्यक्षमता और पारदर्शिता को भी लगातार मजबूत बना रहा है।

# मानदेय भुगतान न होने से नाराज डीआरपी, लखनऊ में प्रदर्शन की तैयारी



**लखनऊ(चौथी वाणी)** उत्तर प्रदेश आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत जिला संसाधन व्यक्ति (डीआरपी) अब लंबित मानदेय भुगतान को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। प्रदेशभर के डीआरपी ने लखनऊ स्थित मिशन कार्यालय पर प्रदर्शन करने और ज्ञापन सौंपने की तैयारी शुरू कर दी है। साथ ही एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री से मुलाकात का कार्यक्रम भी प्रस्तावित किया गया है। जानकारी के अनुसार, प्रदेश में लगभग 700 डीआरपी विभिन्न जनपदों में इंपैनल किए गए थे। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद कई डीआरपी को कार्य भी आवंटित किया गया, लेकिन आरोप है कि अब तक किसी भी जनपद में मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इससे डीआरपी में भारी नाराजगी व्याप्त है।रायबरेली से इंपैनल आईबीसीबी थीम के डीआरपी एवं अधिवक्ता विष्णु मिश्रा के आह्वान पर सभी डीआरपी से लखनऊ में एकत्र होकर मिशन निदेशक का घेराव करने की अपील की गई है। वहीं डीआरपी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार पांडेय (कुशीनगर) ने मिशन के सुस्त रवैए पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जल्द ही सामूहिक कार्य बहिष्कार का संकेत दिया है।बरेली से इंपैनल एफआई थीम के डीआरपी नेता राजेश द्विवेदी ने भी सभी साथियों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने और लखनऊ में एकता प्रदर्शित करने का आह्वान किया है। उनका कहना है कि जब तक भुगतान प्रक्रिया में सुधार नहीं होगा, तब तक डीआरपी के हित सुरक्षित नहीं हो सकते।मिजार्पुर से एसआईएसडी थीम के डीआरपी नेता डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि कई जनपदों में डीआरपी को वर्षभर में काम तक नहीं मिला, जबकि जहां कार्य मिला भी, वहां मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने इसे डीआरपी के लिए गंभीर संकट की स्थिति बताया।डीआरपी प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मानदेय भुगतान की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।


# प्यासे को पानी पिलाना मानवता का पहला धर्म :- बोहरा

### पशुओं की जल सेवा में लगाई जल कुण्डियां, पंछियों के लिए बांधे परिण्डे व पक्षी घर



**बाड़मेर राजस्थान (चौथी वाणी)** जन कल्याण संस्थान बाड़मेर की ओर से थार नगरी, बाड़मेर में बेजुबान पशुओं व अबोल पंछियों की जल सेवा को लेकर निरन्तर अलग-अलग स्थानों पर जल कुण्ड़िया व परिण्डे लगाएं जा रहे है। जिस कड़ी में गुरूवार को शहर में कल्याणपुरा व हम्मीरपुरा मोहल्ले में कई स्थानों पर संस्थान अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में पशुओं के लिए जल कुण्डिया लगाई गई वहीं पंछियों के लिए पेड़ों पर मिट्टी के परिण्डे व छोटे-छोटे पक्षीघर लगाएं गए।संस्थान के हरीश बोथरा ने बताया कि जन कल्याण संस्थान अपने उद्देश्यों के अनुरूप जीवों की सेवा व कल्याण को लेकर गुरूवार को शहर में कल्याणपुरा व हम्मीरपुरा क्षेत्र में पशुओं की जल सेवा को लेकर जल कुण्डी व पक्षियों की जल सेवा के लिए मिट्टी के परिण्डे लगाएं गए। जिसमें सम्बन्धित मोहल्ले वासियों ने उत्साह दिखाते हुए अपने-अपने घरों के आगे जल कुण्डियां लगाई व पेड़ों पर पंछियों के लिए परिण्डे लगवाएं। इस वर्ष 200 से अधिक जल कुण्डियां व 2000 से अधिक मिट्टी के परिण्डे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि भीषण गर्मी के दिनों में बेजबान पशुओं व अबोल पक्षियों के लिए हलक तर करना बड़ा कठिन हो जाता है। ऐसे में संस्थान ऐसे जीवों की सेवा को लेकर काफी संजीदा व तत्पर है। अमन ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना मानवता का पहला धर्म है। जिसमें प्यासा चाहे इंसान हो या पशु या पक्षी हो, हमें सबकी निःस्वार्थ भाव से सेवा करने की जरूरत है।इस दौरान अशोक धारीवाल, मुकेश अमन, अंकित धारीवाल, हरीश बोथरा, जितेन्द्र जैन, भरत धारीवाल, सुनील आचार्य सहित मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का सम्मान अभी भी अधूरा, उनके विचारों में बसता है सच्चा राष्ट्रवादः राजेश खुराना



उत्तर प्रदेश,संजय सागर सिंह। भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के प्रणेता और विश्व स्तर पर सम्मानित महान विचारक डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती को ह्यविश्व ज्ञान दिवसह्न के रूप में मनाने की अपील के साथ समाज में उनके विचारों को व्यापक रूप से अपनाने की मांग उठी है। वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहेब को आज तक जितना सम्मान मिला है, वे उससे कहीं अधिक के हकदार हैं। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर जी का योगदान केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने बताया कि आज बाबासाहेब की जयंती केवल भारत में ही नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क, टोरंटो, लंदन, टोक्यो, हंगरी और दुबई सहित विश्व के अनेक अंतरराष्ट्रीय शहरों में भी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाती है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 14 अप्रैल को ह्यविश्व ज्ञान दिवसह्न के रूप में मान्यता दिया जाना उनके बढ़ते वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है।राजेश खुराना ने कहा कि अम्बेडकर जी केवल एक संविधान निमार्ता नहीं, बल्कि ज्ञान, संघर्ष और असाधारण विद्वता के प्रतीक थे। उनकी शिक्षा के प्रति लगन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अल्प समय में उच्च शिक्षा के कई कीर्तिमान स्थापित किए और हजारों पुस्तकों का अध्ययन किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विश्व के कई प्रतिष्ठित विद्वानों और नेताओं ने अम्बेडकर जी के ज्ञान और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विश्वप्रसिद्ध लेखक जॉन गुंथर ने अपनी पुस्तक इनसाइड एशिया में लिखा डॉ. अम्बेडकर जी के विचारों से राष्ट्रवाद और देशभक्ति छलकती है।अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें ह्यज्ञान का प्रतीकह्न कहते हुए कहा था कि ह्ययदि अम्बेडकर जी हमारे देश में जन्म लेते तो हम उन्हें सूर्य कहते। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने भी अम्बेडकर जी को अपना गुरु मानते हुए कहा था कि उनके योगदान का सम्मान अभी भी अधूरा है। प्रसिद्ध नेता पं. मदनमोहन मालवीय ने 1935 में कहा था अम्बेडकर जी के राष्ट्रवादी पांडित्य का मुकाबला संपूर्ण भारत के बुद्धिजीवी मिलकर भी नहीं कर सकते।उन्होंने बताया कि अम्बेडकर जी ज्ञान, संघर्ष और असाधारण विद्वता का अनुपम संगम हैं। बाबासाहेब दुनिया के सबसे अधिक शिक्षित महान व्यक्तित्वों में गिने जाते हैं। वे अक्सर मजाक में कहते थे कि ह्यमेरे पास डिग्रियों के ट्रंक भरे पड़े हैं, यदि उनसे कुछ हासिल कर सकते हो तो कर लो। उनकी ज्ञान-पिपासा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने लंदन विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में 1000 दिनों में 16,000 पुस्तकें पढ़ीं। 8 वर्षों की पढ़ाई सिर्फ 2 वर्ष 3 महीने में पूर्ण कर दी। वे 14 भाषाओं के ज्ञाता थे। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान 2000 पुस्तकें खरीदीं। गोलमेज सम्मेलन के समय खरीदी गई पुस्तकें 32 संदूकों में भारत पहुंचीं। मुंबई स्थित उनके निवास ह्यराजगृहह्न का पुस्तकालय दुनिया के सबसे बड़े निजी पुस्तकालयों में गिना जाता है, जहां लाखों दुर्लभ पुस्तकों का संग्रह था।उन्होंने यह भी बताया कि विश्व ज्ञान रत्न वैश्विक मान्यताओं से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हैं। 1953 में उस्मानिया विश्वविद्यालय ने उन्हें डी.लिट. और 1952 में कोलंबिया विश्वविद्यालय ने मानद एलएल.डी. की उपाधि दी। प्रशस्ति में लिखा गया यह सम्मान भारतीय संविधान निर्माण में उनकी अद्वितीय भूमिका के लिए है। वे महान समाज सुधारक और मानवाधिकारों के रक्षक हैं। महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनके स्कूल प्रवेश दिवस 7 नवंबर को ह्यविद्यार्थी दिवसह्न घोषित करना भी उनकी शिक्षा-प्रेरणा का सम्मान है। उनका योगदान अमूल्य है, और वे जितने सम्मान के अधिकारी हैं, दुनिया अभी भी उससे कम दे पा रही है। आज तक डॉ. अम्बेडकर जी को जितना सम्मान मिला है, वे उससे कहीं अधिक के हकदार हैं।

"उनके विचारों ने भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना की नींव रखी, और इसके माध्यम से भारतीय मुद्रा प्रणाली को संगठित और सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया" डॉ. आंबेडकर जी के योगदान को याद करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना ने कहा, "भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विद्वान अर्थशास्त्री और मानवाधिकारों के जनक, भारतरत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी को उनके योगदान के लिए विनम्र अभिवादन। डॉ. बाबा साहब ने भारतीय आर्थिक संरचना को सशक्त बनाने के लिए जो मार्गदर्शन दिया, वह देश के आर्थिक केन्द्रीकरण, स्वतंत्रता और प्रगति की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। श्री खुराना ने यह भी बताया कि डॉ. आंबेडकर जी के सुझावों और उनकी प्रसिद्ध पुस्तक "भारतीय रुपये की समस्या - इसकी उत्पत्ति और समाधान" के आधार पर 1926 में हिल्टन यंग कमीशन (रॉयल कमीशन ऑन इंडियन करेंसी एंड फायनेंस) द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक की अवधारणा तय की गई थी। उनके विचारों ने भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना की नींव रखी, और इसके माध्यम से भारतीय मुद्रा प्रणाली को संगठित और सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया गया। उन्होंने कहा,1 अप्रैल 1935 को भारतीय रिजर्व बैंक की औपचारिक स्थापना की गई, लेकिन अफसोस की बात यह है कि डॉ.बाबा साहब को भेदभाव के कारण वह सम्मान और मान्यता नहीं दी, जिसके वे पूरी तरह से पात्र थे। उनके योगदान को न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में बल्कि भारतीय समाज की सामाजिक और राजनीतिक जागरूकता में भी अनदेखा किया गया।"

### राष्ट्रवादी विचारों से क्यों डर? पुस्तकों से जागती है देशभक्ति

राजेश खुराना ने अपने संबोधन में राष्ट्रवादी विचारधारा और ऐतिहासिक साहित्य के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अम्बेडकर जी की ह्यपाकिस्तान और द पार्टिशन ऑफ इंडियाह्न तथा ह्यथॉट्स ऑन पाकिस्तानह्न जैसी पुस्तकों को गंभीरता से पढ़ता है, उसके भीतर स्वतः ही राष्ट्र के प्रति समर्पण और देशभक्ति की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि इन पुस्तकों में न केवल भारत के विभाजन के ऐतिहासिक तथ्यों का विश्लेषण है, बल्कि उस दौर की सामाजिक और राजनीतिक सच्चाइयों का भी स्पष्ट चित्रण मिलता है। कुछ तत्वों द्वारा इन सच्चाइयों को दबाने के प्रयासों का भी उन्होंने उल्लेख किया।

# बंगाल की बदलती बयारः 2014 से शुरू हुआ सफर अब सत्ता परिवर्तन की दस्तक तक

### जनता के मूड में बदलाव–भारतीय जनता पार्टी का उभार और तृणमूल कांग्रेस की साख पर सवाल ,महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार और विकास की राजनीति–नरेंद्र मोदी के एजेंडे के सामने ममता बनर्जी की चुनौतियां गहराईं

चंदन चौरसिया,



पश्चिम बंगाल की राजनीति में 2014 का लोकसभा चुनाव केवल एक चुनावी परिणाम नहीं था, बल्कि एक नई राजनीतिक पटकथा की शुरूआत थी। लंबे समय तक वामपंथ और फिर तृणमूल कांग्रेस के प्रभाव में रहे इस राज्य में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने अपनी मौजूदगी को मजबूती से दर्ज कराया। यह वही दौर था जब राष्ट्रीय स्तर पर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, सुशासन और निर्णायक नेतृत्व का नया विमर्श उभर रहा था। बंगाल, जो कभी भाजपा के लिए सीमांत प्रदेश माना जाता था, धीरे-धीरे पार्टी के विस्तार का केंद्र बनता गया। 2014 में सीमित सीटों और वोट प्रतिशत से शुरू हुआ यह सफर 2019 तक आते-आते एक बड़े जनसमर्थन में बदल गया। यह बदलाव केवल चुनावी आंकड़ों का खेल नहीं था, बल्कि जनता के भीतर पनप रहे असंतोष का परिणाम था—एक ऐसा असंतोष जो भ्रष्टाचार, कट मनी, राजनीतिक हिंसा और प्रशासनिक पक्षपात के खिलाफ आकार ले रहा था। 2016 के विधानसभा चुनाव में भले ही भाजपा को सीमित सफलता मिली, लेकिन यहीं से संगठनात्मक मजबूती और जमीनी विस्तार की नींव रखी गई। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए बंगाल की राजनीति में खुद को मुख्य विपक्षी ताकत के रूप में स्थापित कर लिया। यह वह क्षण था जब तृणमूल कांग्रेस की पकड़ पहली बार कमजोर होती नजर आई। ममता सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप—चाहे वह शिक्षक भर्ती घोटाला हो, कोयला घोटाला हो या फिर कट मनी की संस्कृति—इन सभी ने जनता के विश्वास को झकझोर दिया। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भी सरकार लगातार सवालों के घेरे में रही। राज्य में बढ़ती घटनाओं ने यह संदेश दिया कि कानून व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ऐसे में भाजपा ने इन मुद्दों को न केवल राजनीतिक रूप से उठाया, बल्कि उन्हें जनआंदोलन का रूप देने में भी सफलता पाई। पार्टी के कार्यकताओं ने गांव-गांव तक पहुंच बनाकर यह नैरेटिव स्थापित किया कि बदलाव अब आवश्यक ही नहीं, बल्कि अपरिहार्य हो चुका है।

2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अभूतपूर्व बढ़त दर्ज की और यह स्पष्ट कर दिया कि बंगाल अब एकतरफा राजनीति का प्रदेश नहीं रहा। हालांकि सत्ता परिवर्तन उस समय संभव नहीं हो सका, लेकिन परिणामों ने यह संकेत दे दिया कि तृणमूल कांग्रेस की जमीन खिसक रही है। इसके बाद के वर्षों में स्थिति और अधिक बदली है। एक ओर जहां भाजपा ने अपने संगठन को और मजबूत किया, वहीं दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस आंतरिक कलह, भ्रष्टाचार के आरोपों और प्रशासनिक विफलताओं से जूझती रही। आज स्थिति यह है कि राज्य की जनता खुलकर बदलाव की बात कर रही है। युवा वर्ग रोजगार और पारदर्शिता की मांग कर रहा है, महिलाएं सुरक्षा और सम्मान चाहती हैं, और आम नागरिक एक ऐसी सरकार की उम्मीद कर रहे हैं जो विकास को प्राथमिकता दे। इस पूरे परिदृश्य में भारतीय जनता पार्टी एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर कर सामने आई है। 2024 के लोकसभा चुनाव और आने वाले विधानसभा चुनाव इस बात के संकेत दे रहे हैं कि बंगाल की राजनीति अब निर्णायक मोड़ पर खड़ी है—जहां एक ओर पुरानी व्यवस्था के प्रति नाराजगी है, वहीं दूसरी ओर नए नेतृत्व और नई सोच के प्रति उम्मीदें। अगर यही रुझान जारी रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब बंगाल की सत्ता में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा और भाजपा का यह लंबा संघर्ष अपने चरम पर पहुंचेगा।

## राशिफल/पंचांग

ज्योतिषाचार्य संजीत कुमार मिश्रा



दिनांक 10/04/2026 शुक्रवार

बैशाख कृष्णपक्ष अष्टमी, रात्रि 09:11 उपरांत नवमी,नक्षत्र,मूल,सुबह 08:48 उपरांत पूवार्षाढ़ा, सूर्यास्त :06:10 संध्या,चंद्रोदय :12:42 सुबह (10 अप्रेल 2026 ) चंद्रास्त : 10:19 सुबह,ऋतू बसंत,चौघडिया,दिन,चौघड़िया :शुभ 05:33 सुबह 07:07 सुबह,रोग 07:08 सुबह 08:42 सुबह,उद्वेग 08:42 सुबह 10:17 सुबह ,चर 10:17 सुबह 11:51 सुबह,लाभ 11:51 सुबह 01:26 दोपहर,अमृत 01:26 दोपहर 03:00 दोपहर,काल 03:00 दोपहर 04:35 संध्या,शुभ 04:35 संध्या 06:10 संध्या ,लगन :मीन,सुबह 05:51उपरांत मेष लगन,राहुकाल,दोपहर 01:26 से 03:00 दोपहर,अभिजित मुहूर्त,सुबह 11:26 सुबह से 12:16 दोपहर,दिशाशूल दक्षिण,यात्रा विचार :आज कही यात्रा पर जाने के पहले जीरा खाकर यात्रा करे लाभ होगा

### -- दैनिक राशिफल --

**मेष** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी।

**वृष** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है।

**मिथुन** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी।

**कर्क** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**सिंह** मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी।

**कन्या** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे।

**तुला** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

**वृश्चिक** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है।

**धनु** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी।

**मकर** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे।

**कुंभ** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे।

**मीन** व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें।